पूर्वोत्तर भारत का प्रथम हिंदी दैनिक

पूर्वांचल प्रहरी

गुवाहाटी, जोरहाट और लखीमपुर से प्रकाशित

www.pp.glpublications.in
30 स्वर्णिम सफर
शुक्रवार 12 अप्रैल 2019
गुवाहाटी
मूल्य : ₹ 8.00 पृष्ठ:12

संक्षिप्त

■ राजनाथ ने चेताया

केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि दंतेवाड़ा में विधायक भीमा मंडावी और जवानों की बस्तर में हुई शहादत को व्यर्थ नहीं जाने दिया जाएगा। इसके लिए जिम्मेदार नक्सलियों को माफ नहीं करेंगे।

■ सोनिया का पर्चा

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व यूपीए प्रमुख सोनिया गांधी ने आज रायबरेली संसदीय सीट से अपना नामांकन भर दिया और नरेंद्र मोदी को खुद को अजेय न समझने की हिदायत दी।

■ जुलियन असांजे गिरफ्तार

दुनिया भर के गोपनीय दस्तावेजों का खुलासा करने वाले संगठन विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे को इक्वाडोर के लंदन स्थित दूतावास से गिरफ्तार कर लिया गया।

(विस्तृत खबरें अंदर के पृष्ठों पर पढ़ें)

"विपक्ष डरा हुआ है, इसलिए लोगों को डराने में जुटा हुआ है।"

नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

लोस चुनाव/पहला चरण : असम में 67 प्रति. वोटिंग

वोट डालने के बाद अपनी स्याही लगी अंगुलियां दिखाते मुख्यमंत्री सर्वानंद सोनोवाल और पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई। अंतिम तस्वीर में दुलियाजान के एक मतदान केंद्र पर कतार में खड़ीं महिलाएं

■ तेजपुर में 70, कलियाबर में 64, जोरहाट में 72, डिब्रूगढ़ में 69 एवं लखीमपुर में 62 फीसदी मतदान ■ पिछली बार की अपेक्षा वोटिंग दर में गिरावट

गुवाहाटी/जोरहाट/डिब्रूगढ़/शिवसागर/तिनसुकिया/तेजपुर। देश के अन्य राज्यों के साथ ही असम के पांच संसदीय क्षेत्रों (तेजपुर, कलियाबर, जोरहाट, डिब्रूगढ़ व लखीमपुर) में आज बृहस्पतिवार को पहले चरण का मतदान संपन्न हो गया। इन सभी संसदीय क्षेत्रों में 41 प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटी में बंद हो गया। बृहस्पतिवार शाम 6 बजे तक चुनाव आयोग से प्राप्त तथ्य के अनुसार राज्य के इन पांच संसदीय क्षेत्रों में 67.4 प्रतिशत मतदान होने की खबर है। तेजपुर संसदीय क्षेत्र में 70 प्रतिशत, कलियाबर में 64 प्रतिशत, जोरहाट में 72 प्रतिशत, डिब्रूगढ़ में 69 प्रतिशत एवं लखीमपुर में 62 प्रतिशत मतदान होने की खबर है। गौरतलब है कि 2014 के ■ शेष पृष्ठ 11 पर

असम पुलिस का कमाल
चोरी के एक घंटे के भीतर ही कार बरामद

गुवाहाटी। अपराध और जुल्म पर अंकुश लगाने में सोशल मीडिया की भूमिका अहम है। इसलिए असम पुलिस इसका जमकर उपयोग कर रही है। ऐसे में इसके फायदे भी सामने आ रहे हैं। इसी कड़ी में आज राज्य पुलिस ने वाहन चोर गिरोह से एक कार को महज 57 मिनट में बरामद ■ शेष पृष्ठ 11 पर

सीएबी का विरोध कर रहे भाजपा प्रत्याशी ने दी पार्टी छोड़ने और खुदकुशी की धमकी

शिलांग। नागरिकता संशोधन विधेयक का विरोध अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अंदर भी जोर पकड़ने लगा है। मेघालय में पार्टी ■ शेष पृष्ठ 11 पर

82 फीसदी वोटिंग के साथ त्रिपुरा देश भर में टॉप पर

■ सात केंद्रीय मंत्रियों व तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों की किस्मत ईवीएम में बंद

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में आज कुल मिलाकर शांतिपूर्ण मतदान हुआ और त्रिपुरा में सबसे अधिक 81.8 फीसदी तथा पश्चिम बंगाल में 81 फीसदी मत डाले गए। उप चुनाव आयुक्त उमेश सिन्हा ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि 17वीं लोकसभा के पहले चरण के चुनाव में 18 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 91 सीटों के लिए मत डाले गए और जम्मू कश्मीर सहित सभी क्षेत्रों में मतदान कुल मिलाकर शांतिपूर्ण रहा। उन्होंने कहा कि कहीं से किसी भी तरह की बड़ी अप्रिय घटना की जानकारी नहीं मिली और मतदाताओं में मतदान के प्रति अच्छा उत्साह देखा गया। उन्होंने कहा कि आयोग को सभी सीटों से शाम पांच बजे तक ■ शेष पृष्ठ 11 पर

रिपुन ने वोट दिया कांग्रेस को, चला गया भाजपा को

गुवाहाटी। असम प्रदेश कांग्रेस समिति (एपीसीसी) के अध्यक्ष रिपुन बोरा ने आज कहा कि केंद्र और राज्य की सत्ताधारी भाजपा के नेतागण चुनाव आचार संहिता का सीधे उल्लंघन कर रहे हैं। प्रथम चरण के मतदान की पूर्व संध्या पर भाजपा की ओर से पैसा और शराब बांटी गयी। प्रदेश कांग्रेस ने इसकी शिकायत चुनाव आयोग और राज्य ■ शेष पृष्ठ 11 पर

सिलचर की चुनावी सभा में पीएम मोदी ने दोहराया
भाजपा सीएबी को पारित कराने को प्रतिबद्ध

■ असमिया भाषा, संस्कृति और पहचान को कोई क्षति न पहुंचने देने का आश्वासन
■ हर वर्ग व समुदाय के साथ किया जाएगा विचार-विमर्श
■ कांग्रेस पर लगाया गरीबों के मुंह से निवाला छीनकर चुनाव लड़ने का आरोप

सिलचर/रंगिया/मंगलदै। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद जैसे ही राजग सत्ता में वापसी करता है, ■ शेष पृष्ठ 11 पर

केंदुकोना की चुनावी रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ असम के वित्तमंत्री हिमंत विश्वशर्मा

गुवाहाटी और कोलकाता से जेट की कई उड़ानें निलंबित

मुंबई। संकटग्रस्त जेट एयरवेज ने बृहस्पतिवार को पूर्वी एवं पूर्वोत्तर भारत में अपने परिचालन को अनिश्चितकाल के लिए निलंबित कर दिया। एयरलाइन के महज 14 विमान ही अब परिचालन ■ शेष पृष्ठ 11 पर

चुनाव प्रचार अभियान के सिरमौर बने हिमंत

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्वोत्तर के प्रभारी राममाधव ने पिछले दिनों यह कहकर सबको चौंका दिया कि नार्थईस्ट डेमोक्रेटिक अलायंस (नेडा) के संयोजक डॉ. हिमंत विश्वशर्मा के पास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह से ज्यादा जिम्मेवारी है। इसलिए पार्टी हिमंत को खुद चुनाव लड़ने की जगह उन्हें पूर्वोत्तर के सभी राज्यों के नेडा में शामिल दलों के उम्मीदवारों को जिताने की जिम्मेवारी सौंपी है। राममाधव की यह टिप्पणी देशभर के प्रचार माध्यमों में जगह पाने में सफल रही। कुछ लोगों ने राममाधव की इस टिप्पणी को हिमंत के लिए महज सन्तावनामूलक माना। कारण कि इसके पूर्व डॉ. विश्वशर्मा के तेजपुर संसदीय सीट से चुनाव लड़ने की चर्चा थी, परंतु अंत समय में भाजपा ने उन्हें लोकसभा का टिकट नहीं दिया। पार्टी तेजपुर से उनके करीबी राज्य सरकार के मंत्री पल्लवलोचन दास को टिकट दिया। इसके बाद हिमंत संगठन की ओर से मिली जिम्मेवारी में लग गए। वे अब तक सौ से भी अधिक चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर चुके हैं। वे राज्य में आज संपन्न पांच संसदीय सीटों (तेजपुर, जोरहाट, कलियाबर, लखीमपुर और डिब्रुगढ़) के विभिन्न क्षेत्रों में रात-दिन एक करके चुनाव प्रचार अभियान को चलाया। उन्होंने कई- कई किलोमीटर तक पदयात्राएं कर मतदाताओं को भाजपा के ■ शेष पृष्ठ 11 पर

एपीएससी घोटाले के आरोपी राकेश गुप्ता का आत्मसमर्पण

गुवाहाटी। राज्यभर के प्रशासनिक जगत को हिला कर रख देने वाले असम लोक सेवा आयोग (एपीएससी) घोटाले के एक आरोपी राकेश गुप्ता ने आज गुरूवार को विशेष अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इस घोटाले में लिप्त ■ शेष पृष्ठ 11 पर

कलिमपोंग की चुनावी सभा में अमित शाह का एलान
फिर बनी भाजपा की सरकार तो हटेगी धारा 370, देश भर में लागू होगा एनआरसी

कलिमपोंग। भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि पार्टी सत्ता में वापस आने पर जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को हटा देगी और देशभर में नागरिकों के लिए राष्ट्रीय नागरिक पंजी लाएगी। बालाकोट हवाई हमले पर सवाल उठाने के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना करते हुए शाह ने कहा कि ये सिर्फ अल्पसंख्यकों को संतुष्ट करने के लिए है। उन्होंने उनसे कश्मीर में अलग प्रधानमंत्री की मांग ■ शेष पृष्ठ 11 पर

सोनोवाल का दावा, मोदी ही फिर बनेंगे पीएम

डिब्रूगढ़। राज्य के सीएम सर्वानंद सोनोवाल ने कहा है कि उन्हें पूरा विश्वास है कि फिर से नरेंद्र मोदी ही प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि असम सहित पूरे देश ने पहले से ही नरेंद्र मोदी को शांति, समृद्धि और विकास के लिए चुन लिया है। पिछले पांच साल में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों देखते हुए असम के लोग भाजपा को पिछली बार से ज्यादा सीटें देंग। सोनोवाल ने यह बयान डिब्रूगढ़ के साहित्य सभा भवन में ■ शेष पृष्ठ 11 पर

असम सरकार बांट रही गाय, चुनाव आयोग बिल्कुल अनजान

गुवाहाटी। असम सरकार ने मुख्यमंत्री ग्रामीण विकास योजना के तहत गायों के वितरण की मंजूरी दे दी और राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी को खबर तक नहीं है। राज्य चुनाव आयोग ने ऐसी किसी योजना की जानकारी होने से साफ इनकार किया है। दरअसल यह योजना पिछले हफ्ते ही 5 अप्रैल को लांच ■ शेष पृष्ठ 11 पर

ऑयल पाइपलाइन से बम बरामद सेना ने कराया सुरक्षित विस्फोट

दुलियाजान। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बीच आज बृहस्पतिवार को तिनसुकिया जिले के डिब्रूगढ़-तिनसुकिया सीमावर्ती तथा लंकासी पुलिसी चौकी के अंतर्गत मथला तिनाली में एक बम की बरामदगी से सनसनी व्याप्त ■ शेष पृष्ठ 11 पर

मोदी फेसबुक पर दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता, ट्रंप नंबर दो पर

न्यूयार्क। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फेसबुक के सर्वे में अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को पछाड़ कर दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता बन गये हैं। फेसबुक की ओर से कराये गये सर्वे में श्री मोदी को चार करोड़ 35 लाख लोगों ने उनका निजी ■ शेष पृष्ठ 11 पर

लोस चुनाव : कामरूप मेट्रो निर्वाचन जिले की चुनावी तैयारी पर साधारण पर्यवेक्षक व व्यय निरीक्षक की बैठक

गुवाहाटी। भारतीय निर्वाचन आयोग की ओर से 7 नंबर गुवाहाटी लोकसभा क्षेत्र के लिए साधारण पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सिद्धार्थ देवबर्मन एवं व्यय पर्यवेक्षक भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी एमसी ओमि निसेन ने आज कामरूप मेट्रो निर्वाचन जिले के जिला निर्वाचन अधिकारी तथा जिला उपायुक्त विश्वजित पेगु एवं गुवाहाटी पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार के अलावा चुनाव प्रक्रिया से जुड़े जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों के साथ एक बैठक की। इस बैठक में लोकसभा चुनाव से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में साधारण पर्यवेक्षक देवबर्मन ने लोकसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में जिला प्रशासन की ओर से गठित विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रभारी नॉडल अधिकारियों से प्रकोष्ठों के कामकाजों की प्रगति का जायजा लिया। साधारण पर्यवेक्षक ने आदर्श आचार संहिता व निर्वाचन व्यय प्रकोष्ठ के साथ फ्लाइंग स्क्वाड, स्टेटिक सर्विलेंस व वीडियो सर्विलेंस टीम के कामों का जायजा लिया। साधारण पर्यवेक्षक ने कामरूप मेट्रो निर्वाचन जिले रे अंतर्गत मतदान केंद्रों के साथ महिला प्रिजाइडिंग अधिकारी व पोलिंग अधिकारियों से पूरी तरह से संचालित होने वाले जिले के 60 मतदान केंद्रों के लिए प्रशासन की ओर से उठाए गए कदमों का जायजा लिया। इसी तरह दिव्यांग मतदाताओं के लिए प्रशासन की ओर से उठाई गई पहलों का जायजा लिया। इसके अलावा साधारण पर्यवेक्षक देवबर्मन ने निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े नॉडल एवं सेक्टर अधिकारियों के अलावा प्रिजाइडिंग व पोलिंग अधिकारियों के प्रशिक्षण, ईवीएम, वीवीपैट, परिवहन व्यवस्था व निर्वाचनी सामग्री वितरण आदि विषयों पर अधिकारियों से बातचीत की। साधारण पर्यवेक्षक ने गुवाहाटी के पुलिस कमिश्नर से सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से अधिक निष्ठा तथा जिम्मेदारी के साथ काम करने का आह्वान किया। बैठक में व्यय निरीक्षक निसेन ने राजनीतिक दलों व उम्मीदवारों के व्यय निरीक्षण के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की। जिला उपायुक्त पेगु ने बैठक की शुरुआत में लोकसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में कामरूप मेट्रो निर्वाचन जिले की ओर से उठाए गए कदमों का ब्योरा पेश किया। इस अवसर पर जिला विकास आयुक्त डॉ. विजया चौधरी, जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी कृष्णा बरुवा, अतिरिक्तगण क्रमश विद्युत विकास भागवती, रातुल पाठक, क्षितीश चंद्र पेगु, निवेदन दास पाटवारी, गुणजीत कश्यप, बिपुल दास एवं मनोज कुमार सिकरिया, निर्वाचन अधिकारी जिमली सैकिया काकति, राजस्व अधिकारीगण व कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। (प्रसं)

बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला उपायुक्त विश्वजीत पेगु एवं गुवाहाटी पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार के साथ उपस्थित अधिकारी व कर्मचारी

आज

● 2076 विक्रम संवत ● बसंत परिधावी ऋतु ● चैत्र मास ● शुक्ल पक्ष ● तिथि सप्तमी।

अमृत वाणी

समन पाप संताप सोक के।
प्रिय पालक परलोक लोक के॥
सचिव सुभट भूपति बिचार के।
कुंभज लोभ उदधि अपार के॥

– रामचरितमानस

पाप, संताप और शोक का नाश करने वाले तथा इस लोक और परलोक के प्रिय पालन करने वाले हैं। विचार (ज्ञान) रूपी राजा के शूरवीर मंत्री और लोभ रूपी अपार समुद्र के सोखने के लिए अगस्त्य मुनि है।

मौसम

तापमान
अधिकतम : 31°C
न्यूनतम : 19°C

पूर्वानुमान

कुछ हिस्सों में बादल छाए रहेंगे।

सितारे क्या कहते हैं?

पंचांग

वि.स. 2076, शक संवत् 1941, चैत्र मास, शुक्ल पक्ष, तिथि सप्तमी (दिन के 12.25 बजे तक), नक्षत्र आर्द्रा, योग अतिगंड, सूर्य उत्तरायण, ऋतु बसंत परिधावी नाम संवत्सर, दिनांक 12 अप्रैल, 2019, शुक्रवार। सूर्य-मीन, चंद्र-मिथुन, मंगल-वृष, बुध-मीन, गुरु-वृश्चिक, शुक्र-कुंभ, शनि-धनु, राहु-मिथुन व केतु-धनु राशि पर संचार करेंगे।

सूर्योदय : 5.03 बजे
सूर्यास्त : 5.44 बजे
राहुकाल : 10.30 से 12.00 बजे तक

ज्योतिषाचार्य महावीर तिवाड़ी (पारीक)
गुवाहाटी, मोबाइल : 97064-85689

आज का राशिफल

मेष : समय भाग्य के पक्ष में, आत्मिशक्ति से कार्यों में सफलता, धार्मिक-क्रियाकलापों की ओर अभिरुचि, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति, वरिष्ठजनों की सलाह मान्य।

वृषभ : अधूरे कार्य बनने की ओर, व्यावसायिक पक्ष में उन्नति, मौज-मस्ती के निमित्त व्यय, जिंदगी के लिए सुख के साधन उपलब्ध, इच्छित पद की प्राप्ति।

मिथुन : दिन शुभ, अभिलाषा की पूर्ति, वैमनस्यता का समापन, मनोरंजन की ओर प्रवृत्ति, आकस्मिक लाभ, मित्रों की गतिविधियों से राहत, आध्यात्म के प्रति रुचि।

कर्क : बहुप्रतीक्षित कार्यों में बाधा, स्वयं का निर्णय हानिकारक, क्रोध की अधिकता, भौतिक सुख में न्यूनता, अधीनस्थ सहयोगीजन से तनाव, कष्ट भी।

सिंह : आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में उन्नति, स्वजनों से विचार-विमर्श, वरिष्ठजनों की सलाह मान्य, शिक्षा में सफलता, कर्ज की निवृत्ति, शांति भी।

कन्या : विचाराधीन योजना को मूर्तरूप में परिणित, व्यक्तित्व का विकास, कठिनाइयों का निवारण, व्यावसायिक क्षेत्र में परिवर्तन, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि।

तुला : ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, आत्मविश्वास से महत्वपूर्ण सफलता, पठन-पाठन में रुचि, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर प्राप्त।

वृश्चिक : समय भाग्य के विपरीत, आर्थिक लेन-देन में जल्दीबाजी से नुकसान, लाभार्जन का मार्ग अवरुद्ध, राजकीय पक्ष से कष्ट, प्रतिभा का सदुपयोग करने से वंचित।

धनु : निराशा का समापन, नवउत्तरदायित्व का निर्वाह, मित्रों एवं परिजनों के माध्यम से बकाए रकम की प्राप्ति, प्रतिष्ठा में वृद्धि, यात्रा संतोषजनक।

मकर : विनियोजित धन का प्रतिफल आशानुकूल, जल्दबाजी में लिया गया निर्णय हितकर, सोचे हुए कार्य पूर्ण, शिक्षा में सफलता, शत्रु हानि पहुंचाने में विफल।

कुंभ : शारीरिक-मानसिक कष्ट में कमी, सुख के साधन, कुछेक समस्याओं का समाधान, जनकल्याणकारी भावना, श्रेष्ठजनों के संपर्क से अपेक्षित सहयोग।

मीन : आशा की पूर्ति में बाधा, मित्रों से मनमुटाव, भौतिक सुख में न्यूनता, लाभ में कमी, शंका-कुशंका से मतभेद, इच्छित पद की प्राप्ति में बाधा।

आज का इतिहास

1621 – सिख गुरु तेग बहादुर का जन्म।

1801 – विलियम क्रे को कलकत्ता (अब कोलकाता) के फोर्ट विलियम कॉलेज में बंगाली भाषा का प्रोफेसर नियुक्त किया गया।

1885 – मोहनजोदड़ो की खोज करने वाले प्रसिद्ध इतिहासकार राखलदास बनर्जी का जन्म हुआ।

1927 – ब्रिटिश कैबिनेट ने मतदान करने की आयु 21 वर्ष निर्धारित की।

1961 – सोवियत संघ ने पहले यूरी गैगरीन को अंतरिक्ष में भेजा।

1978 – भारतीय रेलवे के 125 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में देश की पहली डबल डेकर ट्रेन सिंहगढ़ एक्सप्रेस बाम्बे के विक्टोरिया टर्मिनल से पुणे तक चलाई गई।

संक्षिप्त

सीआरपीएफ ने लोस चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने पर दिया जोर

गुवाहाटी। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) को नोडल सुरक्षा एजेंसी नियुक्त किया गया है एवं महानिरीक्षक, केरिपुबल, पूर्वोत्तर सेक्टर को मेघालय व असम राज्य के लिए स्टेट फोर्स कॉर्डिनेटर नियुक्त किया है। लोक सभा चुनाव-2019 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण कराने के लिए, सुरक्षा-व्यवस्था, राज्य पुलिस व स्थानीय प्रशासन के मिलकर दुरुस्त की गई। इससे संबंधित प्रेक्षक व पुलिस प्रेक्षक को भी इस संबंध में सूचित किया गया। सभी बूथ कर्मचारी, सुरक्षा कर्मचारी संबंधित गंतव्य पर भेजे गए। पर्याप्त संख्या में मोबाईल, फ्लाइंग स्क्वाड की योजना तैयारी की गयी। महानिरीक्षक, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस ने असम राज्य के सभी मतदाताओं के राज्य में शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष लोकसभा चुनाव कराने के लिए अपील की।

पलटन बाजार से 3 लाख 10 हजार रुपए बरामद

गुवाहाटी। पलटन बाजार पुलिस ने आज गुरुवार को देर शाम एसएसटी व पुलिस की संयुक्त अभियान के तहत एक व्यक्ति के पास से नकद 3लाख 10 हजार रुपए बरामद किया। पुलिस का कहना है कि मालीगांव के रेलवे कॉलोनी निवासी शशांक देवनाथ नामक व्यक्ति मोटर साइकिल पर सवार होकर पलटन बाजार के रास्ते अपने घर जा रहा था। वही पलटन बाजार इलाके में तलाशी के लिए पुलिस ने उक्त देवनाथ नामक व्यक्ति के पास से नकद 3 लाख 10 हजार रुपए बरामद किया। वहीं पूछताछ के दौरान देवनाथ ने पुलिस को बताया कि वह एसबीआई के गीता नगर शाखा से यह रुपया निकाल कर अपने घर ले जा रहा था, हालांकि देवनाथ उक्त रुपए के बारे में अभी तक कोई भी जरूरीयात कागजात दिखाने में असफल रहे। फिलहाल पुलिस इस जांच पड़ताल में जूटी है कि उक्त रुपया किस लिए लाया गया था। (स्टा.रि)

बैंक के ग्राहक से लाखों रुपए की लूट

गुवाहाटी। नगर के वशिष्ठ थाना अंतर्गत बेलटला में आज गुरुवार को फिर एक बार लुट की घटना देखी गई। पुलिस सूत्रों द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार रमाकांत बसुमतारी नामक एक व्यक्ति भारतीय स्टेट बैंक के बेलटला शाखा से एक लाख रूपए नगद लेकर घर की ओर रवाना होते समय पल्सर बाइक पर सावर दो अज्ञात लुटेरों ने उनसे यह नगदी लुट ली। इस संदर्भ में रमाकांत बसुमतारी ने थाने में एक शिकायत दर्ज की है और इसी मामले के आधार पर पुलिस ने भारतीय दंड विधि 392 पर 582/19 पर एक मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस इस पर आगे की जांच कर रही है। (प्रसं)

एडुपैक्ड ने आईआईटी गुवाहाटी के छात्र को भेजा यूके

गुवाहाटी। अंडरग्रेजुएट रिसर्च एग्जेमिनेशन फॉर ओवरसीस इनेटर्नशिप के लिए सहयोग जताने वाले एडुपैकेड ने प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूर्वोत्तर के प्रतिभाशाली छात्रों को विदेशों में इनेटर्नशिप करने का अवसर प्रदान करवाने के उद्देश्य से इस बार भी एडुपैक्ड ने इसके चयन प्रक्रिया का आयोजन किया था। इसी पर खरा उतरते हुए इस बार यह अवसर आईआईटी गुवाहाटी के बी. डिजाइन के तृतीय वर्ष के छात्र कुनाल चौधरी को प्रदान किया गया, जिसके तहत वे जुन से शुरू होने वाले 8 सप्ताहों के इनेटर्नशिप के लिए लिड्स, यूनाइटेड किंगडम जाएंगे। इस मौके पर एडुपैक्ड के सीईओ प्रकाश सिंह ने बताया कि इसके चयन के लिए दो श्रणों में परिक्षाएं रखी गई थी, जिसमें एक लिखित परिक्षा और साक्षात्कार शामिल थे। इसी के बीच कई आवेदनकारी छात्रों के बीच कुनाल चौधरी का चयन किया गया। इस दौरान उनको आईआईटी गुवाहाटी के निदेशक की उपस्थिती में एडुपैक्ड के सीईओ प्रकाश सिंह ने ऑफर लेटर प्रदान किया। बताते चले कि वर्ष 2016 में स्थापित एडुपैक्ड ग्रीष्म ऋतु के अवधि के विदेशों में अनुसंधान के अवसर प्रदान करता है। इसके जरीए मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अधिन चले शिक्षण संस्थाओं से छात्रों का चयन किया जाता है। (प्रसं)

आरपीएफ ने वर्ष 2018 में 708 छोटे बच्चे उद्धार किए

मालीगांव। पूर्वी रेल के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने जनवरी से दिसंबर, 2018 के दौरान रेलवे परिसर यानी स्टेशनों/ट्रेनों से असामाजिक तत्वों की चंगुल में फंसने से 708 छोटे बच्चों को सफलतापूर्वक उद्धार किया। आरपीएफ द्वारा 20 मानव तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया, जो इस अवधि के दौरान छोटे लड़के/लड़कियों का तस्करी कर रहे थे। इस अवधि के दौरान और 75 लोगों को भी बचाया गया, इस तरह कुल 783 लोगों का उद्धार किया गया। इनमें से 428 लड़के 18 वर्ष से कम उम्र के थे, 280 लड़कियां 18 वर्ष से कम उम्र की थीं, 30 लड़के 18 वर्ष से अधिक तथा 45 लड़कियों की उम्र 18 वर्ष से अधिक थी। जबकि उद्धार किए गए 410 लोगों को विभिन्न एनजीओ को सुपुर्द किया गया, 233 अल्प वयस्कों को उनके संबंधित अभिभावकों को सौंप दिया गया। शेष बचे हुए लोगों को कानून के अनुसार आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित जीआरपी/पुलिस के हाथों सौंप दिया गया। वर्तमान वर्ष में अब तक आरपीएफ द्वारा रेलवे परिसर से 165 व्यक्तियों का उद्धार किया गया, जिनमें 148 नाबालिग शामिल हैं। इस अवधि के दौरान आरपीएफ द्वारा 4 मानव तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया। गत 1 अप्रैल 2019 से 7 अप्रैल 2019 तक की अवधि के दौरान आरपीएफ ने विभिन्न स्टेशनों/ट्रेनों से 14 नाबालिग लड़कों एवं लड़कियों का उद्धार कर उनके संबंधित अभिभावकों/एनजीओ को सुपुर्द कर दिया। यह उल्लेखनीय है कि आरपीएफ घर से भागे हुए बच्चों के साथ मानव तस्करों की चंगुल में फंसे बच्चों को भी सफलतापूर्वक उद्धार कर रहे हैं और तस्करों को भी गिरफ्तार कर रहे हैं। उद्धार किए गए बच्चों को सामान्यत: उनके अभिभावकों अथवा चाइल्ड लाइन जैसे विभिन्न एनजीओ को सौंप देते हैं। आरपीएफ के विभिन्न दस्ते इस तरह के मामलों पर रोक लगाने के लिए, नियमित रूप से रेलवे परिसरों की जांच करते हैं। यह ज्ञात है कि बच्चों एवं महिलाओं को देश के दूसरे हिस्से में भगा ले जाने के लिए तस्करों का दल अंचल में काफी सक्रिय है। गिरफ्तार किए गए तस्करों को समुचित कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित जीआरपी/पुलिस को सौंप दिए जाते हैं। इस आशय की जानकारी मुख्य जन संपर्क अधिकारी द्वारा यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी गई।

बच्चे को गलत इशारा करने वाला गया जेल

गुवाहाटी। नगर के पलटन बाजार थानाअंतर्गत बीके काकती रोड स्थित डीजीपी मुख्यालय के पास से रविंद्र राय(40) नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। जिसे बाद में पुलिस ने न्यायालय में पेश किया। जिसके बाद न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार उक्त व्यक्ति एक चार साल के बच्चे को गलत इशारा कर रहा था। इसके बाद इसकी जानकारी पलटन बाजार पुलिस मिली जिसके बाद पुलिस ने राय उपाधीधारी व्यक्ति को अपने कब्जे में लिया। (स्टा.रि)

गुवाहाटी : जीएस रोड स्थित भांगागढ़ फ्लाईओवर में बृहस्पतिबार को भंयकर ट्रैफिक जाम से लोग परेशान

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रंजीत दास ने किया दावा–

पांचों सीट पर मिलेगी जीत

गुवाहाटी। लोकसभा चुनाव में पहले चरण के मतदान को बेहद उत्साहवर्द्धक बताते हुए प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आज गुरुवार को कहा कि लोग जुनून और जज्बे के साथ मतदान किए जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परिश्रम और कामकाज के लिए है और भाजपा एवं अगप गठबंधन प्रत्याशी के लिए अच्छा संकेत है। दास ने कहा कि पांच सीटों पर अभी तक जिस जुनून और जज्बे के साथ लोगों ने मतदान में भाग लिया है, वह हमारे लिए बेहद अच्छा संकेत है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार लोग अपने-अपने घरों से निकल कर बाहर आए और मतदान किए उससे साफ लगता है कि प्रदेश की जनता ने मोदी के नेतृत्व पूरा भरोसा की है। उन्होंने कहा कि आज लोकसभा चुनाव के पहले चरण में कार्यकर्ताओं से जो जानकारी मिली है, उससे साफ होता है कि शांतिपूर्ण और गठबंधन के पक्ष में मतदान हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य की तेजपुर, कलियाबोर, जोरहाट, डिब्रूगढ़ और लखीमपुर सीटों पर एनडीए की जीत होगी। दास ने पांचों लोकसभा क्षेत्र के लोगों को भाजपा गठबंधन को समर्थन देने के लिए आभार प्रकट किया। (कासं)

बोलेरो वाहन से 14 कार्टून शराब जब्त

गुवाहाटी। अबकारी विभाग के फ्लाइंग स्क्वॉयड टीम ने गत कल रात मालीगांव में अभियान चलाया। इस अभियान के तहत मालीगांव के रेलवे गेट नं 1 के पास से एक बोलेरो वाहन (एएस-01 एलसी 0125) से 14 कार्टून शराब को जप्त किया। इसका बाजार मूल्य 60 लाख रूपए आंकि गई है। इसके बाद विभाग ने उक्त वाहन के चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर हिरासत में लिया है। (स्टा.रि)

विश्वनाथ की घटना के शिकार अली की उन्नत चिकित्सा व क्षतिपूर्ति की मांग

गुवाहाटी। असम के शोनितपुर जिले के विश्वनाथ चाराली में घटित घटना को जमात -ए- इस्लामी हिंद पूर्वोत्तर मंडल ने बर्बर कांड करार देते हुए इस घटना के शिकार शौकत अली को उन्नत चिकित्सा, क्षतिपूर्ति, परिवार वालो को सुरक्षा, इस घटना की जांच, दोषी को सजा देने की मांग की है। इस आशय की बातें आज गुवाहाटी प्रेस क्लब में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में हिंद के मीडिया प्रभारी शफिकुल इस्लाम ने दी। उन्होंने इस घटना को अमानविय व आमलोगों में जन आक्रोश को बढ़ावा देने वाला घटना बताया। उन्होंने कहा कि जिस समय अली को पुलिस ने अपने कब्जे में लिया उसी समय इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करना चाहिए था पर पुलिस ने रात भर अपने हिरासत में रखने के बाद उसे अस्पताल में भर्ति करवाई। वही इस अवसर पर अनवर हुसैन ने कहा कि कुछ राजनीतिक दल चुनाव के पहले अपना हित साधने के लिए इस तरह के कार्यों में संलिप्त होकर राज्य में अशांति फैलाना चाहते है। इस अवसर पर हिंद के अध्यक्ष अब्दुल रशीद ने भी अपने विचार व्यक्त किए। (स्टा.रि)

चैती छठ : अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित

गुवाहाटी : चैती छठ के उपलक्ष्य में फैंसी बाजार स्थित ब्रह्मपुत्र नद के घाट पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देती छठ व्रतधारी। दूसरे चित्र में बशिष्ठ में छठ व्रतधारियों की भीड़ फोटो : महेश/श्याम सिंह

गुवाहाटी लोकसभा सीट के उम्मीदवार क्वीन ओजा घाट पर उपस्थित होकर श्रद्धालुओं के बीच खड़े होकर छठ मैया से प्रार्थना की फोटो : संपत

गुवाहाटी। चैती छठ महापर्व के अवसर पर नगर के छठ घाटों पर सैकड़ों श्रद्धालु-भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस अवसर पर नगर के फैंसी बाजार स्थित शुक्रेश्वर घाट, वशिष्ठ घाट, उजान बाजार छठ घाट के साथ ही अन्य छठ घाट पर छठ मैया का पारंपरिक गीत *केरवा जे फरेला घवद से.....* के साथ ही अन्य छठ गीतों से गूंज उठा। सभी के कष्ट निवारण के साथ ही सुख, शांति, समृद्धि के साथ ही संतति लाभ के लिए किया जानेवाला इस महापर्व के अवसर पर आज गुरूवार को नगरवासी जातिभेद से अलग होकर छठ घाट पर दिखे। अमीर-गरीब तथा ऊंच-नीच का भेद-भाव भूलाकर सभी व्रतधारी तथा श्रद्धालु भक्त एक घाट पर एकत्रित हुए। छठ घाटों पर व्रतधारियों व श्रद्धालु भक्तों की बढ़ती तादात से यह अनुमान लगाया जा सकता है कि दिनों-दिनों इस चैती छठ महापर्व के प्रति भी लोगों का आस्था तथा विश्वास बढ़ रहा है जिसके कारण आज इस व्रत को करने वालों में अन्य भाषा-भाषी पालन कर रहे हैं तथा मिलजुल कर सहयोग के लिए आगे आ रहे है। नए-नए कपड़े पहनकर माथे पर डाला लेकर गाजे-बाजे के साथ सपरिवार छठ घाट पहुंचे। व्रतधारी तथा श्रद्धालु भक्त हाथों में धुप व अगरवत्ती लेकर जल में खड़े होकर भगवान भास्कर के अस्त होने का इंतजार करते दिखे। सभी व्रतधारी अस्ताचलगामी सूर्यदेव के कोल (केला) सेव, संतरा, सरिफा, अंगूर, अनार के साथ ही अन्य फल, मिठाई तथा ठेकुवा पकवान से अर्घ्य अर्पित किए। इसेक बाद अपने घर वापस आए। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्वोत्तर हिंदुस्तानी युवक समाज की ओर से शुक्रेश्वर घाट पर छठ पूजा का आयोजन किया गया था। आचार्य के रूप में उपस्थित पंडित प्रभूनाथ पाण्डेय ने पंचांग के अनुसार 5.44 मिनट पर भगवान के भास्कर के अस्त होने के समय भास्कराय नमः, सूर्याय नमः के साथ भगवान भास्कर को अन्य नामों से ही वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ अर्घ्य अर्पित करवाया तथा छठ मैया के महिमा पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर समाज की ओर से व्रतधारियों की सुविधा के लिए विभिन्न तरह की व्यवस्था की गई थी। आज इस अवसर पर छठ पूजा आयोजन कमेटी के सभी सदस्य सक्रिय दिखे। वहीं दूसरी ओर वशिष्ठ छठपूजा सेवा समिति की ओर से वशिष्ठ घाट पर छठ महापर्व के अवसर पर उपस्थित व्रतधारियों नें श्रद्धा व भक्ति भाव से सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित किया। **(स्टा.रि)**

शुक्रेश्वर घाट पर क्वीन ओजा ने भगवान भास्कर से मांगी विजय की आशीष

गुवाहाटी(बलदेव पाण्डेय)। लोक आस्था का महापर्व चैती छठ के अवसर पर गुवाहाटी लोक सभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार क्वीन ओजा गुवाहाटी के ब्रह्मपुत्र घाट पहुंची। इस अवसर पर उन्होंने भगवान भास्कर के साथ व्रतधारियों से चुनाव में विजय का आशिष मांगा। छठघाट पर पूर्वोत्तर हिंदुस्तानी युवक समाज की ओर से सम्मानित किया गया। उन्होंने छठघाट पर उपस्थित हिंदी भाषी लोगो को अपनी वातों से आकर्षित करने के लिए हिंदी में संबोधन करते हुए कहा कि अगर मैं लोक सभा चुनाव जिती तो संसद में हिंदी भाषी लोगों के समास्या समाधान तथा हित के लिए आवाज उठाउंगी।

अब फुटपाथी दुकानदारों की खैर नहीं

फैंसीबाजार के एसएस रोड के व्यापारियों पर चला डंडा, बिहू बाजार पड़ा ठंडा

गुवाहाटी। शहर में सड़क तथा फुटपाथों पर अतिक्रमण कर बाजार चलाने वालों की अब खैर नहीं है। अतिक्रमणकारियों पर प्रशासन ने सख्त रूख अख्तियार करना शुरू कर दिया है। शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने को लेकर अतिक्रमण हटाने को लेकर चलाया जा रहा अभियान लगातार जारी है। हालांकि कानून का डंडा दिखाने की वजह से फैंसीबाजार एसएस रोड फुटपाथ और सड़क पर दुकान लगाकर अपने पेट की ज्वाला बुझाने वालों के सामने भारी समस्या पैदा हो गई है। उनका बिहू बाजार ठंडा पड़ गया है। उल्लेखनीय है कि फैंसी बाजार की एसएस रोड पर वर्षों से कपड़े का बाजार लगाया जाता है। पिछले वर्ष इस सड़क पर लगी दुकानों को सड़क पर अतिक्रमण बताकर गुवाहाटी हाई कोर्ट ने यहां से बाजार हटाने का निर्देश दे चुका है। जिसके बाद से लेकर लगातार चलाए जा रहे अभियान से इन फुटपाथी व्यापारियों के सामने रोजी-रोटी की समस्या खड़ी हो गई है। फुटपाथी व्यापारी विजय राय ने **पूर्वांचल प्रहरी** को बताया कि यहां सौ से अधिक लोग सड़क के किनारे कपड़े की दुकान लगा कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। हम लोगों को हटाने का फरमान जारी किया गया था। ऐसे में बाजार समिति की ओर से सही जगह देने की मांग की मांग गई, किंतु समिति ने इसकी अनदेखी कर दी। राय ने बताया कि जीएमसी मार्केट के ऊपरी तल्ले पर दुकान लगाने की जगह देने की पेशकश की गई थी, लेकिन बाजार नहीं चलने की आशंका को ध्यान में रखकर बाजार समिति ने वहां नहीं जाने का फैसला सुनाया था, जिसके बाद गुवाहाटी नगर निगम(जीएमसी) प्रशासन दुकान देने की बजाए लगाता अभियान चला रखा है। सपन बसु ने बताया कि बाजार में दुकान लगाए जाने के साथ ही जीएमसी पुलिस आकर दुकान के कपड़े लेकर चली जाती है। कई बार वह लाठी बरसाने लगती है। उन्होंने बताया कि हम लोगों ने रोड के एक किनारे बैठकर बाजार लगाना चाहते हैं,जबकि पुलिस कोर्ट का हवाला देकर दुकानों को उठा रही है। कपड़ा व्यापारी सुकुमल देव का कहना है कि कानूनी डंडे से बिहू का बाजार ठंडा हो गया है। लोग यहां भारी संख्या में कम दाम के कपड़े खरीदने आते हैं, लेकिन प्रशासन के नकारात्मक रवैये के कारण हम लोग दुकान नहीं लगा पाते हैं जिससे बिहू के बाजार पर पानी फिर गया है। वहीं जीएमसी सुरक्षाकर्मी से पूछने पर उसने कहा कि हम कोर्ट के निर्देश का पालन कर रहे हैं। अगर निकट भविष्य में कोर्ट इन व्यापारियों को सड़क पर दुकान लगाने का आदेश देती है तो हमें किसी प्रकार की दिक्कत नहीं है, लेकिन जब तक इसे खाली करने का निर्देश जारी है तो इनके खिलाफ अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी रहेगा। उल्लेखनीय है कि भुक्तभोगी दुकानदारों में पुलिस तथा जीएमसी की ओर से की गई कार्रवाई को लेकर हड़कंप मचा हुआ है। **(कासं)**

शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए प्रशासन ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

कामाख्याधाम में बासंती पूजा का आयोजन

गुवाहाटी। नीलाचल पहाड़ स्थित शक्ति पीठ कामाख्या धाम में नवरात्रि के अवसर पर बसंती पूजा का आयोजन किया गया। इस संदर्भ में मंदिर के कपाट खोलने और बंद करने की समय सूची में व्यापक परिवर्तन किया गया है। बासंती पूजा आगामी शुक्रवार से शुरू हो रहा है। इस अवसर पर सप्तमी के दिन अर्थात शुक्रवार सुबह 9 बजे मंदिर का कपाट खोला जाएगा और सूर्यास्त के बाद मां को भोग निवेदन के बाद आरती पूजा का समापन होगा। शनिवार अष्टमी पूजा के दिन भी सुबह 9,30 बजे मंदिर का कपाट खोला जाएगा और सूर्यास्त के बाद भोग निवेदन करने के बाद आरती पूजा समापन होगा। कामाख्या देवालय दलै ने इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि रविवार नवमी के दिन सुबह 8.30 बजे मंदिर का कपाट खुलेगी। सूर्यास्त के बाद मां को भोग और आरती के बाद पूजा संपन्न होगा। **(एसं)**

नव जागृति क्लब ने बी बरुवा कैंसर अस्पताल में बांटी खाद्य सामग्री

मरीजों के बीच खाद्य वितरण के दौरान नव जागृति क्लब की सदस्याएं

गुवाहाटी। नव जागृति क्लब द्वारा शहर के बी बरुवा कैंसर अस्पताल में मरीजों के बीच खाना वितरित किया गया। यह कार्यक्रम क्लब की अध्यक्ष सिल्की चौधरी, उपाध्यक्ष सपना सिंघल और उस-सचिव नेहा अग्रवाल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में अक्षय पात्र का विशेष सहयोग रहा। क्लब की अध्यक्ष सिल्की चौधरी ने बताया कि कैंसर अस्पताल में इस तरह की आयोजन क्लब द्वारा पहली बार किया गया और जिस तरह के आनंद की अनुभूति हमने की है, हम आगे भी इस तरह के कार्यक्रम करते रहेंगे। मालूम हो कि इस क्लब ने पहले भी इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन कर चुका है। इस आशय की जानकारी क्लब की सचिव नीतिशा बेड़िया द्वारा यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है।

श्री राम कथा के दूसरे दिन उमड़ी भक्तों की भीड़

गुवाहाटी। श्री राम कथा के आज दूसरे दिन पूजन अर्चना के मुख्य जजमान के रूप में संजय सिंघल, प्रमोद सिंघल, महेंद्र गोयल अशोक आदमपुरिया, सतपाल सिंगला ने सपत्नी पूजा करवाई। हरिद्वार से पधारे राष्ट्रीय संत श्री नवराज प्रपन्नजी महाराज ने कथा का ममत्व समझाते हुए कहा कि लोग अपने व्यस्ततम जीवन में इतने व्यस्त हो गए हैं कि ईश्वर के लिए समय ही नहीं है, भगवान के लिए अवश्य वक्त निकालिए, वह भी पूरे भाव के साथ। हनुमान चालीसा अगर पूरा न भी पढ़ सके तो कोई बात नहीं अगर रोज चार पंक्तियां भी भाव से पढ़ लिए तो पूर्ण हनुमान चालीसा का फल मिलता है। इसी भाव से तुलसीदास जी ने हनुमान को पाया और श्री रघुवीर के दर्शन प्राप्त किए और इतने महान ग्रंथ को लिख पाना संभव हुआ। ईश्वर प्राप्ति के लिए बुढ़ापे तक इंतजार न करे। जैसे ईश्वर को मुरझाये फूल अर्पित नहीं किए जाते हैं, ठीक वैसे ही युवावस्था में ही अच्छे आचरण व अच्छे कर्मों से ईश्वर को प्राप्त कर सकते हैं। आज दूसरे दिन भक्तों की भीड़ काफी संख्या में जुटी। इस आशय की जानकारी देते हुए मनमोहन शर्मा ने बताया कि राजस्थान से आए कलाकरों ने ब्रह्मा, विष्णु, लक्ष्मी, महेश पार्वती सहित विभिन्न प्रकार की झाँकियों का बहुत सुंदर चित्रण किया। ब्रह्माजी बिल्कुल विष्णु की नाभि से उत्पन्न हवा में लहराते हुए दिखे। **(सिरि)**

श्री हनुमान जयंती महोत्सव की तैयारियां जोरों पर

असमिया गामोछा से बनाई गई पोशाक का अनावरण किया गया

गुवाहाटी। श्री हनुमान जयंती महोत्सव समिति गला पट्टी के तत्वाधान में 19 अप्रैल को आयोजित होने वाले महोत्सव कि भव्य तैयारियां जोरो से चल रही है। इसी कड़ी में आज समिति द्वारा सदस्यों के लिए असमिया संस्कृति की पहचान असमिया गमछा से बनाई गई पोशाक का अनावरण समिति के संरक्षक वह उद्योगपति विनोद छावछरीया द्वारा अनावरण किया। मालूम हो कि समिति द्वारा पंचांग का प्रकाशन, फैंसी बाजार के साथ ही एटी रोड मैं सभी बिल्डिंगों में विद्युत लाइट एवं मंदिर में रंग रोगन का काम व शोभायात्रा को विशेष आकर्षण देने के लिए समिति के सभी सदस्य लगे हुए हैं। भजन संध्या में मुंबई की जानी मानी बॉलीवुड गायिका साधना सरगम के साथी अन्य कई कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। **(सिरि)**

संक्षिप्त खबरें

तिनसुकिया में चीनी मूल के मतदाताओं ने भी किया मताधिकार का प्रयोग

तिनसुकिया। तिनसुकिया जिले के कई हिस्सों में अर्से से बसे चीनी मूल के लोगों ने भी आज अपने मताधिकार का प्रयोग किया। गौरतलब है कि भारत के चाय बागानों में काम करने के लिए अंग्रेज चीन से मजदूर लाये थे। जल्द ही ये कामगार यहां की फिजा में घुलमिल गये और कई लोगों ने यहीं की महिलाओं से शादियां भी कर लीं। वे खुद को हिंदुस्तानी समझते हैं और कोई चुनाव ऐसा नहीं गुजरा जिसमें उन्होने वोट नहीं दिया हो। अकादमी पुरस्कार विजेता रीता चौधरी ने बताया कि 1962 के चीन युद्ध समय इन लोगों को इस डर से राजस्थान में देवली भेज दिया गया कि वे कहीं किसी तरह की जासूसी में शामिल न हो जाएं। उन्होंने इस विषय पर एक उपन्यास मकाम भी लिखा है। बाद में इनमें से अधिकतर लोग माकुम, डिगबोई, पानीतोला और तिनसुकिया में बस गए। उनके नाम राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) में दर्ज हैं। तिनसुकिया के चीना पट्टी इलाके में रेस्त्रां चलाने वाले जॉन वांग (60) की मां ली सू चेन अब 90 बरस की हैं और इस समुदाय की सबसे वृद्ध मतदाता है। जॉन ने बताया, मेरा भतीजा राजीव गोगोई, मुंबई में काम करता है और वह वोट डालने अवश्य आता है। सामाजिक कार्यकर्ता अखिल चंद्र बरुवा ने कहा कि माकुम में 16 असमिया चीनी परिवार हैं और लोगों की संख्या करीब 30 हैं। राज्य में 50 से कम चीनी परिवार हैं। माकुम इलाका डिब्रूगढ़ लोकसभा संसदीय सीट के अंतर्गत आता है और यहां आज वोट डाला गया। **(प्रहरी डेस्क)**

गोलाघाट में मतदान केंद्र देखकर पोलिंग अधिकारी हुए परेशान

गोलाघाट। गोलाघाट नगर के बीचोंबीच स्थित एक मतदान केंद्र आज उस वक्त अजीबोगरीब स्थित पैदा हो गई, जब पोलिंग व प्रिजाइडिंग अधिकारी और अन्य कर्मचारी, सुरक्षाकर्मी केंद्र में मूलभूत सुविधाएं न देख कर दंग रह गए। नगर के बीचोंबीच स्थित हिंदी विद्यालय के विद्यालय भवन बाहर से देखने में आकर्षक है, भीतर से उतने ही खोखला है। जानकारी के अनुसार मतदान केंद्र के आगे वर्षा का पानी आदि जमा है। वहीं जंगली झाड़ भी है। इस दौरान अधिकारी और कर्मियों को स्वंय ही कमरे आदि की साफई करनी पड़ी। लगभग चार हजार वोटर कल इस केंद्र पर मतदान करेंगे। इस मतदान केंद्र में न बिजली की सुविधा है, न पेयजल की और न ही शौचालय की उचित व्यवस्था है।देखरेख की अभाव में भवन की हालात भी ठीक नहीं है। प्रिजाइडिंग अधिकारी प्रदीप बोरा और पोलिंग अधिकारी रुद्र कांत केउट ने विद्यालय की इस तरह के हालत पर कहा कि गांव के स्कूलों की हालत भी इस से ठीक है। ऐसी स्थिति में कल वोट डालने वालों को भी परेशानी झेलनी पड़ेगी। अधिकारियों ने इसकी शिकायत भी की है, पर समाचार लिखे जाने तक कोई जवाब नहीं मिला था। मालूम हो हिंदी विद्यालय नगर का काफी पुराना विद्यालय है। वर्तमान में देखरेख सही तरीके से नहीं होने के कारण हालत दयनीय है। **(प्रहरी डेस्क)**

चबुवा के विधायक ने किया बड़ी जीत का दावा

चबुवा। लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान केंद्र पर मतदान करने के बाद चबुवा के विधायक विनोद हजारिका ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए चबुवा विधानसभा क्षेत्र में मतदान को लेकर लोगों के उत्साह पर संतोष जताते हुए मतदाताओं का धन्यवाद ज्ञापन किया। हजारिका ने इस बार भी भाजपा की भारी जीत का दावा करते हुए कहा कि राज्य के बारह लोकसभा सीट पर भाजपा की विजयी निश्चित है। उन्होंने चुनाव में नागरिकता संशोधन विधेयक के मुद्दे का कोई प्रभाव न पड़ने की बात कही। इस विधेयक को लेकर आंदोलन करने वाले विभिन्न दल-संगठन के कई नेता विधेयक की बारीकियां समझने के बाद भाजपा में शामिल हो चुके हैं। **(निसं)**

मतदान प्रक्रिया को फेसबुक पर लाइव करने वाला युवक गिरफ्तार

शिवसागर। शिवसागर जिले के डिमौ में एक मतदान केंद्र से पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सैयद अली नामक युवक को मतदान प्रक्रिया को फेसबुक पर लाइव करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पहले चरण के मतदान के दौरान जिले के डिमौ मतदान केंद्र की सारी प्रक्रिया को सैयद अली अपने फेसबुक पेज के जरिए लाइव कर रहा था। घटना की खबर मिलते ही पुलिस ने सैयद अली को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। **(निसं)**

दुलियाजन के दो प्रतिष्ठानों में चोरों ने किया चोरी का नाकाम प्रयास

दुलियाजान। दुलियाजान थानांतर्गत डेली बाजार स्थित दो दुकानों में कल रात चोरों के दल ने प्रतिष्ठान के ऊपर का टीना काटकर चोरी की घटना को अंजाम देने का नाकाम प्रयास किया। जानकारी के अनुसार कल देर रात चोरों ने डेली बाजार स्थित डब्लूएमसी नामक वाइन शॉप और डीके फार्मेसी नामक दो दुकानों के ऊपर का टीना काटकर दुकान के अंदर घुसे। लेकिन चोरी की वारदात को अंजाम देने में नाकाम रहे। बताया जाता है कि डीके फार्मेसी नामक दुकान में कुछ खुचरा पैसा की ही चोरी कर पाए और फरार हो गए। घटना की सूचना पाकर पुलिस ने स्थिति का जायजा लिया। लेकिन दुकानदारों के तरफ से थाने में कोई मामला दर्ज नही कराया गया। **(निसं)**

तिताबर में 65 प्रतिशत मतदान

तिताबर। पहले चरण के तहत लोकसभा चुनाव का मददान आज तिताबर में भी शांतिपूर्ण रहा। क्षेत्र के आज 65 प्रतिशत मतदाताओं ने समाचार लिखे जाने तक अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। जोरहाट लोगसभा चुनाव के अंतर तिताबर में कुल तीन केंद्रों पर ईवीएम मशीन में गड़बड़ी के कारण मतदान देर से शुरू हुआ। जानकारी के अनुसार तिताबर के बेकाजान 112 नंबर केंद्र में सुबह सात बजे ईवीएम मशीन बंद हो गया। इसके बाद गिराजान और तिताबर के लालउंग में भी ईवीएम मशीन में खराबी आ गई, जिसके कारण कुछ समय तक बोटिंग बंद रहा। वहीं दूसरी ओर तिताबर महकमा प्रशासन द्वारा मतदान केंद्रों पर नियोजित अधिकारी व कर्मचारियों को खराब भोजन देने का आरोप भी लगा है। **(निसं)**

तिनसुकिया : जागुन के पोरबोलीपुर प्राथमिक विद्यालय मतदान केंद्र पर वरिष्ठ नागरिकों को गाइड करते स्कॉउट एंड गाइड के विद्यार्थी।

▸▸ मैदान में उतरे आठ उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में बंद ▸▸ कछारीपुरिया में देर रात तक चला मतदान ▸▸ फर्स्ट टाइम वोटरों में दिखा उत्साह

जोरहाट लोस सीट पर भारी संख्या में मतदाताओं ने डाले वोट

जोरहाट संसदीय क्षेत्र में हुए मतदान के बाद बाहर आने पर स्याही लगीं उगलियां दिखाते कांग्रेस उम्मीदवार सुशांत बरगोहाईं व भाजपा उम्मीदवार तपन गोगोई । साथ में मतदान के अन्य दृश्य।

जोरहाट। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में आज हुए मतदान के दौरान भारी संख्या में मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपने पसंदीदा उम्मीदवार व दल को अपना बहुमूल्य वोट दिया। जोरहाट लोकसभा सीट के अंतर्गत कुल 1754 मतदान केंद्रों में सुबह से ही मतदाताओं की भारी भीड़ देखी गई। लोकसभा सीट के अंतर्गत दस विधानसभा क्षेत्रों में कुल 74.87 प्रतिशत मतदान हुआ। समाचार लिखे जाने तक जोरहाट क्षेत्र में 75 प्रतिशत, टियोक में 71.21, थावरा में 74.41, आमगुड़ी में 75.16, शिवसागर में 73.65, तिताबर में 74.68, मरियानी में 75.47, सोनारी में 73.45, माहमारा में 76.66 और नाजिरा में 73 प्रतिशत मतदान होने की जानकारी मिली है। इस बीच लोकसभा सीट के अंतर्गत कई मतदान केंद्रों पर देर शाम तक हुई मतदान प्रक्रिया के बाद मतदान का कुल प्रतिशत 80 प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना है। मतदान के दौरान जोरहाट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जोरहाट महाविद्यालय में स्थापित ईवीएम मशीन में हुई खराबी के कारण लगभग दो घंटे बाद सुबह नौ बजे के बाद मतदान शुरू हुआ। इसके अलावा 260 नंबर दुलिया प्राथमिक विद्यालय मतदान केंद्र में भी ईवीएम मशीन में खराबी होने के कारण नौ बजे से ही मतदान प्रक्रिया शुरू हुई। बताया जा रहा है कि जोरहाट में बीस से अधिक मतदान केंद्रों पर ईवीएम मशीन में खराबी पाए जाने के कारण लोगों को काफी तकलीफ का सामना करना पड़ा। जोरहाट विधानसभा अंतर्गत एटी रोड स्थित कछारीपुरिया प्राथमिक विद्यालय में जहां शाम लगभग आठ बजे तक मतदान हुआ। जानकारी के अनुसार इस चुनाव केंद्र में कांग्रेस और भाजपाकर्मियों के बीच हुई झड़प के कारण मतदान केंद्र पर कुछ समय के लिए मतदान प्रक्रिया को रोक दिया गया। इसके बाद पुलिस और सुरक्षा बल ने जाकर परिस्थिति को काबू में किया। वहीं जिले के तिताबर में भी पोलिंग अधिकारी व कर्मचारी द्वारा तिताबर के राजस्व अधिकारी कार्यालय का घेराव करने को लेकर कुछ समय तक तिताबर राजस्व चक्र कार्यालय में भी उत्तेजना देखी गई। इस दौरान चुनाव में नियोजित अधिकारी और कर्मचारियों का आरोप था कि सुबह छह बजे से ही मतदान केंद्र में कार्य संभालने वाले इन कर्मचारियों और अधिकारियों को एक ग्लास पानी तक नहीं दिया गया। इसी बीच मरियानी विधानसभा अंतर्गत लाहिंग में मतदान करने पहुंची महिला को टक्कर मारकर जख्मी किए जाने की घटना को लेकर भी इलाके में कुछ समय तक सनसनी फैल गई। बाद में उक्त महिला को चिकित्सा के लिए तिताबर असामरिक चिकित्सालय भेज दिया गया। मतदान के दौरान आज जोरहाट में कई राजनीतिक नेताओं ने भी मतदान किया। राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री तरुण गोगोई ने नगर के देवीचरण बरुवा बालिका विद्यालय स्थित मतदान केंद्र में सुबह आठ बजे मतदान करने पहुंचे। उसके बाद उनके पुत्र तथा कलियाबर सीट से उम्मीदवार गौरव गोगोई ने भी उक्त मतदान केंद्र में मतदान किया। मतदान के बाद पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई ने पत्रकारों के सामने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान खासकर जोरहाट और कलियाबर में कांग्रेस की जीत निश्चित है। उन्होंने कहा केंद्र सरकार की कुछ गलत नीतियों को अब देशवासियों के साथ राज्यवासी भी समझ चुके हैं और यही एक कारण है कि इस बार चुनाव का परिणाम कांग्रेस के पक्ष में आएगा। वहीं दूसरी तरफ सांसद कामाख्या प्रसाद तासा ने भी गड़मुर स्थित दुलिया गांव के मतदान केंद्र में वोट दिया और कहा कि पिछले चुनाव की तुलना भाजपा के प्रत्याशी गोगोई इस बार जोरहाट सीट से भारी अंतर से विजयी होंगे। इधर जोरहाट के तत्कालीन विधायक तथा एआईसीसी के सचिव राणा गोस्वामी ने भी टोकोलाई प्राथमिक विद्यालय में सपरिवार मतदान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झूठे आश्वासन से खफा देश की जनता इस बार कांग्रेस के साथ है। उन्होंने कहा कि पहले चरण के चुनाव में कांग्रेस पांचों लोकसभा सीटों पर विजयी होगा। उन्होंने भाजपा पर सांप्रदायिक राजनीति का आरोप लगाते हुए कहा कि देश की जनता और असम की जनता यह जान चुकी है कि सिर्फ कांग्रेस ही जनता के दुख-दर्द को समझ सकती है। दूसरी ओर जोरहाट के विधायक व विधानसभा अध्यक्ष हितेंद्र नाथ गोस्वामी ने भी बरभेटा स्कूल में स्थापित मतदान केंद्र पहुंचे और मतदान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष होने के नाते वे कोई राजनीतिक बयान तो नहीं देंगे मगर उन्हें लगता है कि जनता भली-भांति जानती है कि वोट का मूल्य क्या है और उसे किससे देना चाहिए। उल्लेखनीय है कि जोरहाट लोकसभा क्षेत्र में इस बार कुल आठ उम्मीदवार चुनावी युद्ध में है। सीपीआई के कनक गोगोई, भारतीय जनता पार्टी के तपन कुमार गोगोई, तृणमूल कांग्रेस के रिबुलया गोगोई, कांग्रेस के सुशांत बरगोहाईं, नेशनल पिपुल्स पार्टी के कमला राजकुंवरी, ऑल इंडिया फरवर्ड ब्लॉक के राजकुमार दुवरा तथा निर्दलीय उम्मीदवार अरविंद कुमार बरुवा और नंदिता नाथ ने जोरहाट लोकसभा सीट से मैदान में उतरे है। **(कासं)**

मतदान के दिन मोदी का असम आना आचार संहिता का उल्लंघन : गोगोई

जोरहाट। असम के पूर्व मुख्यमंत्री तरूण गोगोई ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि मतदान के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चुनाव प्रचार के लिए असम आना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। तरूण गोगोई ने जोरहाट में डीसीबी बालिका उच्च विद्यालय में यह बात कही जहां वह वोट डालने आए थे। उनके साथ उनके बेटे और सांसद गौरव गोगोई भी थे। तरूण गोगोई ने कहा, आज जब राज्य में पांच निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान चल रहा है तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वोट मांगना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। वह कोलियाबोर संसदीय क्षेत्र में वोट डालने के लिए लाईन में खड़े थे और संवाददाताओं से बात कर रहे थे। इस सीट से उनके बेटे कांग्रेस के सांसद हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, मोदी कल चुनाव प्रचार कर सकते थे क्योंकि कल कोई मतदान नहीं है। असम के शहीदों के नाम पर वोट मांगना आदर्श आचार संहिता का अप्रत्यक्ष उल्लंघन है। शहीद हमारे हैं न कि भाजपा के। मोदी का 18 अप्रैल को होने वाले दूसरे चरण के चुनाव के वास्ते प्रचार करने के लिए असम में बृहस्पतिवार को दो चुनाव रैलियों को संबोधित करने का कार्यक्रम है। जब वरिष्ठ कांग्रेस नेता से पूछा गया कि क्या भाजपा राज्य में अपने प्रदर्शन को लेकर चिंतित है तो उन्होंने कहा, बिल्कुल, वरना मोदी यहां बार-बार क्यों आएंगे। मोदी देश का चौकीदार होने का दावा करते हैं। उन्होंने उन लोगों से पैसा क्यों नहीं वापस लिया जिन्होंने देश का धन लूटा। भाजपा बस अच्छे दिन की बात करती है जबकि हम विकास और प्रगति चाहते हैं। असम में तीन चरण में मतदान है। बृहस्पतिवार को पहले चरण में पांच संसदीय क्षेत्रों में कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान चल रहा है। तेजपुर, कोलियाबोर, जोरहाट, डिब्रूगढ़ और लखीमपुर लोकसभा क्षेत्रों में 76,03,458 मतदाता है। इन पांचों सीटों पर 41 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। **(भाषा)**

इटानगर। वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पर पंक्ति में खड़ीं महिलाएं।

नशे में धुत प्रिजाइडिंग अफसर ने मतदान केंद्र पर मचाया बवाल

नुमलीगढ़। गोलाघाट जिले के नुमलीगढ़ के समीप सरूपथार विस क्षेत्र के मरंगी के पुरबंगला स्थित एक मतदान केंद्र में आज एक अजीबोंगरीब घटना हुई। मालूम हो कि आज सुबह सात बजे मतदान शुरू होने के बाद सबकुछ नियमों के अनुसार चल रहा था। इस बीच 74 नंबर दैग्रुंग बागान एमई स्कूल केंद्र के प्रिजाइडिंग ऑफिसर बनकर आए सरुपथार महाविद्यालय के प्रवक्ता शैलेन नेउग ने शराब के नशे में धुत होकर मतदाताओं के साथ दुर्व्यवहार किया। साथ ही मतदान करने के लिए उकसाने का गंभीर आरोप लगाकर लोगों ने विरोध भी किया। इधर केंद्र पर स्थिति बिगड़ती देख सेक्टर कमांडर व पुलिस को वहां पहुंचना पड़ा। उत्तेजित लोगों को शांत कर सेक्टर कमांडर व पुलिस ने आरोपी प्रिजाइडिंग ऑफिसर को हिरासत में लेकर स्वास्थ्य के जांच के लिए भेज दिया। उक्त घटना के बाद बहुत देर

तक मतदान रोक दिया गया। लेकिन बाद में दूसरे एक अधिकारी को तत्काल रूप से नियुक्त कर मतदान पुन: शुरू किया गया। **(निसं)**

आमगुड़ी : ईवीएम में खराबी मिलने के बाद स्थिति तनावपूर्ण

आमगुड़ी। जोरहाट लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आमगुड़ी के 54 बलमीयान-पोखरी एलपी स्कूल में स्थापित मतदान केंद्र में ईवीएम मशीन खराब होने के बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई। जानकारी के अनुसार सुबह मतदान केंद्र में पहला वोट देने आए कनक गोगोई नामक एक व्यक्ति ने जब वोटिंग मशीन का स्वीच दबाया तो होने वाली संकेत ध्वनी नहीं आई। इस बारे में मतदाता गोगोई ने मतदान केंद्र के प्रिजाइडिंग और पोलिंग अधिकारियों को सूचित करने के बाद स्थानीय गांवबुढ़ा की मौजदूगी में मतदान केंद्र में नियोजित अधिकारियों ने इसकी जानकारी चुनाव के वरिष्ठ अधिकारियों को प्रदान की। मगर मतदान केंद्र में मतदान करने आए लोगों ने काफी देर तक लाइन पर खड़े रहे, तो इसे लेकर लोगों ने अधिकारियों के साथ झगड़ने लगे। मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने काफी मशक्कतों के बाद उत्तेजित लोगों को शांत किया। मगर वोट डालने में देर होने के कारण कुछ लोगों ने फिर से झगड़ना शुरू कर दिया। वहीं वरिष्ठ अधिकारी की एक दल चुनाव केंद्र पहुंचे, और वोटिंग मशीन को ठीक करने के बाद चुनाव प्रक्रिया शुरू करवाई। **(निसं)**

मेघालय की खबरें

मेघालय की दोनों सीटों पर एमडीए की जीत सुनिश्चित : कोनरॉड

शिलांग। मेघालय के मुख्यमंत्री कोनरॉड के संगमा ने राज्य की दोनों संसदीय सीटों में मेघालय लोकतांत्रिक गठबंधन (एमडीए) के उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित बताया। उन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग करने के बाद बताया कि मुझे विभिन्न स्थानों से खबर मिली है और ये खबर साकारात्मक है। हमने सभी विधानसभा क्षेत्रों से साकारात्मक खबर प्राप्त की है और हमें पूरा विश्वास है कि इस चुनाव में भी हम सफल होंगे। मालूम हो कि पूर्व सांसद अगाथा के संगमा व नोंगथीम्माई के पूर्व विधायक जेमिनो मावथोह एमडीए के प्रत्याशी है। अगाथा ने नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के प्रतीक से चुनाव लड़ा है। वे पूर्व मुख्यमंत्री मुकुल संगमा के खिलाफ तूरा संसदीय क्षेत्र से खड़ी हुई हैं। वहीं 1 नंबर शिलांग संसदीय क्षेत्र से एमडीए के उम्मीदवार जेमिनो है, जो यूडीपी के चुनाव चिन्ह से चुनाव लड़ रहे हैं। उनके खिलाफ कांग्रेस के उम्मीदवार विन्सेंट एच पाला ने चुनाव लड़ा है। विपक्ष की जीत के लिए पूरी कोशिश जारी रहने के संबंध में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी बेहतर करने का प्रयास करते हैं, लेकिन 23 मई को देखा जाएगा, क्या नतीजा निकलता है। **(प्रसं)**

मेघालय के रि-भोई जिलांतर्गत एक मतदान केंद्र पर वोट देने के बाद अपनी स्याही लगीं उंगुलियां दिखातीं महिलाएं

चुनाव अधिकारी के साथ हाथापाई के आरोप में भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ मामला दर्ज

शिलांग। मेघालय के शिलांग संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवार सानबोर सुलाई के खिलाफ मतदान केंद्र के भीतर गलत व्यवहार के लिए रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपुल्स एक्ट के तहत बृहस्पतिवार को एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। शिलांग संसदीय क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी एवं शंकरदेव कॉलेज में स्थित मतदान केंद्र के प्रिजाइडिंग अधिकारी ने यह एफआईआर दर्ज की है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी फेडरिक रॉय खरकोंगोर ने पत्रकारों को इस आशय की जानकारी दी। पोलिंग अधिकारियों के साथ गलत व्यवहार करने के मामले में शुल्लाई के खिलाफ रिप्रेजेटेशन ऑफ द पीपुल्स एक्ट की धारा 132 के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। खोरकोंगोर ने बताया कि भाजपा उम्मीदवार ने मतदान केंद्र परिसर में मीडिया को साक्षात्कार दिया था। इसपर प्रिजाइडिंग अधिकारी ने उन्हें नम्रता से मीडिया को बयान न देने का आग्रह किया था। इस पर सुलाई ने प्रिजाइडिंग अधिकारी का अपमान किया। उल्लेखनीय है कि इस अपराध के लिए तीन महीने का कारावास या जुर्माना तथा दोनों हो सकता है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस सिलसिले में जांच जारी है। **(प्रसं)**

शिलांग में मतदान शांतिपूर्वक संपन्न

शिलांग। लोकसभा चुनाव 2019 को लेकर पूर्वोत्तर भारत के राज्य मेघायल में सियासी लड़ाई का परिणाम अब ईवीएम में कैद हो चुका है। दो लोकसभा सीटों वाले इस पूर्वोत्तर राज्य में मुख्य लड़ाई कांग्रेस और पीए संगमा की नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के बीच है। शिलांग लोकसभा सीट के लिए लोगों में खासा उत्साह दिखा और कई जगहों पर लोग आज सुबह पांच बजे से ही पोलिंग बूथ पर आने लगे थे। 17वीं लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत शिलांग लोकसभा सीट के लिए आज गुरुवार को मतदान शुरू हुआ। कई जगहों पर आज गुरुवार को हो रहे मतदान को लेकर लोगों में खासा उत्साह दिखा और कई पोलिंग बूथ पर लंबी-लंबी कतारें दिखीं। 4 बजे तक शिलांग में 67.16 फीसदी मतदान हो चुका था, परन्तु खबर मिलने तक अभी और आंकड़े आने बाकी थे। शिलांग लोकसभा क्षेत्र के ग्रामीण पोलिंग बूथों पर सबसे पहले मतदान करने वाले 5 वोटर्स को वोट मेडल से सम्मानित भी किया गया।अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित शिलांग लोकसभा चुनाव के लिए इस बार मैदान में 8 उम्मीदवार हैं जिसमें सांसद विंसेंट एच पाला कांग्रेस के टिकट पर मैदान में हैं। उनके अलावा भारतीय जनता पार्टी के सानबोर शुल्लाई, सीपीआई के जस्टिस खारबसंती, यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी के जेमिनो मावाथो और 4 निर्दलीय उम्मीदवार भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। मतदान के लिए बूथों पर सुबह से ही कतार लग गई तथा मतदान के प्रति लोगों में उत्साह देखने को मिला। सुरक्षा के चाक-चौबंद इतजाम होने के कारण लोगों में मतदान को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया तथा वे सुबह आठ बजे से ही मतदान केंद्रों पर पहुंच गए थे। चुनाव में अपना प्रतिनिधि चुनने के लिए विकलाग तथा वृद्ध लोग अपने परिजनों के साथ बूथों पर पहुंचे। कुछ लोगों ने मतदान के दी जानें वाली पर्चियों को लेकर नाराजगी जताई। कारण कि सही तरीके से लोगो को पर्चियां वितरित नहीं की गई थी। लोगों को बार-बार पर्ची वितरण कार्यकर्ताओं के पास चक्कर भी लगाने पड़े। बाजार में कुछ-कुछ अफवाहों का दौर जारी रहा था।मगर इस बार किसी व्यक्ति ने अपना बोट नहीं दिया तो अगली बार नाम कट जाएगा। जिससे बाजार भी लगभग बंद रहा। चुनाव के दौरान नियुक्त किये गये अधिकारियो ने दिनभर मतदान केन्द्रों पर निरीक्षण करके व्यवस्थाओं के साथ मतदान का जायजा लिया। वहीं दूसरी तरफ स्थानीय जेल रोड किटिंग रोड सहित कुछ अन्य स्थानो पर पार्टियों के कार्यकर्ताओं के द्वारा वोटरो को अपनी अपनी पार्टी को वोट देने का आह्वान करते हुए भी देखा गया। मगर वहीं पर मीडिया के लोगों को देखते ही छु मंतर भी हो गये। मगर इस चुनाव के दौरान मतदाता भी किसी के कहने-सुनने से भ्रमित नहीं हुए। शहर में मौसम का मिजाज भी लगभग ठीक-ठाक रहा । शाम चार बजे के बाद लगभग पोलिंग बूथ खाली खाली नजर आये। **(कासं)**

लोस चुनाव : तेजपुर-लखीमपुर में मतदान शांतिपूर्वक संपन्न

लखीमपुर : लोकसभा चुनाव के पहले चरण के दौरान अपनी बारी का इंतजार करते मतदाता, वहीं दूसरी तस्वीर (इटाखोला) में भी कतारबद्ध खड़े मतदाता

लखीमपुर/विश्वनाथ चाराली/ जोनाई/ इटाखोला/गोहपुर/नगांव। असम में लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान आज शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। इसी कड़ी में **लखीमपुर से निसं** के अनुसार राज्य के 14 नंबर लखीमपुर संसदीय विधानसभा सीट पर लोकसभा चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष रुप से संपन्न हुआ। मतदान अपनी निर्धारित समय सुबह सात बजे से शुरू हुआ। चुनाव वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। लखीमपुर संसदीय सीट पर कुल 11 उम्मीदवारों का भाग्य मतदाताओं ने ईवीएम मशीनों में बंद कर दिया, जिसका निर्णय आगामी 23 मई को मतगणना के बाद होगा। 11 उम्मीदवारों में से प्रधान बरूआ (भाजपा), अनिल बरगोहाईं (कांग्रेस), अरूप प्रतिम बरबरुआ (एनसीपी), प्रभु लाल वैष्णव (निर्दलीय), अरूप कलिता (सीपीआई), उबायदूर रहमान (असम गण मोर्चा), अमिया कुमार हैंडिक (सीपीआई-एम), मोहम्मद अंबाजउद्दीन (निर्दलीय), भूपेन नाराह (वोटर्स पार्टी इंटरनेशनल), हेमकांत मेरी(सयूसी,आई), दिलीप मोरान (असम दृष्टि पार्टी) हैं। लखीमपुर लोस संसदीय सीट में कुल 9 विधानसभा क्षेत्र हैं, जिनमें 99 नंबर माजुली के 126285, 110 नंबर नववाच्या के 206280, 111 नंबर लखीमपुर के 179489, 112 नंबर ढकुवाखाना के 196330, 113 नंबर धेमाजी के 237892, 114 नंबर जोनाइ के 285436, 121 नंबर चबुवा के 150216, 125 नंबर दुमदुमा के 145127, 126 नंबर सदिया के 177392 मतदाता हैं। उक्त 9 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 17,04447 मतदाताओं में से 1109613 मतदाताओं ने शाम पांच बजे तक अपने मतों का प्रयोग किया अर्थात कुल 65.10 प्रतिशत मतदाताओं ने अपना बहुमूल्य वोट देकर उक्त 11 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करने में अहम भूमिका निभाई है। माजुली में 64.28 प्रतिशत, नववाच्या में 62.00 प्रतिशत, लखीमपुर में 48.60 प्रतिशत, ढकुवाखाना में 71.14 प्रतिशत, धेमाजी में 62.66 प्रतिशत, जुनाइ में 71 प्रतिशत, चबुवा में 71.00 प्रतिशत, दुमदुमा में 65.20 प्रतिशत तथा सदीया में 68 प्रतिशत मतदान हुए। उक्त मतदान के प्रतिशत शाम पांच बजे तक बुथ से संग्रह किए गए। **उधर विश्वनाथ चाराली से निसं** के अनुसार विश्वनाथ चाराली के बीच स्थित 129 नंबर चाराली आदर्श विद्यापीठ केंद्र में विश्वनाथ चाराली, सतिया, प्रतापगढ़ चाय बागान, साकोमाटो चाय बागान, निलपुर चाय बागान, पभोई, बिश्किया घाट, बरगांग, बिहाली के साथ विश्वनाथ के विभिन्न क्षेत्रों में प्रथम चरण के वोट देने हेतु मतदाताओं ने सुबह से कड़ी धुप में लंबे कतार के बीच मतदान किया। 272661 मतदाताओं ने ईवीएम मशीन में बंद किया तेजपुर संसदीय क्षेत्र के सात (7) उम्मीदवारों के भाग्य। मतदाताओं के बीच 139948 पुरुष और 132713 महिला शामिल हैं। इस दौरान कुल 77.35 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। **जोनाई से निसं** की रिपोर्ट के अनुसार जोनाई विधानसभा क्षेत्र में आज शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न हुआ। समाचार लिखे जाने तक जोनाई विधानसभा क्षेत्र में करीब 71 प्रतिशत मतदान होने की जानकारी मिली है। 114 नंबर जोनाई विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 2,84,023 हैं, जिनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 1,45,734 और महिला मतदाताओं की संख्या 1,38,265 हैं। वहीं तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या 24 हैं। जबकि नौकरी पेशा मतदाताओं की संख्या 469 हैं। जोनाई विधानसभा क्षेत्र में कुल 350 मतदान केंद्र हैं। **वहीं इटाखोला से निसं** ने बताया कि 9 नंबर तेजपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत सतिया विधानसभा क्षेत्र में आज शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हुआ। जानकारी के अनुसार सतिया क्षेत्र के लगभग 85 प्रतिशत लोगों ने मतदान किया। उल्लेखनीय है कि सतिया विधानसभा क्षेत्र भाजपा के वरिष्ठ नेता व विधायक पद्म हजारिका के दखल में है और बीते दिनों पंचायत चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन भी अच्छा रहा है। इस क्षेत्र में भाजपा और कांग्रेस के बीच में ही मुख्य मुकाबला होगा। लोकसभा के भाजपा उम्मीदवार मजबूत स्थिति में है फिर भी कांग्रेस के उम्मीदवार शोणितपुर के पूर्व जिलाधीश हैं, इसलिए उनकी योग्यता भाजपा उम्मीदवार के लिए बड़ी चुनौती होने की संभावना है। **उधर गोहपुर से निसं** के अनुसार गोहपुर के 228 मतदान केंद्रों पर मतदान हुआ। छिटपुट घटनाओं को छोड़ मतदान शांतिपूर्ण रहा। आज सुबह छह बजे से ही मतदान केंद्रों पर लोगों का आना शुरू हो गया था। चुनाव में विकलांग से लेकर वृद्ध तक सभी ने उत्साह दिखाते हुए अपने मतों का प्रयोग कर लोकतंत्र के इस उत्सव को साकार किया। चुनाव आयोग द्वारा उतारा गया व्हील चेयर का विकलांग और वृद्धों के लिए जमकर इस्तेमाल हुआ। शाम सात बजे तक मिले आंकड़े के अनुसार गोहपुर के विभिन्न क्षेत्रों में 72 प्रतिशत मतदान रिकार्ड किया गया। कई मतदान केंद्रों पर मतदाता की संख्या ज्यादा होने के कारण शाम पांच बजे के बाद भी मतदान चलता रहा। गोहपुर विधानसभा के पुब ब्रह्माजान हाई स्कूल में सबसे ज्यादा 82.56 प्रतिशत मतदान रिकार्ड किया गया। **वहीं नगांव से निसं** के अनुसार 11नं. कलियाबर लोकसभा के 7 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला ईवीएम में बंद हो गया। वैसे तो सात प्रार्थी मैदान में हैं पर मुख्य मुकाबला अगप (भाजपा समर्थित) के मणि माधव महंत और कांग्रेस के गौरव गोगोई के बीच है। समाचार लिखे जाने तक करीब 70 प्रतिशत मतदान की खबरें हैं जबकि इस लोकसभा क्षेत्र की कुल मतदाता 17 लाख 19 हजार 776 हैं। इस लोकसभा क्षेत्र के तहत बटद्रवा, धिंग, रुपहीहाट, सामागुड़ी, कलियाबर, गोलाघाट के बोकाखात,गोलाघाट सरुपथार, खुमटाई, जोरहाट के देरगांव विधान सभा क्षेत्र द्वारा गठित इस लोकसभा के आज के मतदान में रुपहीहाट के 108 नं. फुटाजार हाई मदरसा मतदान केंद्र में आज कांग्रेस और अगप समर्थक में किसी बात को लेकर छिटपुट मारपीट हुई जिसमें दोनों गुट के छह लोग घायल हो गए हैं। दोनों की ओर से एक मामला दर्ज कराया गया है।

अस्ताचलगामी सूर्य को संध्या अर्घ्य अर्पित

नगांव। नगांव के श्रीश्री कृष्णाश्रम शिव मंदिर घाट और नेहरुवाली विजया दशमी घाट पर भारी संख्या में चैती छठ के अवसर पर व्रतधारियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। उल्लेखनीय है कि चैती छठ पर हर वर्ष श्रीश्रीकृष्णाश्रम शिव मंदिर घाट पर अन्य घाटों की अपेक्षा भारी भीड़ देखने को मिलती है और इस बार भी घाट पर व्रतधारियों की काफी भीड़ देखी गई। छठ माई होखी ना सहाय, हम करबई छठबरतिया आदि गीत की बजती कैसेट शहर के वातावरण को छठमय बना दिया। छठ ब्रत समिति के अध्यक्ष नरसिंह भगत ने कहा कि मंदिर के घाट पर व्रतधारियों के सुविधार्थ साफ-सफाई तथा रोशनी व्यवस्था की गई है, जिससे व्रतधारियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सूर्य षष्ठी समाज कल्याण समिति ने नेहरुवाली के विजया दशमीघाट पर व्रतियों के लिए घाट पर साफ-सफाई और बिजली की व्यवस्था भी की है। वहीं दूसरी तरफ शहर के माजरआटी इलाके में निर्मित एक पोखर में भी व्रतधारियों ने भगवान भाष्कर को फल-फूल ठेकुआ भरी सुप से अर्घ्य दिया। सभी घाटों पर छठ मैया की आशीष पाने के लिए भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। श्रीश्रीकृष्णाश्रम शिव मंदिर की देखरेख में कार्यरत तथा मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुपन उपाध्याय ने कहा कि प्रत्येक वर्ष मंदिर प्रांगण में हर धर्मावलम्बी के लोग आस्था के साथ छठ मैया की पूजा को देखने आते हैं और बड़े ही श्रद्धा से पूजा में हिस्सा लेकर समन्वय का भाव दर्शाते हैं, जो अपने आपमें गौरव का विषय है। (जिसं)

फकीराग्राम में भी छठ व्रतधारियों ने दिया भगवान भास्कर को अर्घ्य

फकीराग्राम : चैती छठ के अवसर पर भगवान भास्कर को संध्या अर्घ्य अर्पित करतीं व्रतधारी

फकीराग्राम। देश के अन्य हिस्सों की तरह कोकराझाड़ जिले के फकीराग्राम थाना क्षेत्र में सूर्य षष्ठी छठ पूजा समिति द्वारा बनारस पंचांग के अनुसार चैत महीने के षष्ठी तिथि में छठ व्रतधारियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया। आज सुबह से ही फकीराग्राम सूर्य षष्ठी छठ पूजा समिति द्वारा फकीराग्राम स्थायी घाट की मरम्मत कर हेल नदी घाट दुल्हन की तरह सजाने का काम चल रहा था। दोपहर से ही फकीराग्राम के विभिन्न क्षेत्रों से व्रतधारियों को दंड दे के घाट की तरफ आते देखा गया। शाम 5.45 बजे स्थानीय पुजारी प्रमोद पाण्डेय द्वारा व्रतधारियों ने कच्चे दूध से अस्तगामी सूर्य को अर्घ्य दिया तथा डाला अपने सर पर ले कर घर की तरफ रवाना हुए। (निसं)

श्मशान घाट के चारों ओर सेना ने बनाई पक्की चारदीवारी

भारतीय सेना की रेड हार्न डिवीजन की ओर से श्मशान घाट के चारों ओर पक्की चारदीवारी का निर्माण किया गया

तेजपुर। भारतीय सेना की रेड हार्न डिवीजन द्वारा आपरेशन सद्भावना की परियोजना 2018-19 के तहत तेजपुर के निकट हरिगांव स्थित श्मशान घाट के चारों ओर एक वृहत पक्की चारदीवारी का निर्माण किया गया। शवदाह स्थल की खुली सीमा के अगल-बगल में खेती करने वालों को इस चारदीवारी के बनाए जाने से काफी सहूलियत मिलेगी। इस वृहत चारदीवारी का सेना के अधिकारियों द्वारा 8 अप्रैल को स्थानीय जनता को लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर गांव के मुखिया, सचिव व ग्रामीण लोगों के अलावा रेड हार्न डिवीजन के कई सैन्य अधिकारी उपस्थित थे। (निसं)

रंगिया में श्री हनुमान जन्मोत्सव के दूसरे दिन श्री रामकथा सुनाई गई

श्रीश्री हनुमान स्वर्ण जयंती महोत्सव के दौरान रामकथा का श्रवण करतीं महिलाएं

रंगिया। शहर के मध्य स्थापित श्री श्री राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण में श्रीश्री हनुमान स्वर्ण जयंती महोत्सव के द्वितिय दिवस पर विधिवत श्री रामकथा का रसपान किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष मुकेश सिकरिया, संयुक्त सचिव रमेश बजाज व राजकुमार मौर तथा कोषाध्यक्ष सुनील सिकरिया से प्राप्त जानकारी में व्यासपीठ पर विराजमान रसिक प्रवक्ता पं. मुकेश मोहन शास्त्री के श्रीमुख से उपस्थित काफी संख्या में भक्तों ने गत दिवस नाम महात्म्य वंदना प्रकरण व आयोध्या दर्शन के बाद आज शिव चरित सती मोह एवं शिव विवाह का रसपान करवाया। यजमान सत्यनारायण अग्रवाल सपत्नीक विधि विधान से पूजा पाठ करवाया गया। वहीं समाज बंधु घनश्याम शर्मा, हरिराम क्याल, सावरमल बुबना, पवन कुमार लुडिया, राजकुमार सरावगी आदि के सक्रिय योगदान तथा कार्यकर्ता मनीष सराफ, संजय नथानी, पवन अग्रवाल, संजय जाजोदिया, अजय नथानी, राजीव सिकरिया, गोपाल जाजोदिया, कैलाश लुडिया, कैलाश छित्रका, विकास लुडिया, शुभम जाजोदिया आदि तथा रंगिया महिला मंडल के सहयोग से आज द्वितिय दिवस महोत्सव कार्यक्रम सफल रहा। इस आशय की जानकारी जन संपर्क अधिकारी जितेंद्र जाजोदिया ने दी है। (निसं)

बरपेटा लोस क्षेत्र के अभयापुरी में सुरक्षा बलों का फ्लैग मार्च

बिजनी। बंगाईगांव जिले के अभयापुरी महकमे में ईवीएम लोकसभा चुनाव को मद्देनजर इलाके में शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण को कायम रखने हेतु केंद्रीय सरकार की रैपिड एक्शन फोर्स के उप कमांडेंट राकेश कुमार के नेतृत्व में 106वी बटालियन जमशेदपुर व झारखंड के जवानों ने बरपेटा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत अभयापुरी विधानसभा क्षेत्रों में आज औचक फ्लैग मार्च किया। उक्त फ्लैग मार्च में उप कमांडेंट राकेश कुमार, सहायक कमांडेंट अमर कांत कुमार, फोर्स के द्रुत कार्यबल एवं अभयापुरी थाना प्रभारी के अलावा भारी संख्या में रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों के साथ रैफ महिला कैडरों ने भाग लिया। फ्लैग मार्च अभयापुरी थाना से प्रारंभ होकर देवहाटी, बाजार अंचल के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए अपने गंतव्य स्थान पर जाकर समापन हुआ। रैपिड एक्शन फोर्स के ओचक फ्लैग मार्च पर अभयापुरी के एसडीपीओ आर कलिता ने कहा कि लोकसभा चुनावों के अलावा अशोकाष्टमी मेला को भी शांतिपूर्वक संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसलिए इलाके की कानून व्यवस्था पर प्रशासन अपनी नजर गड़ाई रखीं है। वहीं सुरक्षा व्यवस्था की पल-पल का भी जायजा लिया गया। केरिपु बल की 156वीं बटालियन के उप कमांडेंट जीटी लेप्चा, रैपिड एक्शन फोर्स के उप कमांडेंट राकेश कुमार द्रुत कार्यबल, प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि इलाके में शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखें। सुरक्षा बल सदैव आपके लिए तत्पर है। (निसं)

ईवीएम व वीवीपैट के इस्तेमाल को लेकर अहम बैठक

कोकराझाड़। कोकराझाड़ चुनाव अधिकारी ने ईवीएम व वीवीपैट के सही इस्तेमाल को लेकर कोकराझाड़ के प्रत्याशियों, चुनाव एजेंटों, अधिकारियों व चुनाव पर्यवेक्षक के साथ बैठक की जिसमें सभी को कंट्रोल युनिट (सीयू), बैलेट युनीट (बीयू) व वीवीपैट के बारे में सभी को जानकारी दी गई। इस मौके पर चुनाव अधिकारी ने सभी को बताया कि कहां कितनी ईवीएम व वीवीपैट का ईस्तेमाल किया जाना है। चुनाव अधिकारी के मुताबिक गोसाईगांव में 285 ईवीएम, 307 वीवीपैट, कोकराझाड़ वेस्ट में 282 ईवीएम, 304 वीवीपैट, कोकराझाड़ ईस्ट में 290 ईवीएम, 308 वीवीपैट, सिदली में 305 ईवीएम, 325 वीवीपैट, बिजनी में 226 ईवीएम, 246 वीवीपैट, तामुलपुर में 297 ईवीएम, 322 वीवीपैट, बर्मा में 245 ईवीएम, 263 वीवीपैट, चापागुड़ी में 246 ईवीएम 246 वीवीपैट, सरभोग में 327 ईवीएम, 354 वीवीपैट, भवानीपुर में 236 ईवीएम व 251 वीवीपैट मशीनों का इस्तेमाल किया जाएगा। 5 नंबर कोकराझाड़ लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत ये 10 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। साथ ही चुनाव अधिकारी की ओर से बताया गया है कि पर्यवेक्षक 11,15, व 20 अप्रैल को कोकराझाड़ के सर्किट हाऊस में मौजूद रहेंगे। अगर किसी को चुनाव संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी लेनी है या देनी है वे सीधे पर्यवेक्षक से बात कर सकते हैं या किसी भी प्रकार की शिकायत करनी हो तो कर सकते हैं। कोकराझाड़ में शांतिपूर्वक चुनाव कराने की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। (निसं)

धुबड़ी : अशोकाष्टमी मेले को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियां जोरों पर

धुबड़ी। आगामी 13 अप्रैल को होने जा रहे पवित्र अशोकाष्टमी स्नान को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था की कवायद अभी से शुरू कर दी है। अशोकाष्टमी मेला की तैयारियां जोरों पर है। मेले और पवित्र स्नान को लेकर जिला उपायुक्त के कार्यालय सभाकक्ष में एक बैठक संपन्न हुई। जहां मेले और अशोकाष्टमी स्नान को लेकर विस्तार से चर्चा के साथ सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। बताते चलें कि अशोकाष्टमी का दिन एक मात्र वह पवित्र क्षण होता है,जब महाबाहु ब्रह्मपुत्र को गंगा तुल्य माना जाता है। लाखों की संख्या में श्रद्धालु इस अति विशिष्ट दिन अशोकाष्टमी महान स्नान पर्व के मौके पर ब्रह्मपुत्र में आस्था की डुबकी लगाते हैं। असम में अशोकाष्टमी स्नान व महाबाहु ब्रह्मपुत्र का पौराणिक इतिहास जुड़ा हुआ है। ऐतिहासिक व पौराणिक कथाओं के अनुसार गंगा और अशोक के फलों का भी कुछ संबंध इस पर्व के साथ है। ऐसी मान्यता है कि विशुद्ध मन से अशोकाष्टमी के दिन ब्रह्मपुत्र में डूबकी लगाते हुए दो-चार मंत्रों का उच्चारण करने से तथा अशोक के फूल की एक-दो कोंपले चबाने भर से समस्त पापों से मानवों की मुक्ति निश्चित है। इस विशेष दिन ब्रह्मपुत्र में शाही स्नान के लिए राज्य के साथ-साथ पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल, बिहार के अलावा पड़ोसी देश नेपाल और भूटान से श्रद्धालु भक्तों का आना होता है। अशोकाष्टमी की पुण्यतिथि पर दूर-दूर से पवित्र स्नान के लिए आने वाली महिला श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारी घाटों पर तैनात रहेंगे। उक्त दिन ब्रह्मपुत्र नद में नावों के रखने और उनके परिचालन पर रोक के लिए समंधित विभाग को कहा गया है। नावों के साथ गोताखोर तैनात रहेंगे। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम में तैनात जवान हलचल पर निगरानी रखेंगे। मेले में पुलिस चौकी की स्थापना की जाएगी। फायर टैंकर भी मौजूद रहेंगे। भीड़ पर पूरी तरह नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। अशोकाष्टमी पर स्नान के लिए उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित कर शांति सुरक्षा के लिए पुलिस के जबरदस्त इंतजाम किए जाने की जानकारी जिला उपायुक्त अनंतलाल ज्ञानी ने दी है। (निसं)

संक्षिप्त खबरें

गौरव गोगोई नहीं कर पाए अपने पक्ष में मतदान

नगांव। आज जहां आम जनता अपने गणतांत्रिक अधिकार मतदान किया वहीं खास लोग भी पीछे नहीं रहे। मिली जानकारी के अनुसार गौरव गोगोई आज अपने पक्ष में मतदान नहीं कर पाए, कारण उनका नाम जोरहाट लोकसभा क्षेत्र में हैं। वे वहां के देवीचरण बालिका विद्यालय में मतदान किए जबकि मंत्री केशव महंत और प्रार्थी मणि माधव महंत ने कलियाबर के तेलियागांव आंगनबाड़ी मतदान केंद्र में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। रुपहीहाट के विधायक नुरुल हुदा नौ नं. रौमारी मुकाब विद्यालय में जबकि सामागुड़ी के विधायक रकिबुल हुसैन अमानी बस्ती प्राथमिक विद्यालय और बटद्रवा की विधायक अंगूरलता डेका ने कपाहेरा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मतदान के केंद्र में अपना मतदान किया। कुछ केंद्रों में ईवीएम में कुछ गड़बड़ी पाई गई थी जिसे तत्काल ठीक कर दिया गया। (निसं)

मोरीगांव में हिमंत का रोड शो

नगांव। आज मोरीगांव में मंत्री हिमंत विश्वशर्मा के रोड शो में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। नगांव लोकसभा के प्रार्थी रूपक शर्मा के पक्ष में आयोजित इस रोड शो में हिमंत का काफिला जोरदार होता चला गया। मंत्री पीयूष हजारिका, विधायक रामांत देउरी, विधायक अंगूर लता डेका आदि के साथ ही हजारों समर्थकों ने इस रोड शो का गवाह बना। फिर एक बार मोदी सरकार की गीत पर बीच-बीच में हिमंत झूमते नजर आए। उन्होंने भाजपा प्रार्थी रूपक शर्मा के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। रोड शो मोदी की दोनों रैली के बाद हुआ। (निसं)

बिहड़ा में रेलवे ने किया मॉक ड्रिल

सिलचर। सिलचर-गुवाहाटी रेल मार्ग के बिहड़ा रेलवे स्टेशन पर मॉक ड्रिल कार्यक्रम आयोजन किया गया। रेलवे विभाग ने कछार जिला उपायुक्त, जिला आपदा प्रबंधन, चिकित्सा, पुलिस आदि को सूचित किया कि बराककैली एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। इसलिए सभी विभाग जितनी जल्दी हो सके मौके पर पहुंचे। रेलवे क्षेत्रीय प्रबंधक एस उमेश ने बताया कि लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी है। यह कृत्रिम अभियान सभी विभागों के लिए भी निरीक्षण एवं परिक्षण के लिए है कि आपदा के समय कितनी मुस्तैदी से पेश आते हैं। हमारी एक्सीडेंट रेल, मेडिकल टीम, आरपीएफ सहित बचाव दल मौके पर पहुंच गए। लमडिंग से डिविजनल मेनजर डीआरएम सुरज जानी सहित अनेक अधिकारी मौजूद थे। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के विप्रजीत पाल चौधरी के नेतृत्व में सफलता के साथ कार्यक्रम किया गया। (निसं)

टिहू में बोहागी वस्त्र मेले का उद्घाटन

टिहू। असम का जातीय उत्सव तीन बिहुओं में से एक है रंगाली बिहू। चैत्र मास के अंतिम दिन गायों को नहाते-धुलाते हैं। उसके बाद पहली वैशाख पर छोटे बड़ों को प्रणाम कर गमछा प्रदान करते हैं, जो कि प्यार की निशानी होती है। लेकिन अब बाहर से मशीनों से बुने हुए गामोछा ने गांव वालों को विशेषकर महिलाओं को परेशानी में डाल दिया है। इसलिए हमारे प्यार के गामोछा के लिए खतरा पैदा हो गया है। टिहू शहर में गामोछा की ओर से बोहागी वस्त्र मेले का उद्घाटन करते हुए नेडफी, गुवाहाटी के महाप्रबंधक अली बोरा ने उक्त आशय की बातें कहीं। गामोछा समिति के अध्यक्ष भटिमा देवी की अध्यक्षता में आयोजित सभा में स्थानीय विधायक परमिंद डेका, वरिष्ठ पत्रकार प्राणकृष्ण दास, टिहू प्रखंड विकास अधिकारी हेमंत कुमार डेका, प्रतिमा देवी आदि ने गामोछा के महत्व के बारे में बताया। (निसं)

हग्रामा के शासन से तंग आ चुके हैं बीटीसी वासी : यूपीपीएल

कोकराझाड़। आज कोकराझाड़ में संवाददाताओं के साथ बातचीत करते हुए यूपीपीएल के उपाध्यक्ष युसुफ अली ने कहा कि बीटीसी में हग्रामा महिलारी जिस तरह से दमन निति के तहत शासन चला रहे हैं उनके शासन से बीटीसी वासी तंग आ चुके हैं। इसलिए उनके दल बीपीएफ को बीटीसी व राज्य से उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। बीपीएफ को उखाड़ फेंकने के लिए यूपीपीएल ने कमर कस ली है। इसलिए इस बार के लोकसभा चुनाव में यूपीपीएल बीपीएफ के उम्मीदवार प्रमिला रानी ब्रह्म्मा व निर्दलीय उम्मीदवार नव कुमार शरणिया को हरा कर कोकराझाड़ में अपनी जीत का परचम लहराएगा। (निसं)

बोको में कांग्रेस प्रत्याशी बबिता शर्मा ने जमकर किया चुनाव-प्रचार

बोको। बोको क्षेत्र के बोको और छमरिया ब्लॉक के अंतर्गत आयोजित दस चुनाव प्रचार सभा में कांग्रेस प्रत्याशी बबिता शर्मा ने व्यापक प्रचार अभियान चलाया। वहीं 7 नं गुवाहाटी लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी बबिता शर्मा ने आगामी 23 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर व्यापक तत्पर हुई है। इस दौरान उन्होंने बोको के विधायक व असम प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष नंदिता दास सहित बोको क्षेत्र में प्रचार चलाया। पहले उन्होंने बोको ब्लॉक के अंतर्गत डेकापारा, जालुकबारी, नारेंगा में आयोजित चुनाव प्रचार सभा में हिस्सा लिया। उसके बाद छमरिया ब्लॉक के अंतर्गत छमरिया, बरालीमारा, किस्मत काठमी, कालातली बाजार, भखुराडिया, टुपामारी, रंगापानी, सोनतली, माहतली में चुनाव प्रचार किया। (निसं)

इंटर हाउस टूर्नामेंट में कृष्णा ने दो स्वर्ण व 1 रजत पदक हासिल की

तेजपुर। असम वैली स्कूल की कक्षा छठी के होनहार छात्र कृष्णा टीबड़ेवाल ने हाल ही में स्कूल में आयोजित इंटर हाउस टूर्नामेंट में दो स्वर्ण पदक तथा 1 रजत पदक हासिल की है। उन्हें 2.5 किमी मैराथन दौड़ में 1 स्वर्ण पदक, लांग जंप में 1 स्वर्ण पदक तथा शाट पुल में 1 रजत पदक मिला है। दिसंबर में भी असम वैली स्कूल में आयोजित विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में भी कृष्णा ने कई पदक हासिल किए थे। कृष्णा तेजपुर के व्यवसायी कमल कुमार टीबड़ेवाला व लता टीबड़ेवाला का सुपुत्र है। (निसं)

पीएम मोदी की रैली में मायुमं ने की लोगों के लिए पेयजल की व्यवस्था

सिलचर। सिलचर के रामनगर मैदान में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी रैली के दौरान मारवाड़ी युवा मंच (मायुमं)राजस्थानी ढाबा के पास अध्यक्ष धनराज सुराणा के नेतृत्व में कड़कती धुप में एक दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं ने व आम जनता को शुद्ध पेयजल की सेवा प्रदान की। काठीघोड़ा के विधायक अमरचंद जैन ने मारवाड़ी युवकों की इस जनसेवा की प्रशंसा करते हुए उनका हौसला अफजाई की। गत जनवरी में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सभा स्थल पर लाखों लोगों को चाय व शुद्ध पानी पिलाने की व्यवस्था की गई थी। (निसं)

अमृत वाणी

हमारे व्यक्तित्व की उत्पत्ति हमारे विचारों में है; इसलिए ध्यान रखें कि आप क्या विचारते हैं। शब्द गौण हैं। विचार मुख्य हैं; और उनका असर दूर तक होता है। - स्वामी विवेकानंद

संपादकीय

राफेल पर महासंग्राम

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को केंद्र सरकार को झटका देते हुए राफेल मामले में अपने फैसले पर पुनर्विचार करने को तैयार हो गया है। मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पीठ ने लीक दस्तावेज को आधार मानने की अनुमति दे दी है। कोर्ट ने इस मुद्दे पर विशेषाधिकार होने की केंद्र की आरंभिक आपत्तियों को खारिज कर दिया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि याचिकाकर्ता राष्ट्रीय सुरक्षा एवं रक्षा से जुड़े मामले में आंतरिक एवं गोपनीय विचार-विमर्श की आधी-अधूरी तस्वीरें पेश कर रहे हैं। इसलिए इस दस्तावेज को संज्ञान में नहीं लिया जाना चाहिए। इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने राफेल विमानों की कीमतों के मुद्दे पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया था। न्यायालय के इस फैसले से विपक्षी दलों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर फिर हमला करने का मौका मिल गया है। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी अपनी चुनावी सभा में राफेल के मुद्दे पर प्रधानमंत्री पर लगातार हमला कर रहे हैं। राहुल गांधी का आरोप है कि प्रधानमंत्री के दबाव पर राफेल का निर्माण करने वाली कंपनी दसॉल्ट ने अनिल अंबानी की कंपनी को भारतीय ऑफसेट बनाकर लाभ पहुंचाने की कोशिश की है। कांग्रेस का यह भी आरोप है कि रक्षा मंत्रालय द्वारा इस विषय पर बातचीत शुरू करने के बावजूद प्रधानमंत्री कार्यालय ने समानांतर बातचीत की। इससे साबित होता है कि प्रधानमंत्री ने अनिल अंबानी को लाभ पहुंचाने के लिए अनुचित तरीका अपनाया। मोदी सरकार इसे गोपनीय मसला बताकर रफा-दफा करना चाहती है। जहां एक तरफ कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी का आरोप है कि अनिल अंबानी को लाभ पहुंचाने के लिए बहुत ज्यादा ऊंची कीमत पर राफेल विमान खरीदा गया, वहीं मोदी सरकार के मंत्री का तर्क है कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के मुकाबले कम कीमत पर विमान खरीदा गया। अब पूरा मामला सुप्रीम कोर्ट के विचाराधीन है। लोकसभा चुनाव में प्रचार के दौरान विपक्षी दल खासकर कांग्रेस इस मुद्दे को हर हालत में जिंदा रखना चाहती है। यही कारण है कि राहुल गांधी राफेल के मुद्दे पर सीधे प्रधानमंत्री पर हमला कर रहे हैं। राफेल विमान की गुणवत्ता एवं क्षमता पर किसी को संदेह नहीं है, लेकिन खरीद प्रक्रिया को लेकर जो घमासान मचा हुआ है, उससे देश की सुरक्षा प्रभावित नहीं होनी चाहिए। अगर खरीद प्रक्रिया में कोई गड़बड़ी हुई है तो उसकी निश्चित रूप से जांच होनी चाहिए, लेकिन केवल राजनीतिक स्वार्थ के लिए इसका इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। भारत में हथियारों की खरीद प्रक्रिया लंबी एवं जटिल होने के कारण सुरक्षा बलों के आधुनिकीकरण पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। पड़ोसी देश चीन की रक्षा तैयारी को देखते हुए हमें तीनों सेनाओं को आधुनिक करने के लिए तेजी से कदम उठाने की जरूरत है। इस बात का ख्याल रखा जाना चाहिए कि सियासी घमासान से सेना का मनोबल प्रभावित नहीं हो।

वशिष्ठ नारायण पाण्डेय

तत्वबोध

आत्म विश्लेषण

● श्रीराम शर्मा आचार्य

आत्मविश्लेषण का अर्थ है प्रवृत्तियों के मूल कारण की तलाश करना। अर्थात द्वेषपूर्ण भावनाएं जिस आधार पर उठीं, उस आधार को ढूंढ़ना और उसे नष्ट करना। आत्म निरीक्षण का अर्थ है अपने विचारों और कार्यों की न्यायपूर्ण समीक्षा करना। बुराइयां पक्षपातपूर्ण विचार पद्धति के कारण ही उठती हैं। मनुष्य की सबसे बड़ी भूल है कि वह जिस वस्तु को चाहता है, उसे किसी न किसी भूमिका के साथ टिका देता है। इसी को विचार और कार्य का पक्षपात कहते हैं। जैसे बीड़ी, सिगरेट या अन्य मादक पदार्थ सेवन करने वालों की दलील रहती है कि उससे उन्हें शांति मिलती है, मानसिक तनाव दूर होता है। कई तो यहां तक कहते हैं कि बीड़ी, सिगरेट न पिएं तो पाचन क्रिया ठीक से काम नहीं करती। पर यदि कठोरतापूर्वक विचार करें तो यह स्पष्ट दिखता है कि शराब, सिगरेट के पक्ष में जो दलीलें देते रहते हैं, वे सर्वथा निस्सार हैं। यह तो मन बहलाव के लिए गढ़ी बातें हैं। वस्तुत: उनसे मानसिक परेशानियां तथा स्वास्थ्य और पाचन प्रणाली में शिथिलता ही आती है। हम अपने गुण-दोष देखने में जब तक ईमानदारी और सच्चा दृष्टिकोण नहीं अपनाते, संस्कार परिवर्तन में तभी तक परेशानी रहती है। मनुष्य आत्म दुर्बल तभी तक रहता है, जब तक वह आत्म विवेचन का सच्चा स्वरूप ग्रहण नहीं करता। झूठे प्रदर्शनों और स्वार्थपूर्ण आचरण के कारण ही जीवन में परेशानियां आती हैं। सच्चाई की मस्ती ही अनुपम है। उसकी एक बार जो क्षणिक अनुभूति कर लेता है, वह उसे जीवनपर्यंत छोड़ता नहीं।

RNI. No.40914/89, Postal Reg. No.RNP/GH-139/2019-21
जी.एल. पब्लिकेशंस लिमिटेड की ओर से पी. लाल द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित, जी.एल. पब्लिकेशंस लिमिटेड, जी.एस. रोड, उलुबाड़ी, गुवाहाटी-781007 में मुद्रित। जी.एल. पब्लिकेशंस लिमिटेड, जी.एस.रोड, उलुबाड़ी, गुवाहाटी-781 007 से प्रकाशित।

संस्थापक संपादक : स्व. जी.एल. अग्रवाला
संपादक : मीना मुरारका (अवैतनिक)
कार्यकारी संपादक : वशिष्ठ नारायण पाण्डेय

गुवाहाटी कार्यालय
फोन : 0361-2451535, 2462396 संपादकीय
0361-2521467 पी.बी.एक्स.,
फैक्स : 0361-2521664, 2521465
email: ppeditor09@gmail.com, glpghy2009@hotmail.com

जोरहाट कार्यालय
ए.टी. रोड, ताराजान, जोरहाट
फोन:0376-2370196,2370195
फैक्स:0376-2370268

तिनसुकिया कार्यालय
नाज पैलेस, नौ-पुखुरी तिनसुकिया
फोन : 0374-2330077

लखीमपुर कार्यालय
के.बी. रोड, बरमुरियागांव, लखीमपुर
फोन : 03752-244419
फैक्स : 03752-245918

शिलांग कार्यालय
लोअर लचुमीयर, शिलांग
फोन : 0364-2224086, 2223143,

दिल्ली कार्यालय
313-ए प्रताप भवन, 5 बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002
फोन- 011-23539140
email : glpltddelhi@gmail.com

देश का नेता कैसा हो?

● निर्मल रानी

लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। तरह-तरह की तथाकथित 'विचारधाराएं' तथा भांति-भांति के वेश धारण किए हुए कथित राजनेता जनता जनार्दन के मध्य वोटों की भीख मांगने की ख़ातिर निकल पड़े हैं। देश के मतदाताओं को बड़े ही नाटकीय ढंग से इन अभिनेता रूपी नेताओं द्वारा एक बार फिर यही समझाने की कोशिश की जा रही है कि जनकल्याण व जनसरोकार से संबंधित वादे तथा आश्वासन हैं क्या? बड़े आश्चर्य की बात है कि लगभग प्रत्येक आम चुनावों के दौरान देश के भाग्य विधाता अर्थात् मतदाता इन्हीं बहुरूपिए, स्वार्थी तथा केवल अपना राजनैतिक भविष्य उज्ज्वल बनाने की चाह में जीवन बिताने वाले नेताओं द्वारा निर्धारित चुनावी एजेंडे में ही उलझकर रह जाते हैं। हर बार चुनाव से पूर्व कुछ ऐसा वातावरण हमारे चारों ओर तैयार कर दिया जाता है कि राष्ट्र के विकास व जनसरोकार के ज़रूरी मुद्दों से हमारा ध्यान भटका दिया जाता है तथा विभिन्न प्रकार के ग़ैरज़रूरी परंतु आकर्षक से दिखाई देने वाले मुद्दों में बड़ी ही चतुराई व ख़ूबसूरती के साथ उलझा दिया जाता है। कभी राष्ट्रवाद की दुहाई देकर तो कभी देश के टूटने का भय दिखाकर, कभी मंदिर-मस्जिद विवाद का सहारा लेकर तो कभी गाय व गंगा जैसे अनेक भावनात्मक मुद्दों को सामने रखकर। कभी क्षेत्रवाद का वास्ता देकर तो कभी हमारी संस्कृति व भाषा के नाम पर। गोया राजसत्ता के समक्ष जनसरोकारों से जुड़ी सबसे बड़ी चुनौती यानी ग़रीबी उन्मूलन, मंहगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली-पानी जैसे सबसे प्राथमिक मुद्दों से हमारा ध्यान भटका दिया जाता है और हमारे सीधे-सादे मतदाता इन चतुर राजनीतिज्ञों की सुनियोजित साज़िश का शिकार होकर उन्हीं विघटनकारी एजेंडों को स्वीकार कर लेते हैं जो इन समाज विभाजक नेताओं द्वारा निर्धारित किए जाते हैं। अगले कुछ दिनों में संपन्न होने वाले लोकसभा चुनाव एक बार फिर हमारे समक्ष बड़ी चुनौतियां पेश कर रहे हैं। विभिन्न राजनैतिक दलों द्वारा जो प्रत्याशी घोषित किए जा रहे हैं तथा दलों द्वारा जिन मुद्दों को सर्वोपरि रखकर चुनाव मैदान में ताल ठोकी जा रही है इन सभी बिंदुओं को बहुत ग़ौर से देखे जाने की ज़रूरत है। ख़ासतौर पर जिन-जिन संसदीय क्षेत्रों में पूर्व में निर्वाचित सांसदों को पुन: प्रत्याशी बनाया गया है, मतदाताओं को स्वयं यह सोचने-समझने व परखने का अधिकार है कि उनका सांसद विगत पांच वर्षों तक किन गतिविधियों व कार्यकलापों में व्यस्त रहा। किसी संसदीय क्षेत्र के जागरूक मतदाता यह भली-भांति जानते हैं कि चुनाव लड़ने से पूर्व उसकी संपत्ति व आर्थिक हैसियत क्या थी और आज क्या है? वे यह भी बख़ूबी जानते हैं कि हमारे सांसद द्वारा क्षेत्र का कितना विकास किया गया है? उन्हें यह भी भली-भांति मालूम है कि उनके प्रतिनिधि ने राष्ट्र के विकास तथा देश की एकता व अखंडता के पक्ष में काम करते हुए अपने पांच वर्ष गुज़ारे हैं या फिर वह भी मंदिर-मस्जिद, ऊंच-नीच व धर्म-जाति की निरर्थक बहसों में उलझा रहा। यहां तक कि अपने सांसद के विचार, उसके स्वभाव, उसकी छवि व प्रकृति, उसके चरित्र तथा उसकी सामाजिक व राजनैतिक पृष्ठभूमि आदि सभी बातों का ज्ञान मतदाताओं को होता है। और यदि किसी क्षेत्र में बिल्कुल ही अज्ञानी क़िस्म के मतदाता रहते भी हों तो भी जागरूक मतदाताओं का यह कर्तव्य है कि वे अपने हल्के के सभी मतदाताओं को इन सभी ज़रूरी तथ्यों से अवगत कराएं।

देश में विभिन्न चुनाव क्षेत्रों में अनेक ऐसे नेता भी मिलेंगे जिन्हें उनकी पार्टी द्वारा प्रत्याशी नहीं बनाया जा रहा है। ऐसे लोग दूसरे दलों से सौदेबाज़ी कर अपने चेहरे पर नई विचारधारा का मुखौटा डालकर एक पेशेवर बहुरूपिए के रूप में आपके सामने अवतरित होंगे। अनेक ऐसे नेता भी चुनाव मैदान में दिखाई देंगे जिनका काम अपनी व अपनी पार्टी की उपलब्धियां बताना नहीं बल्कि दूसरे दलों की कमियां उजागर करना मात्र है। कुछ ऐसे लोग भी मिलेंगे जो महात्मा गांधी से लेकर पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी व राजीव गांधी को देश का सबसे बड़ा नुक़सान पहुंचाने वाला नेता तो ज़रूर बताएंगे परंतु उनकी अपने आदर्श नेताओं की सूची में कोई एक नाम भी ऐसा नहीं होगा जिसका क़द उपरोक्त नेताओं से ऊंचा हो? अनेक नेता शब्दों व भावनाओं के जाल में उलझाने की कोशिश करेंगे। कहीं सेना के शौर्य को राजनैतिक दल के शौर्य के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा तो कहीं झूठी उपलब्धियों का अंबार खड़ा कर दिया जाएगा। हद तो यह है कि इस बार का लोकसभा चुनाव लगभग पूरी तरह से विज्ञापनों व चुनाव प्रचार के अन्य माध्यमों को आधार बनाकर लड़ा जा रहा है। टेलीविज़न को भी चुनावी हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। झूठ-फ़रेब और मक्कारी अपने पूर चरम पर है। देश की सीमाएं लगभग चारों ओर से असुरक्षित हैं उसके बावजूद सत्ताधीशों द्वारा स्वयं को 'महाबली व शक्तिमान' के रूप में प्रचारित किया जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि हमारे देश में ऐसे राजनेता भी अवतरित हो रहे हैं जिनका आज तक न कोई गुरू व शिक्षक नज़र आया न ही किसी व्यक्ति ने इनको अपना सहपाठी स्वीकार किया परंतु ऐसे नेता स्वयं को पोस्ट ग्रेजुएट भी बता देते हैं व शिक्षित होने का स्वांग भी रचते हैं। कुछ नेता ऐसे भी सामने आ रहे हैं जो पिछले चुनाव में एमए तक शिक्षा प्राप्त बताते थे परंतु इस बार वे स्वयं को इंटरमीडियट परीक्षा पास घोषित कर रहे हैं। सोचने का विषय है कि जिस व्यक्ति को अपने बारे में झूठ बोलने से कोई आपत्ति नहीं वह व्यक्ति देश या जनता के लिए झूठ क्यों नहीं बोल सकता?

राष्ट्र के भाग्य विधाता मतदाताओं को झूठ के सौदागरों से पूरी तरह सचेत रहने की ज़रूरत है। इस प्रकार के नेता दरअसल देखने में ही नेता प्रतीत होते हैं परंतु इनके भीतर छल-कपट, मक्कारी व स्वार्थ का एक ऐसा लावा पोषित होता रहता है, जिसका विस्फोट देश व समाज को कभी भी रसातल की ओर ले जा सकता है। पिछले पांच वर्षों में देश ने बहुत ही ग़ौर से और क़रीब से यह सबकुछ देखा है। देश में कुछ राजनैतिक दलों ने धार्मिकता तथा राष्ट्रवादिता का प्रमाण पत्र बांटने का ठेका ले रखा है और ऐसी ही शक्तियां धर्म व जाति के नाम पर समाज को विभाजित भी कर रही हैं। देश में कई स्थानों पर धर्म व जाति विशेष के लोगों पर लक्षित जानलेवा हमले होते रहे हैं। पिछले पांच वर्षों में देश कई बार धार्मिक व जातीय उन्माद की चपेट में आ चुका है। हमारे देश की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थाओं को संदेहपूर्ण व विवादित बनाने की कोशिशें की गई हैं। किसानों द्वारा रिकॉर्ड आत्महत्याएं की गई हैं। देश को दो करोड़ रोज़गार प्रतिवर्ष दिए जाने के बजाए करोड़ों लोगों को बेरोज़गार कर दिया गया है। तमाम छोटे व मंझोले उद्योग नोटबंदी की चपेट में आकर बंद हो गए हैं। लाखों लोग नोटबंदी का शिकार होकर अपने-अपने काम धंधे बंद कर अपने घरों को वापस चले गए हैं। लगभग 120 बेगुनाह लोग इस बेहूदी नोटबंदी नीति का शिकार होकर अपनी जान से हाथ धो बैठे हैं।

2014 में बड़े ज़ोर-शोर से यह वादा किया गया था कि हम सत्ता में आए तो राजनीति से अपराधियों की छुट्टी कर दी जाएगी। परंतु ठीक इसके विपरीत न केवल राजनीति में अपराधियों की बढ़ोतरी हुई बल्कि राजनीति ही अब अपने-आप में अपराधीकरण की राह पर आगे बढ़ चली है। देश ने जिसे प्रधानमंत्री निर्वाचित किया वह स्वयं ही प्रधानमंत्री की बजाए प्रधानसेवक व चौकीदार बन बैठा और अब बड़ी ही चतुराई से स्वयं को तरह-तरह के लांछनों से बचाने के लिए देश के लोगों को भी चौकीदार बताने का स्वांग रचा जा रहा है। मतदाताओं को इस प्रकार के भावनात्मक फंदों व जालों से स्वयं को बचाकर रखने तथा अपने विवेक, ज्ञान, धैर्य तथा साहस का परिचय देते हुए देश के विकास, एकता-अखंडता सामाजिक व धार्मिक समरसता के पक्ष में मतदान करना है न कि किसी के राजनैतिक भविष्य संवारने की ख़ातिर या किसी धर्म व जाति या मंदिर-मस्जिद आदि के नाम पर।

इमरान खान का मोदी-प्रेम

● डॉ. वेदप्रताप वैदिक

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान का एक बड़ा मजेदार बयान अखबारों में छपा है। उनका कहना है कि यदि नरेंद्र मोदी की जीत हो गई और वे प्रधानमंत्री बन गए, तो कश्मीर का मसला हल हो सकता है। एक दक्षिणपंथी और राष्ट्रवादी भारतीय सरकार कश्मीर पर पाकिस्तान के साथ आत्मविश्वास से बात कर सकती है और यदि कांग्रेस जीत गई तो वह पाकिस्तान से बात करने में झिझकेगी। इमरान के इस बयान पर क्या कहा जाए? किस मंशा से यह बयान दिया गया है? मोदी को हराने के लिए या जिताने के लिए? अब कांग्रेसी दावा करेंगे कि मोदी पाकिस्तान के प्रेमी हैं और पाकिस्तान उनका प्रेमी है। इसीलिए पाकिस्तान चाहता है कि वे चुनाव जीत जाएं। मोदी को पाकिस्तान-प्रेमी बताकर कांग्रेस उनके हिंदू वोटों को फिसलाने की भरपूर कोशिश करेगी। दूसरे शब्दों में इमरान का बयान मोदी-विरोधी तोप के गोले का काम करेगा लेकिन जो लोग दलीय राजनीति के कीचड़ में सने हुए नहीं हैं, वे इमरान के बयान की गंभीरता को ठीक से समझेंगे। यदि अटलजी मुशर्रफ के साथ कायदे की बातचीत कर पाए थे और भारत-पाक थल-मार्ग को खोल पाए थे तो वही काम भाजपा के दूसरे नेता से भी अपेक्षित हो सकता है। ये बात दूसरी है कि मोदी और अटलजी में जमीन-आसमान का फर्क है। अटलजी कश्मीर के मसले का हल 'इंसानियत के दायरे' में हल करना चाहते थे। मैंने हुर्रियत के नेताओं की अटलजी से कई बार बात करवाई थी और करगिल-युद्ध के दिनों में भी नवाज शरीफ और अटलजी के बीच मेरे जरिए बात होती रहती थी। इसके अलावा कुछ अन्य चैनलों के जरिए दोनों नेताओं में संपर्क बना हुआ था। क्या मोदी के पास इस तरह के संपर्क हैं? अन्तराष्ट्रीय राजनीति और कूटनीति में तीखे भाषणों और चटपटे बयानों का भी महत्व जरूर होता है लेकिन असली काम गुपचुप होता है। देखें, अगली सरकार उसे कैसे करती है? इसमें शक नहीं कि इस समय पाकिस्तान भयंकर आर्थिक संकट में फंसा हुआ है। डॉलर की कीमत 150 रुपए तक पहुंच गई है। उसका व्यापारिक असंतुलन 30 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। उसकी विकास दर 2019 में 5.2 प्रतिशत से घटकर 3.9 रह जाएगी। इस साल 10 लाख रोजगार घटेंगे और 40 लाख नए लोग गरीबी रेखा के नीचे चले जाएंगे। इमरान खान जैसे स्वाभिमानी व्यक्ति को चीन, सउदी अरब और संयुक्त अरब अमारात जैसे देशों के सामने बार-बार झोली फैलानी पड़ रही है। एशियन बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोश ने भी हाथ ऊंचे कर दिए हैं। अमरीका अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं पर दबाव डाल रहा है कि वे पाकिस्तान की मदद नहीं करें। इमरान सरकार अपने आतंकी गिरोहों पर सख्ती करती हुई दिखाई पड़ रही है लेकिन कश्मीर पर बातचीत का सिलसिला भारतीय चुनावों के बाद ही शुरू होगा।

व्यंग्य

गरीबों की मुश्किल

● सहीराम

अपने यहां चुनावों में उम्मीदवार करोड़पति क्या होने लगे जी, गरीबों की मुश्किल बढ़ गई है। उनकी मुश्किल इसलिए बढ़ गई है कि करोड़पति उम्मीदवार सब कुछ गरीबों के लिए करने को ही मरे जा रहे हैं। करोड़पतियों के लिए कुछ करने की बात तो दूर, उनका तो कोई नाम तक नहीं लेता। यह अलग बात है कि चुनावों के बाद वे गरीबों का नाम नहीं लेंगे और जो करेंगे, वह सब अमीरों के लिए ही करेंगे। किसी तरह की कोई वर्गीय प्रतिबद्धता सामने आएगी तो तब आएगी। वैसे जब उम्मीदवार करोड़पति नहीं होते थे, हालांकि गरीब भी नहीं होते थे, वे गरीबों से अमीर होते थे और अमीरों से गरीब अर्थात करोड़पति नहीं तो लखपति तो फिर भी होते थे, तब भी मुश्किल गरीबों की होती थी। हालांकि ऐसा कोई कायदा नहीं है कि उम्मीदवार करोड़पति होगा तो मुश्किल गरीबों की होगी और अगर उम्मीदवार गरीब होगा तो मुश्किल अमीरों की होगी। ऐसा कोई वर्ग संघर्ष नहीं होता बल्कि जब उम्मीदवार करोड़पति होते हैं, तब भी और जब उम्मीदवार लखपति होते हैं, तब भी मुश्किल गरीबों की रहती है। गनीमत यह है कि यह मुश्किल चुनावों तक ही होती है। अब देखिए, उम्मीदवार बेशक सब करोड़पति हैं, पर सबको चिंता सिर्फ गरीबों की है। वे गरीबों को हर सुविधा मुहैया कराने का वादा कर रहे हैं। इस तरह के वादे या तो प्रेमी करता है, या नेता क्योंकि प्रेमी को पता होता है कि एक बार प्रेमिका ने पत्नी का रूप धारण किया, उसके बाद तो वह नून-तेल-लकड़ी के चक्कर में पड़ ही जाएगी। इसी तरह नेता को भी पता होता है कि बस एक बार हार-जीत का फैसला हो जाने दीजिए, उसके बाद साल-छह महीने तो हनीमून पीरियड के बहाने ही निकल जाएंगे। पर जैसे प्रेमी जब तक प्रेमी रहता है, तब तसे चांद तारे तोड़ लाने जैसी वाहियात बातें करते ही रहना पड़ता है, वरना वह प्रेमिका की नजरों से गिर सकता है। उसी तरह जब तक चुनाव है, नेता को गरीबों के लिए चांद तारे तोड़ लाने की बातें करते ही रहना पड़ता है, वरना उसे गरीबविरोधी मान लिया जाएगा। ऐसे में तो और ज्यादा मान लिया जाएगा

> गनीमत यह है कि यह मुश्किल चुनावों तक ही होती है। अब देखिए, उम्मीदवार बेशक सब करोड़पति हैं, पर सबको चिंता सिर्फ गरीबों की है। वे गरीबों को हर सुविधा मुहैया कराने का वादा कर रहे हैं। इस तरह के वादे या तो प्रेमी करता है, या नेता क्योंकि प्रेमी को पता होता है कि एक बार प्रेमिका ने पत्नी का रूप धारण किया, उसके बाद तो वह नून-तेल-लकड़ी के चक्कर में पड़ ही जाएगी।

क्योंकि वह खुद करोड़पति है। परिणाम होगा कि चुनाव हार जाएगा। प्रेमी को इश्क में कामयाबी मिले और नेता को चुनाव में कामयाबी मिले तब तक प्रेमिका और जनता, दोनों को ही थोड़ी मुश्किलें तो सहनी पड़ेंगी। नहीं क्या?

नागरी लिपि में संभावनाओं के द्वार

वर्तमान समय सूचना-प्रौद्योगिकी का है। इस समय में हर चीज का नवीनीकरण हो रहा है। उन्मुक्त अभिव्यक्ति और बाजार के इस दौर में भाषाओं का सरलीकरण हो रहा है और उसे नया-नया तकनीकी जामा पहनाकर पेश किया जा रहा है। केवल भाषा ही नहीं, लगातार बढ़ती प्रतिद्वंद्विता की होड़ में लिपियाँ की दौड़ भी शामिल हो गई है। यदि भारत की बात करें तो यह भी नए-नए सोच के साथ तकनीकी अनुसंधान के क्षेत्र में प्रवृत्त हो चुका है। वर्तमान समय व भारतीय समाज के सामने देवनागरी लिपि के लगातार बने रहने की समस्या आ रही है। शिक्षित समुदाय व परंपरागत सोचवाले बुद्धिजीवी, देवनागरी की उपयोगिता से भलीभांति परिचित हैं। इसलिए उनके समक्ष नागरी लिपि को लेकर वर्तमान शिक्षण-लेखन पद्धति में संभावनाओं का प्रश्नचिह्न खड़ा है।

वस्तुत: देवनागरी एक प्राचीन भारतीय लिपि है; जिसकी पहचान उसकी शिरोरेखा से होती है। इसकी एक सबसे बड़ी खूबी इसकी अलग-अलग शब्दों के साथ एक करनेवाली सरल रेखा है। जहां यह वर्णों को सूत्रबद्ध करती है वहीं भाषाओं का एक सुव्यवस्थित रूप गढ़ देती है। यह विशेषता सभी लिपियों में आसानी से उपलब्ध नहीं है। इसलिए देवनागरी को वैज्ञानिक लिपि का दर्जा दिया गया है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार यह गुजरात के नागर ब्राह्मणों द्वारा बोली जानेवाली भाषा थी और इसका लेखन-स्वरूप इसी प्रकार नागरी कहलाने लगा। बाद में सर्वोपयुक्त होने के कारण और असंख्य विशेषताओं से युक्त होने के कारण यह 'देवों' की 'नागरी' लिपि बन गई। आज इसी देवनागरी लिपि के रूप का हम प्रयोग करते हैं।

भारत में बोली जानेवाली 22 भाषाओं और लिखने के लिए जब कलम पकड़ी जाती है तो पहला चुनाव देवनागरी ही होती है। वर्तमान समय में भी यह आदत बदली नहीं है। बल्कि हम अपनी लिपि को तकनीक के सुंदर ढांचे में शीर्ष पर देखना चाहते हैं। अन्यथा हमें नागरी में लिखी जानेवाली भाषाओं के स्वतंत्र की-बोर्ड बाजार में उपलब्ध नहीं होते। हमारा काम यूनीकोड से चल रहा था, लेकिन उसके अभ्यस्त लोग भी नागरी को समय के साथ उसके अपने स्वरूप में देखने की लालसा रोक नहीं पाए। यही कारण है कि तकनीकी माध्यमों में भी धीमी गति से ही सही; परंतु नागरी चल रही है। तभी इस गति में तीव्रता लाने की हमारी कोशिश मरी नहीं है। विश्व स्तर पर आविष्कारों का सिलसिला ज्वालामुखी के विस्फोटों की तरह समय-समय पर विश्व की सभी भाषाओं और लिपियों को आंदोलित करता रहा है। निश्चित रूप से हमारी देवनागरी लिपि इससे अछूती नहीं रह सकती है। लेकिन अपने स्वभाव के अनुरूप इसने समय के साथ न केवल इन विस्फोटों से सफलतापूर्वक अपना बचाव किया है बल्कि जगत में अपनी विलक्षणता भी प्रमाणित की है। इसका सर्वोत्तम उदाहरण आज के दौर में इसका बने रहना है। व्यवसाय से लेकर, नौकरी पेशा यहां तक कि तकनीकी जगत में भी नागरी की प्रासंगिता वर्तमान है। भारत की सभी भाषाएं, जो नागरी में लिखी जाती है-बंगला, नेपाली, मराठी, गुजराती, आसामी आदि सभी भाषाओं के रूप में होनेवाला विकास नागरी का ही विकास है। एक शिरोरेखा जहां, जिस भाषा में खींच दी जाती है, वहीं भारत की यह प्राचीन लिपि एक नया इतिहास रच देती है। भोजपुरी, मैथिली का स्वतंत्र साहित्य इसी एक शिरोरेखा के तले समृद्ध हो रहा है। अनगिनत अभिव्यक्तियों की आधार यह नागरी भारतीय अभिव्यक्ति की प्राणवत्ता को बनाए रखने और लेखकों के यश की स्वामिनी बनने में अवश्य खरी उतरती है। यही कारण है कि इसमें असंख्य संभावनाओं के द्वार बिना ढूंढ़े मिलते हैं। परिस्थिति के अनुसार इसका प्रयोग होता चला जाता है और हमारी अभिव्यक्ति 21वीं सदी में असंख्य संभावनाओं को नागरी लिपि के माध्यम से तलाश सकती है।

● अनूपा सिंह
उत्तर 24 परगना, ग्वालपाड़ा

शीत विदा हो गई

शीत विदा हो गई
कंपकपी भी खो गई
चला गया बसंत अब
पुरवा का भी अंत अब

जलने लगा भास्कर
गर्म हवा का कहर
धूप पसीना औ लू
ही गए हैं रूबरू

ताप की हठधर्मी ये
ले के आई गर्मी ये
चाहो न बीमारी जो
रखना सावधानी तो

नीबू पुदीना औ प्याज
ठंडे देशी पेय राज
खुल के इस्तेमाल हो
तो तन नहीं बेहाल हो।

● राज शुक्ल
औरैया, यू पी

पाठकों से अनुरोध

पाठकों से अनुरोध है कि आप अपने सुझाव, प्रतिक्रिया और रचनाएं हमारे दैनिक में प्रकाशनार्थ प्रेषित करते रहें। कृपया साथ में अपने 'स्टैंप साइज' फोटो एवं मोबाइल नंबर अवश्य भेजें।

वाट्सएप नंबर : 69012-41522
e-mail ID : purvanchalrachna@gmail.com

संक्षिप्त

खड़े डम्फर से टकराई कार पांच लोगों की मौत

डंफर से टकराने के बाद दुर्घटनाग्रस्त वाहन

अलवर। राजस्थान में अलवर के जिले के शाहजहांपुर थाना क्षेत्र में आज के एक कार के सड़क किनारे खड़े डम्फर से टकराने से पांच लोगों की मौत हो गई। थाना प्रभारी अजीत बडसरा ने बताया कि जयपुर-देहली राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रागपुरा से गुरुग्राम जा रही एक तेज गति कार ऑवर ब्रिज से उतरने के दौरान पीएनबी के सामने अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े डम्फर से टकरा गई। इससे धर्मपाल सैनी (25) एवं उसके चचेरे भाई रतन सैनी (23) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि धर्मपाल सैनी का पुत्र हिमांशु (चार महीने), उसकी पत्नी मनु सैनी (23) और साली सीमा सैनी (15) गंभीर रुप से घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने एम्बुलेंस से नीमराना के एक अस्पताल में भर्ती करवाया जहां उपचार के दौरान तीनों ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिए। **वार्ता**

गया में मतदान केंद्र के निकट से आईईडी बम बरामद

गया। बिहार में उग्रवाद प्रभावित औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के गया जिले के डुमरिया स्थित मतदान केंद्र संख्या नौ के निकट से आज पुलिस ने एक आईईडी बम बरामद कर नक्सलियों के मंसूबे पर पानी फेर दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने यहां बताया कि नक्सलियों ने मतदान को प्रभावित करने के उद्देश्य से डुमरिया प्रखंड के अनरबन सलैया गांव स्थित एक स्कूल में बने मतदान केंद्र के निकट आईईडी बम लगा रखा था। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और स्थानीय पुलिस ने बम को बरामद कर लिया है। श्री मिश्रा ने बताया कि बमों को निष्क्रिय करने की प्रक्रिया चल रही है। बम की बरामदगी के बाद नक्सलियों के मतदान बाधित करने का उद्देश्य विफल हो गया है। **वार्ता**

स्मैक बेचते दो युवक गिरफ्तार

श्रीगंगानगर। राजस्थान में श्रीगंगानगर जिले के हिंदूमलकोट थाना क्षेत्र में पुलिस ने दो युवकों को स्मैक बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि कल रात पुलिस ने पंजाब मार्ग पर गश्त के दौरान पंजाब की ओर से मोटरसाइकिल पर आ रहे दो युवकों को संदिग्ध लगने पर पीछा करके पकड़ा तो ढाई ग्राम स्मैक, इलेक्ट्रॉनिक कांटा और स्मैक की बिक्री के तीन हजार 120 रुपए बरामद हुए। पुलिस ने बताया कि दोनों युवक पक्की गांव निवासी सुनील तथा अमरजीत हैं। पुलिस ने बताया कि यह दोनों स्मैक का सेवन करते हैं और बेचते भी हैं। पुलिस के अनुसार इनके संबंध पंजाब के समीपवर्ती क्षेत्र के तस्करों के साथ होने की बात सामने आई है। पूछताछ में सुनील और अमरजीत ने बताया कि उन्हें स्मैक हरियाणा के सिरसा जिले का एक व्यक्ति देकर जाता था। **वार्ता**

वैध पहचान पत्र के बिना मोबाइल कनेक्शन नहीं दिए जाएं

जयपुर। राजस्थान में जयपुर के पुलिस उपायुक्त ललित किशोर शर्मा ने जयपुर में सभी मोबाईल फोन सेवा प्रदाता कंपनियों के रिटेलर्स, सब रिटेलर्स और दुकानदारों को ग्राहक की वैध पहचान और पते के सत्यापन के बिना सिम कार्ड, सैल्यूलर मोबाईल फोन कनेक्शन नहीं देने के आदेश दिये हैं। आधिकारिक सूत्रों ने आज बताया कि आदेश के मुताबिक विभिन्न सेल्यूलर मोबाईल फोन सेवा प्रदाता कम्पनियों के रिटेलर्स एवं सब-रिटेलर्स द्वारा दूसरों के नाम एवं छद्म नाम के फजी पहचान-पत्रों के आधार पर और पते का भैतिक सत्यापन किये बिना कनेक्शन एवं सिम कार्ड जारी किए जा रहे हैं। इससे समाज और राष्ट्र विरोधी, आंतकवादियों तत्वों द्वारा इनका आपराधिक कृत्यों में इनका दुरुपयोग करने की शिकायतें मिली हैं। इसके मद्देनजर श्री शर्मा ने यह आदेश दिया है। **वार्ता**

एके 47 बरामदगी मामले में तीन अभियुक्तों को मिली जमानत

पटना। मध्यप्रदेश के जबलपुर आयुध डिपो से चोरी गये अत्याधुनिक राइफल ए.के.47 की बिहार के मुंगेर जिले से बरामदगी के मामले में तय समयसीमा के अंदर आरोप-पत्र दाखिल नहीं होने के कारण राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की पटना स्थित विशेष अदालत ने आज तीन अभियुक्तों को जमानत पर मुक्त करने का आदेश दिया। विशेष न्यायाधीश अजीत कुमार सिन्हा की अदालत में इस मामले में जेल में बंद अभियुक्त सुरेश शर्मा, पवन मंडल और सनोज यादव की ओर से दाखिल याचिका में कहा गया कि अनुसंधान के लिए 180 दिनों की निश्चित अवधि पूरी होने के बावजूद उनके खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल नहीं किया गया है। इसलिए, दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 167 (2) के तहत उन्हें जमानत पर मुक्त किया जाये। न्यायालय ने प्रार्थना स्वीकार करते हुए तीनों अभियुक्त को दस-दस हजार रुपये के दो जमानतदारों के साथ उसी राशि का बंध-पत्र (बॉन्ड पेपर) दाखिल करने की स्थिति में जमानत पर मुक्त करने का आदेश दिया। गौरतलब है कि वर्ष 2018 में पुलिस ने मुंगेर से तीन ए.के.47 बरामद की थी। मुंगेर मुफस्सिल थाने में इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। बाद में पता चला कि मध्यप्रदेश के जबलपुर स्थित सेना के आयुध डिपो से 29 अगस्त 2018 को 21 ए.के.47 राइफल की चोरी हुई थी, जिसमें डिपो के कर्मियों का भी हाथ था। मुंगेर से गिरफ्तार अभियुक्त के बयान से पता चला कि जबलपुर से चोरी गई राइफलों को माओवादियों और अन्य अपराधियों को बेचा गया है।

बिजली का करंट लगने से भाई-बहन की मौत

भागलपुर। बिहार में भागलपुर जिले के इशाचक थाना क्षेत्र के बरहपुरा मुहल्ला में आज बिजली का करंट लगने से भाई-बहन की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि बरहपुरा मुहल्ला निवासी बेबी लाडली (20) घर के आंगन में कपड़ा सुखने के लिए डाल रही थी तभी बिजली के तार के संपर्क में आ गई। बेबी लाडली को बचाने के क्रम में उसका भाई मोहम्मद उमर (10) भी करंट के चपेट में आ गया। इस दुर्घटना में भाई-बहन की मौके पर ही मौत हो गई। सूत्रों ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। **वार्ता**

भाजपा राम मंदिर निर्माण के लिए प्रतिबद्ध : सुरेश प्रभु

रांची। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु ने आज कहा कि इस चुनाव में पार्टी का मुख्य एजेंडा विकास है लेकिन वह राम मंदिर निर्माण, अनुच्छेद 370 समाप्त करने समेत अन्य मुद्दों के लिए भी प्रतिबद्ध है। श्री प्रभु ने यहां भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में सवालों के जवाब देते हुए कहा कि इसमें कोई शक नहीं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में बड़े पैमाने पर विकास कार्य हुए हैं। लेकिन, इसका कतई अर्थ नहीं है कि भाजपा के लिए राम मंदिर निर्माण, अनुच्छेद 370 को समाप्त करने समेत अन्य मुद्दे गौण हो गए हैं। इन सभी मुद्दों के लिए वह प्रतिबद्ध है। **वार्ता**

जनता को डराने में जुटा है डरा हुआ विपक्ष : मोदी

भागलपुर (बिहार)। प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी ने गुरुवार को चुनावी रैली के दौरान विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए, कहा कि 'महामिलावटी गैंग' खुद डरा हुआ है, इसलिए लोगों को डराने में लगा है। भागलपुर में राजग उम्मीदवार के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जो पाकिस्तान का राग अलापते हैं, पाकिस्तान से पैसा लेते हैं, उन पर कोई भरोसा कर सकता है क्या? दरअसल ये लोग खुद डरे हुए हैं, अविश्वास से घिरे हुए हैं इसलिए देश को डरा रहे हैं। महामिलावटी नेता डर फैला रहे हैं कि अगर इस बार मोदी आ गया तो देश में चुनाव ही खत्म हो जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि महामिलावटी नेता यह भी डर फैला रहे हैं कि अगर मोदी फिर से सत्ता में आ गया तो संवैधानिक संस्थाएं खत्म हो जाएंगी। मोदी आरक्षण खत्म कर देगा जबकि आपका यह चौकीदार, बाबा साहेब (भीम राव) आंबेडकर की आरक्षण व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पूरी ताकत लगा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि गरीब (सवर्ण) की संतान के लिए, जिस दस प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है वह किसी को भी नुकसान पहुंचाए बिना किया गया है। हमने ईमानदारी के साथ समाज में सद्भावना बनाए रखने और तनाव पैदा ना हो इसका रास्ता खोज लिया है। मोदी ने अपने विरोधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि इनका डर और हार इनकी हताशा का सबूत है। इनका डर और छटपटाहट अस्तित्व बचाने के लिए है। उन्हें डर तो किसी और बात का है लेकिन बताते कुछ और हैं। विपक्ष पर डरे होने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि मोदी जब फिर आएगा तो... इनकी भ्रष्टाचार की दुकानें पूरी तरह बंद हो जाएंगी। वंशवादी राजनीति के दिन लद जाएंगे। रक्षा सौदों की इनकी दलाली बंद हो जाएगी। गरीबों के नाम पर इनकी ठगी बंद हो जाएगी। टुकड़े-टुकड़े गैंग ही टुकड़े-टुकड़े होकर बिखर जाएगा। मोदी ने कहा कि एकतरफ इनका ये डर है तो दूसरी तरफ विकास के प्रति हमारा ट्रैक रिकार्ड है। एक बार फिर राष्ट्रवाद और राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए मोदी ने कहा कि सुरक्षा चाहे आपके हितों की हो, आपके सम्मान की हो या देश की सीमाओं की हो। ये सबसे जरूरी है। शांति की बात भी वही कर सकता है जिसकी भुजाओं में दम होता है। मोदी ने सवाल किया कि आपको पता है कि 2014 से पहले पाकिस्तान का रवैया क्या था? आतंकवादी भी पाकिस्तान भेजता था और फिर हमलों के बाद धमकियां भी वही देता था। कांग्रेस की अगुवाई वाली सरकार सिर्फ कागजी कार्रवाई में उलझकर रह जाती थी, क्या भारत को ऐसे ही रहना चाहिए? आतंकवाद और आतंकवादी गतिविधियों के वित्त पोषण के मामले में चल रही कार्रवाई का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हम जम्मू-कश्मीर में आतंक के ठिकानों का पता लगा लेंगे। पाकिस्तान से पैसा लेने वालों को जेल में डालेंगे। **भाषा**

भागलपुर में चुनावी रैली के दौरान प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सम्मानित करते पार्टी के कार्यकर्ता व अन्य।

बिहार : लोस की 4 सीटों पर 53 प्रतिशत मतदान

पटना। बिहार में बृहस्पतिवार को लोकसभा की चार सीटों- औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई तथा विधानसभा की एक सीट नवादा के लिए मतदान समाप्त हो गया। शाम 6 बजे तक इन चारों लोकसभा क्षेत्रों में 53 प्रतिशत मतदान हुआ। लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के तहत राज्य की चार सीटों पर आज वोट डाले गए। बिहार के अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि शाम छह बजे तक इन चारों लोकसभा क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत औसतन करीब 53 प्रतिशत रहा। औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई में शाम छह बजे तक क्रमश: 49.85 प्रतिशत, 56.00 प्रतिशत, 52.50 प्रतिशत और 54.00 प्रतिशत मतदान हुआ। जमुई और नवादा लोकसभा क्षेत्रों में मतदान के बहिष्कार की कुछ घटनाओं के अलावा पुलिस ने औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र में मतदान केंद्र संख्या नौ से एक केन बम सहित तीन बम बरामद किए। औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के कुटुंबा, रफीगंज, गुरूआ, इमामगंज एवं टेकारी, गया के शेरघाटी, बाराचट्टी एवं बोधगया, नवादा के रजौली एवं गोविंदपुर तथा जमुई लोकसभा क्षेत्र के सिकंदरा, जमुई, झाझा, चकाई एवं तारापुर विधानसभा क्षेत्रों में मतदान शाम 4 बजे समाप्त हो गया था। वहीं औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के औरंगाबाद विधानसभा क्षेत्र, गया लोकसभा क्षेत्र में गया टाउन, बेलागंज, वजीरगंज विधानसभा क्षेत्रों, नवादा लोकसभा क्षेत्र के बरबीघा, नवादा, बेलागंज, वारिसलीगंज विस क्षेत्रों, जमुई लोकसभा क्षेत्र के शेखपुरा विधानसभा क्षेत्र में मतदान शाम 6 बजे तक जारी रहा। राजद के विधायक रहे राजवल्लभ यादव को बलात्कार के एक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद नवादा विधानसभा सीट पर उपचुनाव कराने की जरूरत पड़ी। बिहार में इन सभी सीटों पर शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने के लिए नक्सल प्रभावित मतदान केंद्रों पर अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती की गई थी। **भाषा**

राजस्थान:कांग्रेस की *न्याय* योजना के सामने भाजपा का राष्ट्रवाद मुद्दा

जयपुर। राजस्थान में लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार में कांग्रेस के लिए 'न्याय' और भाजपा के लिए 'एक बार फिर मोदी' प्रमुख मुद्दा है। वरिष्ठ पत्रकार ईशमधु तलवार कहते हैं कि राजस्थान में भाजपा के लिए तो एक ही मुद्दा है और वह है मोदी। मैं तो कई इलाकों में घूम आया। भाजपा के नेता मोदी के अलावा कोई बात ही नहीं करते। भाजपा के बाड़मेर जिलाध्यक्ष दिलीप पालीवाल ने मुद्दे के बारे में पूछने पर कहा कि मुद्दा वही है राष्ट्रवाद और नरेंद्र मोदी को फिर प्रधानमंत्री बनाना। तलवार के अनुसार, कांग्रेस के नेता न्याय के साथ साथ रोजगार, युवाओं की बात करते हैं और यह उनके चुनावी घोषणा पत्र में भी है लेकिन शायद भाजपा और उसके प्रत्याशियों के लिए ये मुद्दे गौण हो गए हैं और वहां मोदी व राष्ट्रवाद बड़ा मुद्दा हो गया है। राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के तेवर प्रधानमंत्री मोदी को लेकर तीखे हैं और वह जनता से उनके लटके झटकों से सावधान रहने को कहते हैं। बृहस्पतिवार को जयपुर में एक सभा में गहलोत ने कहा कि राज्य का मुख्यमंत्री होने के नाते मेरी जिम्मेदारी है कि मैं प्रदेश की जनता को आगाह करूं कि देश में लोकतंत्र और संविधान खतरे में है क्योंकि भाजपा वालों ने मुखौटा भले ही लोकतंत्र का पहना हो लेकिन उनकी सोच फासीवादी है। अगर ये एक और चुनाव जीत गए तो अगले पचास साल चुनाव होंगे या नहीं, कोई नहीं जानता। गंगानगर के पुस्तक विक्रेता प्रदीप के अनुसार कि मुद्दा जैसा कुछ तो नजर नहीं आ रहा है। सब अपने काम में लगे हैं चाहे भाजपा वाले हों या कांग्रेस वाले या कोई और। इसके साथ ही उन्होंने स्वीकार किया कि भाजपा के लिए मोदी तो कांग्रेस के लिए न्याय योजना इस चुनाव में प्रमुख मुद्दा है। राज्य की 25 लोकसभा सीटें हैं। 2014 के पिछले चुनाव में सारी सीटें भाजपा के खाते में गई थीं। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, आमतौर पर राज्य में जिसकी सरकार होती है लोकसभा चुनाव के परिणाम उसी के पक्ष में जाते हैं। इस बार भी इस परंपरा का फायदा का कांग्रेस को मिल सकता है। लेकिन उसके लिए भी राह इतनी आसान नहीं है। राज्य में कांग्रेस के प्रचार की बागडोर अभी मुख्यमंत्री गहलोत और उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने संभाल रखी है वहीं भाजपा की ओर से चुनाव प्रभारी प्रकाश जावड़ेकर, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी और प्रदेशाध्यक्ष मदन लाल सैनी मैदान में डटे हैं। राजस्थान में पहले चरण में 13 सीटों के लिए 29 अप्रैल को और दूसरे चरण में 12 सीटों के लिए छह मई को मतदान होगा।

सूर्योपासना के महापर्व चैती छठ पर डूबते सूर्य को अर्घ्य

पटना। बिहार में सूर्योपासना के महापर्व चैती छठ के अवसर पर आज व्रतधारियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को नदी और तालाब में खड़े होकर प्रथम अर्घ्य अर्पित किया। गंगा नदी में हजारों महिला और पुरुष व्रतधारियों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किए। इस अवसर पर लाखों लोगों ने पवित्र गंगा नदी में स्नान भी किया। सुबह से ही आज गंगा नदी की ओर जाने वाले सभी मार्ग छठ व्रत एवं सूर्य आराधना के भक्तिपूर्ण एवं कर्णप्रिय गीतों से गुंजायमान रहे। पटना जिला प्रशासन ने गंगा नदी के घाटों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये हैं। प्रशासन की ओर से गंगा नदी में नौका के परिचालन पर भी कल दोपहर तक के लिए रोक लगा दी गई है। छठ घाटों पर पटाखे छोड़ने पर भी प्रतिबंध है। छठ व्रतियों के लिये गंगा घाटों को साफ-सुथरा किया गया है और विशेष रूप से सजाया भी गया है। इसके साथ ही गंगा नदी की ओर जाने वाले मार्गों पर तोरण द्वारा बनाए गए हैं और पूरे मार्ग को रंगीन बल्बों से सजाया गया है। पारिवारिक और शारीरिक सुख-शांति के लिए मनाए जाने वाले इस महापर्व के चौथे दिन कल व्रतधारी फिर नदियों और तालाबों में खड़े हो कर उदीयमान सूर्य को दूसरा अर्घ्य देंगे। दूसरा अर्घ्य अर्पित करने के बाद ही श्रद्धालुओं का 36 घंटे का निराहार व्रत समाप्त होगा और वे अन्न ग्रहण करेंगे। गौरतलब है कि चार दिवसीय यह महापर्व नहाय खाय से शुरू होता और उस दिन श्रद्धालु नदियों और तलाबों में स्नान करने के बाद शुद्ध घी में बना अरवा चावल का भोजन ग्रहण करते हैं।

बिहार में चार लोस सीटों पर प्रथम चरण के मतदान के दौरान नवादा में एक मतदान केंद्र पर अपना वोट डालने के बाद स्याही दिखाती एक बुजुर्ग महिला। दूसरे चित्र में जमुई जिले में मतदान करने के बाद मतदान चिन्ह दिखाती एक महिला।

हरियाणा : उम्मीदवारों के नाम पर 10 जनपथ में कांग्रेस का मंथन शुरू

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारों के नाम तय करने के लिए कांग्रेस नेताओं की 10 जनपथ पर बैठक हो रही है। इस बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी, अहमद पटेल, गुलाम नबी आजाद, भूपेंद्र हुड्डा, अशोक तंवर, रणदीप सुरजेवाला, किरण चौधरी मौजूद हैं। कांग्रेस में 6 उम्मीदवारों का नाम लगभग तय है अब 4 सीटों पर पेंच फंसा हुआ है। सिरसा से अशोक तंवर, हिसार से कुलदीप बिश्नोई के बेटे भव्य बिश्नोई, कुरुक्षेत्र के नवीन जिंदल, अम्बाला से कुमारी शैलजा, भिवानी से श्रुति चौधरी और रोहतक से दीपेंद्र हुड्डा का नाम तय है। अब गुड़गांव, फरीदाबाद, करनाल और सोनीपत सीट पर उम्मीदवारों के नाम की चर्चा चल रही है।

दौसा लोकसभा सीट पर भाजपा के उम्मीदवार को लेकर खींचतान जारी

जयपुर। राजस्थान में दूसरे चरण के नामांकन की प्रक्रिया बुधवार से शुरू हो गई है लेकिन दौसा लोकसभा सीट पर भाजपा के उम्मीदवार को लेकर अभी तक संशय की स्थिति है। प्रत्याशी को लेकर पार्टी में खींचतान जारी है। राज्य में मतदान दो चरणों में होना है। दूसरे चरण की 12 सीटों में से एक, दौसा लोकसभा क्षेत्र में आगामी छह मई को मतदान होगा। राज्य की 25 सीटों में से दौसा लोकसभा सीट एक मात्र सीट है जहां भाजपा ने अभी तक अपना उम्मीदवार तय नहीं किया है। दौसा लोकसभा सीट पर भाजपा नेता और राज्यसभा सांसद किरोड़ी मीणा अपनी पत्नी गोलमा देवी के लिये टिकट की मांग कर रहे हैं वहीं हाल ही में सम्पन्न विधानसभा चुनावों में भाजपा का टिकट नहीं मिलने पर निर्दलीय विधायक के रूप में चुनाव लड़कर विधायक बने ओमप्रकाश हुड्डला अपनी दावेदारी की ताल ठोक रहे हैं। इसी बीच बुधवार को अफवाहों का दौर चला की पार्टी ने पूर्व सांसद जसकौर मीणा को दौसा पर अपना उम्मीदवार तय कर दिया है। हुड्डला और मीणा एक दूसरे के राजनीतिक प्रतिद्वंदी हैं। हुड्डला को पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का समर्थन प्राप्त है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन लाल सैनी ने गुरुवार को कहा कि अभी तक दौसा लोकसभा सीट के उम्मीदवार को लेकर असमंजस है। अभी तस्वीर साफ नहीं हो पाई है। इस संबंध में राज्य ईकाई के पास अभी तक कोई सूचना नहीं है।

भाकपा माओवादी का इनामी उग्रवादी गिरफ्तार

भभुआ। बिहार में कैमूर जिले के करमचट थाना क्षेत्र के दुर्गावती जलाशय परियोजना के निकट से पुलिस ने आज प्रतिबंधित नक्सली संगठन भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के उग्रवादी हरि यादव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक दिलनवाज अहमद ने यहां बताया कि सूचना के आधार पर दुर्गावती जलाशय परियोजना के निकट से उक्त प्रतिबंधित नक्सली संगठन के उग्रवादी हरि यादव को गिरफ्तार किया गया है। **वार्ता**

पुत्रमोह में जकड़े हैं गहलोत : राठौड़

जयपुर। राजस्थान विधानसभा में विपक्ष के उपनेता राजेंद्र राठौड़ ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा है कि पुत्रमोह में जकड़े राज्य सरकार के मुखिया अशोक गहलोत बेटे को जोधपुर से सांसद बनाने के लिए पिछले तीन दिनों से जोधपुर में ही डेरा डाले रहे जिससे राज्य में अपराधी बेखौफ होकर वारदातों के अंजाम दे रहे हैं। श्री राठौड़ ने आज यहां पत्रकारों से कहा की श्री गहलोत अपनी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को खुश करने के लिए अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। वह मुख्यमंत्री होकर संवैधानिक संस्थाओं पर प्रश्न चिह्न लगाते हैं, कभी एयर स्ट्राइक पर सवाल करते हैं तो बेवजह चुनाव आयोग पर भी टिप्पणी कर डालते हैं। गहलोत निर्वाचन आयोग पर लोकतंत्र में भय का वातावरण बनाने का आरोप लगाते है तो दूसरी ओर उन्हीं के राज में जिला कलेक्टर भाजपा के नेताओं एवं विधायक पर धमकाने का आरोप लगाकर इस्तगासा दायर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गहलोत सरकार में अपराधियों के हौंसले इतने बुलन्द हैं कि वे धौलपुर में पुलिस अधीक्षक पर ही फायरिंग कर रहे हैं। इतना ही नहीं उसके अगले ही दिन बजरी माफियाओं ने कोतवाल पर भी फायरिंग कर डाली, इससे जाहिर होता है कि सत्ताधारी पार्टी का इन माफियाओं को पूर्ण संरक्षण प्राप्त है। श्री राठौड़ ने कहा कि कानून व्यवस्था का हाल यह हैं कि दो महीने पहले मुख्यमंत्री निवास से दो किलोमीटर की दूरी पर ही एक चैकीदार को जिन्दा जला दिया जाता है और अपराधी अब तक पुलिस की पकड़ से दूर है।

झुंझुनूं में उद्योगपति बिड़ला को भी चुनाव में झेलनी पड़ी थी हार

झुंझुनूं। राजस्थान में झुंझुनूं लोकसभा क्षेत्र एक खास चुनाव के लिये याद किया जाता है जब देश के बड़े उद्योगपति केके बिड़ला को एक सामान्य परिवार के किसान के हाथों हार का सामना करना पड़ा। जानकारों के अनुसार वर्ष 1971 में लोकसभा चुनाव में झुंझुनूं क्षेत्र से उस समय के देश के सबसे बड़े उद्योगपतियों में से एक कृष्ण कुमार बिड़ला स्वतंत्र पार्टी की टिकट पर चुनाव लड़े थे। कांग्रेस ने उनके सामने एक सामान्य किसान परिवार के शिवनाथ सिंह गिल को मैदान में उतारा था। उस चुनाव में कांग्रेस ने राजा बनाम रंक का नारा दिया था। इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री थी। पाकिस्तान के दो टुकड़े करने, बैंकों का राष्ट्रीयकरण करने, गरीबी हटाओ के नारे से देश में उनके पक्ष में जबरदस्त हवा चल रही थी। इंदिरा गांधी की लहर में श्री बिड़ला शिवनाथ सिंह गिल से 98 हजार 949 मतों से हार गए थे। उस चुनाव में कांग्रेस के शिवनाथ सिंह गिल को दो लाख 23 हजार 286 (59.79 प्रतिशत) एवं के के बिड़ला को एक लाख 24 हजार 337 (33.30 प्रतिशत) मत मिले थे। उस चुनाव में हुयी बिड़ला की हार दुनिया भर में सुर्खियां बन गई थी। 1971 के चुनाव में वोट डालने वाले बुजुर्गों ने बताया कि वह चुनाव ऐतिहासिक था। जीत के लिए बिड़ला ने क्षेत्र में पानी की तरह पैसा बहाया था। पूरे लोकसभा क्षेत्र में लोगों को कम्बल, रजाई एवं अन्य सामग्रियां बंटवाई गई थी। गांव-

गांव में बिड़ला के चुनावी कार्यालय खोले गए थे, जहां लोगों के खाने के पूरे इन्तजाम किए गए थे। शेखावाटी क्षेत्र के जो लोग बिड़ला परिवार के कारखानों में नौकरियां करते थे, उन सबको सवैतनिक अवकाश देकर झुंझुनूं में प्रचार करने के लिए भेजा गया था। अपने चुनाव प्रचार के दौरान बिड़ला कहते थे कि यदि चुनाव जीत गया तो झुंझुनूं जिले में बड़ा कारखाना लगा दूंगा ताकि यहां के लोगों को रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पड़े, लेकिन उस समय देशभर में जनता को इंदिरा गांधी में नई रोशनी दिख रही थी। लोगों में एक जुनून व्याप्त था। लिहाजा मतदाताओं ने बिड़ला की एक नहीं सुनी। उस चुनाव में इंदिरा गांधी के नाम पर वोट डाला गया था। किसान एवं उद्योगपति की इस ऐतिहासिक टक्कर में किसानों ने एकजुटता दिखाई, और जीत कांग्रेस के किसान नेता शिवनाथ सिंह गिल की हुई। 1971 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के जाट प्रत्याशी शिवनाथ सिंह गिल की जीत से जाट बहुल झुंझुनूं लोकसभा सीट पर पहली बार जाटों को अपनी वोट की ताकत का एहसास हुआ था। उसके बाद 1980, 1985 और 1991 को छोड़कर झुंझुनूं से सदैव जाट प्रत्याशी ही जीतता आ रहा है। वर्ष 1971 से पहले चार चुनावों में झुंझुनूं सीट पर धन्नासेठों का ही कब्जा था। वर्ष 1952 से 1962 तक लगातार तीन बार कांग्रेस के प्रत्याशी एवं उद्योगपति आर.आर. मोरारका जीतते रहे थे। 1967 के चुनाव में यहां से कांग्रेस का वर्चस्व टूटा एवं स्वतंत्र पार्टी के प्रत्याशी एवं उद्योगपति राधाकृष्ण बिड़ला ने कांग्रेस के मोरारका को हराया था, लेकिन 1971 में के के बिड़ला की हार ने देश की राजनीति से उद्योगपतियों को ही दूर कर दिया। राजस्थान में झुंझुनूं जिले के पिलानी के निवासी के के बिड़ला के पिता घनश्यामदास बिड़ला की गिनती उस समय देश के शीर्ष उद्योगपतियों में होती थी। वह महात्मा गांधी के भी करीबी रहे थे। के के बिड़ला के पिता सेठ घनश्यामदास बिड़ला ने ही पिलानी में विश्व प्रसिद्ध बिड़ला प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान (बिट्स) की स्थापना की थी, जहां देश -विदेश के हजारों छात्र अनवरत अध्ययनरत हैं। 1971 में चुनाव हारने के बाद कांग्रेस के करीब चले गये और 1984 से 2002 तक राजस्थान से कांग्रेस के रास सदस्य रहे। भारत सरकार ने केके बिड़ला की मृत्यु के पश्चात उनकी स्मृति में 2009 में एक डाक टिकट भी जारी किया था। **वार्ता**

मुद्रा	सर्राफा बाजार		शेयर मार्केट	
$ = 68.92 रुपए (+19 पैसा)	सोना स्टैंडर्ड प्रति 10 ग्राम:	33,020 (–50 रुपए)	सेंसेक्स	निफ्टी
	सोना बिटुर प्रति 10 ग्राम:	32,850 (– 50 रुपए)	खुला 38,621.585 (+ 36.23)	खुला 11,592.55 (+8.25)
	चांदी हाजिर प्रति किलो:	38,550 (–175 रुपए)	बंद 38,607.01 (+21.66)	बंद 11,596.70 (+12.40)

टॉप गेनर (निफ्टी)			
इंडियाबुल्स हाउसिंग	845.80 (+2.60%)	बजाज ऑटो	2,993.70 (+1.73%)
बजाज फिनसर्व	7,562.75 (+1.88%)	डॉ रेड्डीज लैब	2,811.75 (+1.69%)
भारती एयरटेल	346.35 (+1.87%)		

टॉप लूजर (निफ्टी)			
टाटा स्टील	535.70 (–1.60%)	इंफोसिस	742.70 (–1.33%)
पावर ग्रिड कॉर्प	195.55 (–1.36%)	वेदांता	181.15 (–3.90%)
सन फार्मा	465.55 (–1.36%)		

जीएसटी के तहत अंतिम बिक्री रिटर्न भरने का कल आखिरी दिन

नई दिल्ली। सरकार ने मार्च महीने के लिए अंतिम बिक्री रिटर्न फार्म जीएसटीआर-1 दाखिल करने की समयसीमा दो दिन बढ़ाकर 13 अप्रैल कर दी। इसी तरह मार्च के लिए स्रोत पर की गई कर कटौती (टीडीएस) की रिटर्न जीएसटीआर-7 भरने की समयसीमा 12 अप्रैल तक बढ़ा दी गई। इससे पहले जीएसटीआर-1 की समयसीमा 11 अप्रैल और जीएसटीआर-7 की समयसीमा 10 अप्रैल थी। केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड ने एक अधिसूचना में कहा कि केन्द्रीय माल एवं सेवाकर नियम 2017 के तहत मार्च 2019 माह के लिए माल एवं सेवाओं की भेजी गई आपूर्ति अथवा दोनों का फार्म जीएसटीआर-1 में ब्योरा साझा पोर्टल के जरिए इलेक्ट्रानिक तरीके से 13 अप्रैल 2019 को अथवा इससे पहले भेजा जाना चाहिए। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमाशुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने एक अधिसूचना में इसकी जानकारी दी। बोर्ड ने रिटर्न भरने में दिक्कतें आने की कंपनियों की शिकायत आने के बाद समयसीमा बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। एएमआरजी एण्ड एसोसियेट्स के पार्टनर रजत मोहन ने कहा कि जीएसटी लागू होने के 20 माह बाद भी जीएसटीएन में तकनीकी खामियां सामने आ रही हैं। इससे समग्र कर ढांचे के अनुपालन में खामियां रहतीं हैं। जीएसटी परिषद को बेहतर जीएसटी अनुपालन नेटवर्क के लिए अपनी 'प्लान- बी' योजना बनाने की जरूरत है। **(भाषा)**

अब रिटर्न भरने में देनी होगी कर की जानकारी

नई दिल्ली। आयकर विभाग ने करदाताओं की सुविधा के लिए आईटीआर फॉर्म जारी किर दिए हैं। इस वर्ष विभाग ने एक अहम बदलाव किया है, जो आपके लिए जानना अनिवार्य है। बेसिक आईटीआर फॉर्म भरने के लिए अब करदाता को अपने कर की जानकारी विभाग को देनी होगी। ध्यान रहे कि ये नियम सिर्फ उन्हीं लोगों के लिए अनिवार्य होगा जो बेसिक इनकम टैक्स रिटर्न फॉर्म यानी आईटीआर फॉर्म-1 भर रहे हैं। विभाग के इस नियम से आपको बड़ा फायदा होगा क्योंकि इससे फर्जीवाड़े पर रोक लगाई जा सकेगी। **इन लोगों को भरना होगा आईटीआर फॉर्म-1:** 50 लाख तक की सालाना आय वालों को आईटीआर फॉर्म-1 भरना होगा। रिटर्न भरने की आखिरी तारीख 31 जुलाई 2019 है।

नरेश गोयल खरीद सकते हैं जेट एयरवेज गिरवी रखी अपनी 26 फीसदी हिस्सेदारी

नई दिल्ली। जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल कंपनी में फिर से अपनी हिस्सेदारी खरीद सकते हैं। जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल ने संकट में फंसी एयरलाइन में अपनी 26 प्रतिशत हिस्सेदारी पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के पास गिरवी रखी है। यह हिस्सेदारी कर्ज के लिए सुरक्षा गारंटी है। ऋण समाधान योजना के तहत, नरेश गोयल और उनकी पत्नी अनिता गोयल पिछले सप्ताह कंपनी के निदेशक मंडल से हट गए थे। जेट एयरवेज ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि गोयल ने पंजाब नेशनल बैंक के पास 2.95 करोड़ शेयर यानी 26.01 प्रतिशत हिस्सेदारी गिरवी रखी है। जेट एयरवेज (इंडिया) लिमिटेड द्वारा लिए गए नए / मौजूदा कर्ज के लिए सुरक्षा के तौर यह हिस्सेदारी चार अप्रैल को गिरवी रखी गई है। जानकारी के मुताबिक, इसी दिन गोयल के 5.79 करोड़ से अधिक शेयरों को जारी किया गया है। ये शेयर एयरलाइन द्वारा कर्ज के लिए सुरक्षा के तौर पर 'नहीं बिकने वाली श्रेणी' में रखे गए थे। नरेश गोयल एयरलाइन में हिस्सेदारी के लिए शुरुआती बोली जमा कर सकते हैं। एसबीआई कैप ने अंतिम बोली जमा करने की तिथि 10 अप्रैल से बढ़ाकर 12 अप्रैल कर दी है। **(भाषा)**

भारत को सरकारी बैंकों में पूंजीकरण मजबूत करने की जरूरत : आईएमएफ

वॉशिंगटन। भारत में गैर - निष्पादित कर्ज (एनपीए) यानी फंसे ऋण के ऊंचे स्तर को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने कहा कि भारत को कुछ बैंक खासकर सरकारी बैंकों में पूंजीकरण के स्तर को मजबूत करने की जरूरत है। आईएमएफ की मौद्रिक एवं पूंजी बाजार विभाग की प्रमुख एना इलियाना ने बुधवार को कहा कि बैंकों में पूंजीकरण के स्तर को मजबूत करना भारत के लिए वित्तीय क्षेत्र आकलन कार्यक्रम (एफएसएपी) की सिफारिशों में एक है। मुद्राकोष की अधिकारी ने कहा कि भारत में गैर - निष्पादित कर्ज का स्तर अभी भी काफी अधिक है। इसे देखते हुए, कुछ बैंकों खासकर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पूंजीकरण के स्तर को मजबूत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत ने बैंकों में पूंजी बफर को बढ़ाने और सरकारी बैंकों में कामकाज को बेहतर बनाने के लिए भी कुछ कदम उठाए थे। इनका कुछ सकारात्मक असर हुआ है। उन्होंने कहा कि गैर-निष्पादित कर्ज की पहचान और उनके समाधान के लिए संस्थागत तंत्र वास्तव में बैंकिंग प्रणाली से फंसे कर्ज को साफ करने की प्रक्रिया का अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को इसी दिशा में काम करना जारी रखना चाहिए। भारतीय बैंकिंग प्रणाली से जुड़े एक सवाल के जवाब में आईएमएफ के मौद्रिक एवं पूंजी बाजार विभाग के निदेशक और वित्तीय सलाहकार टोबियस एड्रियन ने कहा कि भारत में गैर - निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) का स्तर ऊंचा बना रहेगा। उन्होंने कहा कि इस मोर्चे पर कुछ सुधार हुआ है लेकिन हम भारत में एनपीए को कम करने में और प्रगति का स्वागत करेंगे। भारत सरकार ने फरवरी में कहा था कि अप्रैल-दिसंबर 2018-19 में फंसे कर्ज में 31,168 करोड़ रुपए की गिरावट हुई। **(भाषा)**

आईडीबीआई ने ऋण पर ब्याज दर में कटौती की

मुंबई। अपने बड़े प्रतिद्वंद्वियों की तर्ज पर आईडीबीआई बैंक ने विभिन्न परिपक्वता अवधि के ऋण पर ब्याज दरों में 0.05 प्रतिशत की कटौती की है। आईडीबीआई बैंक का स्वामित्व एलआईसी के पास है। बैंक ने बृहस्पतिवार को जारी बयान में कहा कि उसने एक साल के कोष की सीमान्त लागत आधारित ऋण दर (एमसीएलआर) को घटाकर नौ प्रतिशत कर दिया है। एमसीएलआर पर ही बैंक के ज्यादातर कर्ज की ब्याज दर तय होती है। छह माह और दो साल की एमसीएलआर को संशोधित कर क्रमश: 8.60 प्रतिशत और 9.25 प्रतिशत किया गया है। बैंक ने अपने एक माह के ऋण पर ब्याज दर को 0.10 प्रतिशत घटाकर 8.15 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहल भारतीय स्टेट बैंक ने विभिन्न परिपक्वता अवधि के ऋण पर ब्याज दरों में 0.05 प्रतिशत की कटौती की थी। **(भाषा)**

मतदान शुरू होने के साथ बाजार में सतर्क रुख, सेंसेक्स, निफ्टी में मामूली वृद्धि

मुंबई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को मामूली तेजी रही और सेंसेक्स 21.66 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। लोकसभा चुनाव में पहले चरण का मतदान शुरू होने के साथ ज्यादातर निवेशक बाजार से दूर रहे। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 21.66 अंक या 0.06 प्रतिशत की तेजी के साथ 38,607.01 अंक तथा एनएसई निफ्टी 12.40 अंक यानी 0.11 प्रतिशत की हल्की तेजी के साथ 11,596.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबारियों के अनुसार 18 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में फैली 91 सीटों पर आज हो रहे मतदान को लेकर निवेशकों का रुख सतर्क रहा। प्रतिभागियों को कंपनियों के वित्तीय परिणाम तथा वृहत आर्थिक आंकड़े की प्रतीक्षा है। शुक्रवार को मुद्रास्फीति और औद्योगिक उत्पादन से जुड़े वृहत आर्थिक आंकड़े जारी होंगे। सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक नुकसान में वेदांता रही। इसमें 3.72 प्रतिशत की गिरावट रही। इसके साथ एक्सिस बैंक, सन फार्मा, इन्फोसिस, पावरग्रिड, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस, एचसीएल टेक, टाटा स्टील,कोटक बैंक, एचडीएफसी, इंडसइंड बैंक तथा मारुति में भी 1.46 प्रतिशत की गिरावट रही। दूसरी तरफ भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, बजाज आटो, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स, एसबीआई, एचयूएल, एनटीपीसी, ओएनजीसी, आईटीसी तथा एशियन पेंट्स में 2.19 प्रतिशत तक की तेजी रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि बाजार सीमित दायरे में रहा और अंत में मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। निवेशक पहले चरण के लिए मतदान शुरू होने के साथ थोड़े सतर्क नजर आए और उनकी नजर कल जारी होने वाली उपभोक्ता मूल्य सूचकांक तथा आईआईपी के आंकड़ों पर होगी। **(भाषा)**

जेट के लिए दो बोलियां मिलीं

नई दिल्ली। वित्तीय संकट से जूझ रही विमानन सेवा प्रदाता कंपनी जेट एयरवेज के कर्जदाताओं को कंपनी के लिए दो बोलियां मिली हैं। बड़ी बात यह है कि एक बोली एयरलाइन कंपनी द्वारा लगाई गई है। दोनों बोलीदाताओं में एक फंड हो सकता है। उल्लेखनीय है कि जेट एयरवेज के ऋणदाताओं ने विमानन कंपनी में हिस्सेदारी खरीदने के लिए आरंभिक बोली जमा कराने की तारीख बढ़ाकर 12 अप्रैल कर दी है। माना जा रहा है कि बोलीदाताओं में से एक ऐतिहाद एयरलाइंस है, जिसकी जेट एयरवेज में पहले से हिस्सेदारी है। ऐतिहाद के क्रेमर बाल हर रोज सीबीआई के साथ बैठक कर रहे हैं। जेट के कर्जदाताओं ने पिछले सप्ताह एयरलाइंस में 75 फीसदी की हिस्सेदारी बेचने के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंट्रेस्ट मंगाने का फैसला किया था। **(एजेंसी)**

जेटली ने अमरीका में निवेशकों के साथ आर्थिक सुधारों पर की चर्चा,गरीबी कम करने पर होगा जोर

न्यूयॉर्क। वित्त मंत्री अरुण जेटली ने अमरीका में निवेशकों के साथ भारत के आर्थिक सुधारों और भविष्य के आर्थिक परिदृश्य पर बातचीत की। न्यूयॉर्क में भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने बुधवार को ट्वीट में कहा कि जेटली ने न्यूयॉर्क में निवेशकों के साथ भारत के आर्थिक सुधारों और भविष्य के लिए आर्थिक परिदृश्य पर एक दौर की गोलमेज चर्चा की। निवेशकों का रुख भारत को लेकर आशावादी है। जेटली अंतराष्ट्रीय मुद्राकोष-विश्वबैंक की बैठकों में भाग लेने के लिए अमरीका आए हैं। उन्होंने उद्योग मंडल फिक्की, भारतीय वाणिज्य दूतावास और अमरीका-भारत रणनीतिक फोरम द्वारा आयोजित सत्र में निवेशकों को संबोधित किया। फिक्की ने ट्वीट में बताया कि वित्त मंत्री ने कहा कि जब हम सुधार करते हैं, तो हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि कतार में खड़े अंतिम व्यक्ति तक लाभ को पहुंचाया जा सके। इस आयोजन में मास्टरकार्ड के सीईओ अजय बंगा समेत कारोबारी दिग्गज और निवेशक शामिल हुए। फिक्की के एक ट्वीट के अनुसार जेटली ने कहा कि सामाजिक सुधारों को लेकर कई प्रयास किए गए हैं। इनमें सभी के लिए बैंक खाते, 99 प्रतिशत आबादी की शौचालय तक पहुंच, ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क संपर्क, सभी के लिए घर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अगले पांच साल में गरीबी कम करने, बेहतर बुनियादी ढांचा प्रदान करने, पलायन के प्रबंधन के लिए नए शहर और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर ध्यान होगा। इससे पहले जेटली ने अमरीका-भारत व्यापार परिषद (यूएसआईबीसी), उद्योग मंडल सीआईआई तथा अमरीकी शेयर बाजार कंपनी नैसडक द्वारा 'भारत के सुधार एवं आर्थिक परिदृश्य' विषय पर आयोजित गोलमेज चर्चा को संबोधित किया। **(भाषा)**

भारतीय कंपनियों का विदेश में प्रत्यक्ष निवेश 18 फीसदी बढ़ा

मुंबई। भारतीय कंपनियों का विदेश में प्रत्यक्ष निवेश मार्च में 17.91 प्रतिशत बढ़कर 268.88 करोड़ डॉलर पर पहुंच गया। पिछले साल मार्च में उन्होंने विदेश में 228.04 करोड़ रुपए का निवेश किया था। रिजर्व बैंक के गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, भारतीय कंपनियों ने इस साल मार्च में विदेशों में इक्विटी में 56.50 करोड़ डॉलर और ऋण में 168.01 करोड़ डॉलर का निवेश किया। इसके अलावा उन्होंने 44.37 करोड़ डॉलर की गारंटी जारी की। मार्च 2018 में उन्होंने 129.06 करोड़ डॉलर इक्विटी में तथा 30.57 करोड़ डॉलर ऋण में निवेश किया था और 68.40 करोड़ डॉलर के गारंटी जारी किए थे। **(वार्ता)**

सार्क देशों में सबसे फिसड्डी हुआ पाक 60 रुपए किलो पहुंचा आलू का दाम

नई दिल्ली। पाकिस्तान अब सार्क देशों में सबसे फिसड्डी हो गया है। रोजाना महंगाई से जहां देश की जनता बिलख रही है, वहीं दूसरी तरफ इमरान खान ने अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष सहित कई देशों से मदद की गुहार लगाना शुरू कर दिया है। सब्जियों में टमाटर के बाद अब आलू भी काफी महंगा हो गया है।

दिवालिया होने की कगार पर देश

पाक की अर्थव्यवस्था बुरी तरह लड़खड़ा गई है। देश कर्ज के बोझ से दिवालिया होने के कगार पर है। सरकार को अपने पहले साल में 19 अरब का कर्ज चुकाना है। सूद की शक्ल में प्रतिदिन छह अरब रुपए अदा करने पड़ रहे हैं। चालू घाटा बढ़कर नौ अरब रुपए हो गया है। कर्ज चुकाने के लिए सरकार ने सरकारी संपत्तियों को बेचने का फैसला लिया है। लाख कोशिशों के बावजूद अभी तक वह अपने मित्र देशों से व आईएमएफ, विश्व बैंक से कर्जा लेने में विफल रहे है। चीन ने अब पाकिस्तान को दिवालिया होने से बचाने के लिए दो अरब डॉलर कर्ज देने का फैसला लिया है।

कर्जा माफी बना नासूर

2009 से 2015 तक 245 अरब रुपए के कर्ज माफ कराए गए। पिछले 25 साल में 988 से ज्यादा कंपनियों और रसूख वाले लोगों ने चार खरब 30 अरब छह करोड़ रुपए के कर्ज माफ कराए। कर्ज माफ कराने वालों में राजनीतिक व कारोबारी लोग शामिल हैं। **(एजेंसी)**

डीडीए के18000 फ्लैट के लिए मात्र 9000 आवेदन

नई दिल्ली। एक समय था, जब डीडीए की हाउसिंग स्कीम के हर एक फ्लैट के लिए औसतन 20 से 25 फॉर्म भरे जाते थे। इस बार डीडीए की वसंत कुंज और नरेला में 17,922 फ्लैटों की स्कीम लॉन्च हुए 15 दिन बीत चुके हैं, लेकिन महज 9 हजार लोगों के ही आवेदन मिले हैं। इनमें भी ज्यादातर की दिलचस्पी वसंत कुंज के फ्लैटों में है। कम रिस्पॉन्स की बड़ी वजह फ्लैटों की ज्यादा कीमतें और सुविधाओं की कमी बताई जा रही है। डीडीए ने इस बार पिछले दो साल की तुलना में ज्यादा फ्लैट्स निकाले हैं। साइज बड़े हैं। डीडीए का दावा है कि वह इस बार रेडी-टू-मूव फ्लैट्स देना चाहता है। हालांकि फ्लैट तैयार होने में अभी छह महीने से ज्यादा वक्त लग सकता है। पानी का इंतजाम भी अभी नहीं है। नरेला में तो जरूरी सुविधाएं भी नहीं हैं। डीडीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस बार फ्लैटों का साइज बड़ा है, लोकेशन अच्छी है इसीलिए कीमतें भी ज्यादा हैं। लेकिन बढ़ी कीमतें लोगों को अखर रही हैं। लोगों का कहना है कि इतने बजट में तो किसी अच्छी जगह फ्लैट मिल जाएगा। **(एजेंसी)**

रेल विकास निगम के शेयर की नरम शुरुआत

नई दिल्ली। रेल विकास निगम (आरवीएनएल) के शेयर की बाजार में बृहस्पतिवार को शुरुआत हल्की रही और निर्गम मूल्य 19 रुपए के मुकाबले स्थिर बंद हुआ। बीएसई में शेयर 19 रुपए पर स्थिर खुला। कारोबार के दौरान यह 3.94 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19.75 रुपए तक गया। एक समय कारोबार के दौरान यह 2.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18.60 रुपए पर आ गया था। अंत में कंपनी का शेयर 0.26 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19.05 रुपए पर बंद हुआ। नेशनल स्टाक एक्सचेंज में शेयर 19.05 रुपए पर बंद हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन बीएसई में 3,971.96 करोड़ रुपए रहा। **(भाषा)**

इलाहाबाद बैंक ने किया प्रोजेक्ट नवोदय लांच

गुवाहाटी। इलाहाबाद बैंक ने अपने बैंक के चंहुमुखी विकास के लिए देश भर में प्रोजेक्ट नवोदय का लांच किया। इस प्रोजेक्ट के तहत फिलहाल रहने वाली बैंक प्रक्रिया के संपूर्ण परिवर्तन किया जाएगा और नए कौशल समेत इसे सशक्त किया जाएगा। नवोदय के क्रियान्वयन के बाद बिजनेस डेवलपमेंट के मामले में प्राथमिक प्रकाश समेत प्रॉफिट सेंटर के रूप में पुनर्निर्धारित किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत प्रोसेसिंग सेंटरों को ग्राहकों की सुविधा के लिए बेहतर व्यवसाय व तत्कालीक व्यवसाय फैसले लेने में मददगार साबित होगा। बैंक की सभी शाखाओं को प्रोसेसिंग सेंट्रों व विशेषीकृत शाखा से संलग्न कर दिया जाएगा। ये प्रोजेक्ट पूरी तरह से ग्राहक केंद्रिक है। वृहत् निगम, मध्य निगम, कृषि एवं एसएमई वित्त के लिए विशेषीकृत शाखाओं को विभिन्न वर्गों के ग्राहकों के लिए देशभर में बनाया जाएगा। नए उत्पाद व सेवाएं भी डिजिटाइजेशन के जरिए उपलब्ध कराई जाएंगी। इस प्रोजेक्ट के तहत इलाहाबाद बैंक की जीएस रोड शाखा में आरएमपीसी (रिटेल एंड एमएसएमई प्रोसेसिंग सेंटर) का शुभारंभ किया। बैंक के डीजीएम तथा जोनल प्रमुख एम सुभ्रमनियम ने बीते 10 अप्रैल को दीप प्रज्वलित कर आरएमपीसी का उद्घाटन किया। **(प्रस)**

50 शीर्ष कारोबार करने वाले शेयर

Company Name	High	Low	Last Price	% Chg	Value (Rs.cr.)
Tata Motors	219.20	213.30	218.20	1.00	906.89
Reliance	1,353.00	1,329.00	1,346.80	1.16	768.43
Indiabulls Hsg	848.80	826.60	845.80	2.60	730.19
TCS	2,055.00	2,013.65	2,019.50	-1.02	694.23
Infosys	751.75	740.05	742.70	-1.33	610.37
Bharti Airtel	351.25	337.15	346.35	1.87	567.07
Yes Bank	270.25	264.00	269.05	0.30	543.90
HDFC	2,048.00	2,017.50	2,022.80	-0.32	511.77
HDFC Bank	2,263.00	2,236.95	2,257.50	0.90	495.12
SBI	315.40	308.70	314.90	1.29	465.02
Maruti Suzuki	7,220.00	7,150.00	7,187.85	0.02	437.74
Larsen	1,387.95	1,371.65	1,378.00	0.47	428.97
Axis Bank	761.35	747.00	752.30	-1.12	404.53
HUL	1,716.50	1,698.05	1,710.40	0.96	346.77
ICICI Bank	394.50	387.55	390.05	-1.05	339.70
M&M	679.75	669.30	672.75	0.37	327.94
Tata Steel	546.40	533.50	535.70	-1.60	327.77
ITC	297.45	293.00	296.40	0.58	317.91
Vedanta	188.45	179.40	181.15	-3.90	319.54
Bajaj Finance	3,055.00	2,992.00	3,047.85	1.65	307.33
Wipro	284.60	280.15	281.30	0.11	266.65
IOC	161.80	156.15	157.95	0.86	240.18
BPCL	364.00	356.00	361.70	1.10	228.12
Asian Paints	1,431.95	1,408.00	1,423.15	0.94	212.65
Bajaj Finserv	7,590.00	7,396.20	7,562.75	1.88	207.57
Sun Pharma	470.90	461.60	465.55	-1.36	206.57
Eicher Motors	21,073.90	20,810.40	20,998.15	0.12	204.86
UltraTechCement	4,161.00	4,093.85	4,140.15	0.22	184.52
Kotak Mahindra	1,349.95	1,333.55	1,343.20	-0.50	180.99
Dr Reddys Labs	2,815.00	2,757.85	2,811.75	1.69	178.38
IndusInd Bank	1,752.90	1,727.80	1,740.65	-0.39	167.98
HCL Tech	1,101.10	1,085.00	1,088.85	-0.90	165.80
Cipla	554.70	542.00	544.85	-0.29	163.49
Zee Entertain	415.60	406.10	410.90	-0.40	161.72
Hero Motocorp	2,612.00	2,589.65	2,601.10	0.26	158.34
Titan Company	1,106.95	1,090.10	1,105.05	0.44	155.29
Power Grid Corp	199.40	195.65	195.95	-1.36	152.08
Tech Mahindra	795.75	778.60	780.95	-1.18	146.30
UPL	930.70	918.25	922.55	-0.37	132.55
Hindalco	212.55	209.70	211.30	-0.19	124.77
Bajaj Auto	3,000.00	2,939.00	2,993.70	1.73	119.13
NTPC	136.40	134.40	135.95	1.00	117.98
JSW Steel	289.70	285.05	287.00	-0.54	90.26
Grasim	853.00	843.35	848.75	0.17	89.96
ONGC	159.40	155.90	158.60	0.38	83.13
Britannia	2,974.05	2,940.00	2,946.05	-0.43	81.70
Coal India	241.60	238.60	240.95	0.37	80.43
GAIL	343.55	337.80	342.70	1.48	76.53
Adani Ports	383.00	377.50	379.45	-1.04	61.52
Bharti Infratel	317.00	311.05	313.35	-0.62	41.41

हब मॉल में यूनिसो का नया स्टोर लांच

गुवाहाटी। यूनिसो ने आधुनिक भारत में 'एक बेहतर रोजमर्रा की जिंदगी' के लक्ष्य से नगर के हब मॉल में एक नया यूनिसो स्टोर लांच किया। पूरी तरह से लाइफस्टाइल व फैशन उत्पादों के इस यूनिसो स्टोर के शुभारंभ के जरिए कंपनी ने देश के विभिन्न स्थानों के लोगों के लिए नई-नई शाखाओं के उद्घाटन करने की योजना बनाई है। गार्डन सिटी बैंगलुरू में पहले स्टोर लांच कर यूनिसो ने कोलकाता, जोधपुर, जयपुर एवं अब गुवाहाटी में अपना स्टोर खोला। यूनिसो एक रेगुलर लाइफस्टाइल व फैशन प्रोडाक्ट उपलब्ध करता है। **(प्रस)**

इलेक्ट्रिक स्कूटर टेको-इलेक्ट्रा पूर्वोत्तर में लांच

गुवाहाटी। रंगाली बिहू व नेक्स्ट डिजिटल होम की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर पूर्वोत्तर के प्रथम इलेक्ट्रिक स्कूटर टेको-इलेक्ट्रा को आज गुवाहाटी के बाजार में विधिवत उतारा गया। असमिया फिल्मों की अभिनेत्री वैशाली सइकिया ने आज गणेशगुड़ी के राजधानी नर्सरी स्थित नेक्स्ट डिजिटल होम में इलेक्ट्रिक स्कूटर को लांच किया। प्रथम ग्राहक के रूप में अभिनेत्री वैशाली ने चंचल चांडक को इलेक्ट्रिक स्कूटर की चाबी सौंपी। इस अवसर पर प्रमुख नरेंद्र सोनी ने कहा कि यह स्कूटर बैटरी से चलता है और इंजन से न कोई आवाज या धुआं निकलता है। ऐसे में यह पूरी तरह पर्यावरण के अनुकूल है। इस मौकेपर पार्टनर शंकर बिड़ला ने कहा कि बैटरी से चलने वाली इस स्कूटर पर प्रति किलोमीटर 10 पैसे की लागत आती है। 8 रुपए में 70 किलोमीटर का सफर तय किया जा सकता है। इस इलेक्ट्रॉनिक स्कूटर केलिए रखरखाव, पंजीकरण, बीमा, लाइसेंस शुल्क आदि की आवश्यकता नहीं होती है। स्कूटर की विशेषता के संदर्भ में राहुल सोनी ने बताया कि सेंट्रल लॉकिंग सिस्टम, एलईडी हेड लाइट, ट्यूबलेस टायर्स, फ्रंट डिस्क ब्रेक, डिजिटल स्पीडोमीटर, मोबाइल चार्जिंग यूएसबी पोर्ट, बड़े बूट स्पेस, फास्ट चार्जिंग बैटरी, रिवर्स फॉरवर्ड गियर, ट्रेंडी डिजाइन, अलार्म सिस्टम प्रमुख है। राजेश सोनी ने कहा कि यह वाहन 3 मॉडल में उपलब्ध है।

संक्षिप्त

गुजरात में अगले सप्ताह रैली करेंगे राहुल और प्रियंका

अहमदाबाद। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा अगले सप्ताह गुजरात में अलग-अलग रैलियां करेंगे। राहुल गांधी 15 एवं 19 अप्रैल को राज्य के कई स्थानों पर जनसभा करेंगे तथा प्रियंका 17 अप्रैल को बनासकांठा में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। माना जा रहा है कि प्रियंका राज्य में प्रचार की शुरुआत करने से पहले अम्बाजी मंदिर में दर्शन करेंगी। गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता मनीष दोशी ने बताया, 'राहुल गांधी 15 अप्रैल को राजुला (अमरेली लोकसभा क्षेत्र) में जनसभा करेंगे। 19 अप्रैल को वह बारदोली, दाहोद और पाटन में जनसभाएं करेंगे। राहुल और प्रियंका के अलावा पंजाब सरकार के मंत्री नवजोत सिंह सिद्धू भी 16 अप्रैल को साबरकांठा और गांधीनगर में रैलियां करेंगे। गुजरात की सभी 26 लोकसभा सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान होगा। (भाषा)

अमरीका में पढ़ने जाने से पहले कर लें तसल्ली : भारतीय दूतावास

वाशिंगटन। अमरीकी विश्वविद्यालयों में तालीम पाने के ख्वाहिशमंद छात्रों को भारतीय दूतावास ने मशविरा दिया है कि वे जिस यूनिवर्सिटी में पढ़ना चाहते हैं वहां जाने से पहले तसल्ली कर लें कि कहीं धोखाधड़ी के शिकार तो होने नहीं जा रहे हैं। बीते महीने करीब 100 भारतीय छात्र उस वक्त पशोपेश में पड़ गए थे, जब उन्हें यह समझ में आया कि जिस यूनिवर्सिटी का उन्होंने फॉर्म भरा है वह वास्तव में फर्जी है। दूतावास की सलाह में कहा गया है कि ऐसे छात्र खासतौर पर तीन बातों का ख्याल रखें। पहली बात यह कि विश्वविद्यालय किसी कैम्पस से चल रहा है या फिर उसके पास महज प्रशासनिक कमरा है और वह वेबसाइट ही चला रहा है। भाषा

चीन में मालगाड़ी के पटरी से उतरने से चार मरे, दो लापता

झेंगझू। चीन में हेनान प्रांत के गोंग्यी शहर में बुधवार रात मालगाड़ी के पटरी से उतर जाने के कारण चार लोगों की मौत हो गई और दो अन्य लापता हैं। मालगाड़ी में एल्यूमिनियम अयस्क ले जाया जा रहा था। गोंग्यी सिटी के प्रचार विभाग ने गुरुवार को बताया कि एल्यूमिनियम कॉरपोरेशन ऑफ चाइना के स्वामित्व वाली ट्रेन के पटरी से उतर जाने से एक मकान क्षतिग्रस्त हो गया। यह हादसा कल रात 10 बजे के करीब हुआ। हादसे के बाद से चालक दल के चार सदस्य और दो ग्रामीण लापता थे जिनमें से पहले व्यक्ति का शव दोपहर बाद 12.30 बजे मिला। उसके बाद से तीन और लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं। दुर्घटनास्थल पर मालगाड़ी के 13 डिब्बे और इंजन पटरी से उतर कर आपस में उलझ गए, जिनमें लौह अयस्क भरा हुआ है। (शिन्हुआ)

पाकिस्तानी पायलटों को राफेल उड़ाने का प्रशिक्षण नहीं दिया

नई दिल्ली। राफेल लड़ाकू विमान सौदे को लेकर देश में मचे सियासी घमासान के बीच फ्रांस ने इन मीडिया रिपोर्टों का खंडन किया है कि पाकिस्तानी पायलटों को कतर की ओर से राफेल लड़ाकू विमान उड़ाने का प्रशिक्षण दिया गया है। अमरीकी पोर्टल एआईएन ऑनलाइन ने गत फरवरी में एक रिपोर्ट में कहा था कि पाकिस्तानी पायलटों को नवंबर 2017 में कतर के आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत राफेल विमान उड़ाने का प्रशिक्षण दिया गया था। भारत ने इससे एक साल पहले ही फ्रांस के साथ 36 राफेल विमान खरीदने के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। इस सौदे को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच लंबे समय से खींचतान चल रही है और यह मामला उच्चतम न्यायालय तक पहुंच गया है।

पाक सरकार शरीफ परिवार के सदस्यों पर भ्रष्टाचार के नए मामले करेगी दर्ज

लाहौर। पाकिस्तान की सरकार पूर्व प्रधानमंत्री नवाज़ शरीफ के परिवार के सदस्यों के खिलाफ भ्रष्टाचार के नए मामले दर्ज करेगी। उनके खिलाफ धन शोधन के सबूत मिले हैं। मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गई है। प्रधानमंत्री इमरान खान ने यहां बुधवार को संसदीय बैठक के दौरान शरीफ परिवार के सदस्यों के खिलाफ मामले दर्ज करने को मंजूरी दे दी है। दुनिया न्यूज़ टीवी ने खबर दी है कि संघीय और प्रांतीय विभागों ने पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज़ (पीएमएल-एन) पार्टी के नेतृत्व द्वारा किए गए कथित भ्रष्टाचार का डेटा इकठ्ठा किया है। नवाज़ शरीफ पीएमएल-एन के सुप्रीमो हैं जबकि उनके भाई शहबाज शरीफ पार्टी के अध्यक्ष हैं। (भाषा)

सूडान की सेना ने राष्ट्रपति बशीर को पद से हटाया, हिरासत में लिया

खरतूम। सूडान में चल रहे सरकार विरोधी प्रदर्शन के बीच राष्ट्रपति उमर अल-बशीर को सेना ने बृहस्पतिवार को पद से हटा दिया और उन्हें हिरासत में ले लिया। रक्षा मंत्री अवद इब्ने औफ ने बृहस्पतिवार को सरकारी टीवी पर यह जानकारी दी। इब्ने औफ ने देश को टीवी पर संबोधित करते हुए कहा, '' मैं रक्षा मंत्री के तौर पर सरकार के गिरने का ऐलान करता हूं। सरकार के प्रमुख को एक सुरक्षित स्थान में हिरासत में रखा गया है।'' उन्होंने बताया कि बशीर की जगह अंतरिम सैन्य परिषद दो साल के लिए शासन करेगी। उन्होंने एक बयान पढ़ते हुए कहा कि हमने सूडान के 2005 के संविधान को निलंबित कर दिया है। (एएफपी)

निराश भाजपा राष्ट्रवाद का मुद्दा उठा रही है : बंसल

चंडीगढ़। कांग्रेस नेता पवन कुमार बंसल ने बृहस्पतिवार को भाजपा पर आरोप लगाया कि वह चुनाव के समय राष्ट्रवाद के मुद्दे को उठा रही है और सशस्त्र बलों का राजनीतिकरण कर रही है। उन्होंने कहा कि 'हताश' भगवा पार्टी पिछले पांच वर्षों में विकास के एजेंडे पर 'बुरी तरह विफल' रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने निवर्तमान सांसद किरण खेर की आलोचना करते हुए कहा कि भाजपा को माफी मांगनी चाहिए, क्योंकि इसने संघशासित क्षेत्र में कोई विकास कार्य नहीं किया। बंसल ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में भाजपा का ग्राफ काफी नीचे आया, क्योंकि विकास के एजेंडे पर वे बुरी तरह विफल रहे। वे अब सांप्रदायिक भावनाओं को भड़काकर पुराने हथकंडे अपना रहे हैं और कथित 'राष्ट्रवाद' का मुद्दा उठा रहे हैं जैसे वहीं राष्ट्रवाद के कर्ता-धर्ता हैं और दूसरा कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि पहली बार भारतीय सशस्त्र बलों का राजनीतिकरण किया जा रहा है।

सिखों के साथ दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं: भाई लोंगोवाल

अमृतसर। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के प्रधान भाई गोबिंद सिंह लोंगोवाल ने उत्तर प्रदेश के मेरठ-करनाल मुख्य मार्ग पर शामली के नज़दीक पुलिस द्वारा ट्रक चालक सिख युवक से किए दुर्व्यवहार की निंदा की है। भाई लोंगोवाल ने कहा कि पुलिस अधिकारी द्वारा ट्रक चालक की दाड़ी नोचने की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह अल्पसंख्यक सिखों को दबाने का एक भद्दा कृत्य है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं अक्सर ही सामने आ रही हैं, जो अपने ही देश में सिखों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। शिरोमणि समिति के प्रधान ने कहा कि इस घटना के दौरान यदि सिख ट्रक चालक की कोई गलती थी तो उसे कानून अनुसार निपटा जाना चाहिए था न कि उसकी बेअदबी करके। यह युवक की धार्मिक भावनाओं को चोट पहुंचाने वाली कार्रवाई है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की पुलिस दोषी पुलिस अधिकारी को सख्त सज़ा दे।

लोस चुनाव के प्रथम चरण के लिए हुए मतदान के दौरान नागपुर के एक मतदान केंद्र पर विश्व की सबसे छोटी महिला मतदाता मतदान करने के बाद अंगुली पर लगी स्याही दिखातीं हुईं। दूसरे चित्र में मतदान करने के बाद आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत। तीसरे चित्र में नोएडा में मतदान के बाद महिलाएं।

यूपी की आठ सीटों पर 63 .69 प्रतिशत मतदान

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर गुरुवार शाम छह बजे तक 63.69 फीसदी औसत मतदान हुआ है। वर्ष 2014 में इन सीटों पर 65.76 प्रतिशत मतदान हुआ था। वैसे मुख्य चुनाव अधिकारी का मानना है कि अभी दो से तीन प्रतिशत मतदान बढ़ सकता है, क्योंकि कुछ लोकसभा क्षेत्रों के कुछ मतदान केंद्रों के बाहर शाम छह बजे के बाद भी मतदाताओं की लाइनें थीं। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी वेंकटेश्वर लू ने गुरुवार शाम को मतदान समाप्त होने के बाद पत्रकार वार्ता में बताया कि शामली में एक जगह मामूली सी घटना को छोड़कर सभी जगह मतदान पूरी तरह से शांत रहा और कहीं से कोई अप्रिय घटना की खबर नहीं आई है। उन्होंने बताया कि अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार किसी मतदान केंद्र से दोबारा मतदान कराने की बात भी सामने नहीं आयी है। आज उप्र की आठ लोकसभा सीटों पर मतदान सुबह सात बजे शुरू हो गया था। उन्होंने बताया कि मतदान के दौरान गड़बड़ी पाए जाने पर 89 बैलट यूनिट, 89 कंट्रोल यूनिट, तथा 428 वीवीपैट बदली गई। उन्होंने बताया कि शाम छह बजे तक 70.68 प्रतिशत मतदान सहारनपुर में हुआ जबकि गाजियाबाद में 57.60 प्रतिशत,मुजफ्फरनगर में 66.66 प्रतिशत, बिजनौर में 65.40 प्रतिशत, कैराना में 62.10 प्रतिशत, मेरठ में 63.00 प्रतिशत,गौतमबुद्ध नगर में 60.10 प्रतिशत तथा बागपत में 63.90 प्रतिशत मतदान हुआ। उन्होंने कहा कि पर्दानशीन महिलाओं की जांच के लिए हर बूथ पर एक महिला कर्मचारी तैनात थी, जो महिला मतदाताओं की जांच उनके फोटो से कर रही थी। उन्होंने बताया कि मतदान पूरी तरह से शांतिपूर्वक और निष्पक्ष रहा। शामली जिले के रसूलपुर गुजरा के बूथ नंबर 170 और 171 पर कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा बिना मतदाता पहचान पत्र के मतदान करने की कोशिश की गई जिसे सुरक्षा बलों ने रोका। लेकिन जब मामला बिगड़ने लगा तो सुरक्षा बलो ने हवा में गोलियां चलाई। इस कारण करीब आधा घंटे तक मतदान रूका रहा। बाद में वरिष्ठ अधिकारियों के वहां पहुंचने के बाद मतदान शुरू हुआ।

विधायक व जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी : राजनाथ

बसना (छत्तीसगढ़)। केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को यहां कहा कि विधायक भीमा मंडावी और जवानों की बस्तर में हुई शहादत को व्यर्थ नहीं जाने दिया जाएगा तथा इसके लिए जिम्मेदार नक्सलियों को माफ नहीं किया जाएगा। सिंह ने यहां दशहरा मैदान में चुनाव रैली को संबोधित करते हुए कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लोकतांत्रिक तरीके से ही परिवर्तन लाया जा सकता है। बंदूक से परिवर्तन संभव नहीं है। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि देश में नक्सलियों की कमर टूट चुकी है, अब वह कमजोर हो गए हैं। केंद्र सरकार नक्सलियों के खिलाफ इस लड़ाई में राज्य सरकार के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि बस्तर में हुए, नक्सली हमले में विधायक भीमा मंडावी और जवानों की शहादत से वह दुखी हैं। उनकी शहादत को व्यर्थ नहीं जाने दिया जाएगा तथा इसके लिए जिम्मेदार नक्सलियों को माफ नहीं किया जाएगा। सिंह ने दंतेवाड़ा हमले में मृत विधायक और जवानों को श्रद्धांजलि भी दी। राज्य के दंतेवाड़ा जिले में नक्सलियों ने मंगलवार को बारूदी सुरंग में विस्फोट कर क्षेत्र के विधायक के वाहन को उड़ा दिया था। इस घटना में भाजपा विधायक भीमा मंडावी, वाहन चालक और तीन जवानों की मृत्यु हो गई थी। सिंह ने विपक्षी दल कांग्रेस पर हमला किया और कहा कि कांग्रेस घोषणा पत्र में कहती है कि राजद्रोह का कानून खत्म करेंगे। क्या राष्ट्रद्रोहियों को माफ किया जाना चाहिए। हमारी सरकार आएगी, तब कानून खत्म नहीं होगा। उन्होंने कहा कि फ्रांस से राफेल खरीदा गया था, जिसे लेकर कांग्रेस हल्ला मचा रही है। यही काम यदि कांग्रेस कर लेती तब हमें पाकिस्तान नहीं जाना पड़ता, देश की धरती से ही हम उनका विनाश कर देते। (भाषा)

सुप्रीम कोर्ट में केंद्र की दलील चुनावी बांड नीतिगत निर्णय

नई दिल्ली। केंद्र ने बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय से कहा कि राजनीतिक दलों को चंदे के लिए प्रारंभ की गई 'चुनावी बांड' योजना एक नीतिगत निर्णय है और इसे लेने में कोई 'खामी' नहीं निकाली जा सकती है। शीर्ष अदालत ने चुनावी बांड योजना को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई पूरी करते हुए कहा कि इस पर शुक्रवार को आदेश सुनाया जाएगा। प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि चुनावी बांड योजना की वैधानिकता को चुनौती देने वाले गैर सरकारी संगठन ऐसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) की याचिका पर शुक्रवार को फैसला सुनाया जायेगा। इस संगठन ने अपनी याचिका में अंतरिम राहत देने का भी अनुरोध किया है। इसमें चुनावी बांड जारी करने पर रोक लगाने या चंदा देने वालों के नाम सार्वजनिक करने का अनुरोध शामिल है ताकि चुनावी प्रक्रिया में शुचिता बनी रहे। न्यायालय में केंद्र का पक्ष रखते हुये अटॉर्नी जनरल के के वेणुगोपाल ने योजना का समर्थन करते हुये कहा कि इसका उद्देश्य चुनावों में कालेधन के प्रयोग पर अंकुश लगाना है। वेणुगोपाल ने कहा, जहां तक चुनावी बांड्स योजना का संबंध है, यह सरकार का नीतिगत निर्णय है और किसी सरकार को नीतिगत फैसले लेने के लिए दोषी नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा कि अदालत चुनाव पश्चात इस योजना की पड़ताल कर सकती है। इस मामले में बुधवार को केंद्र और निर्वाचन आयोग ने चुनावी बांड के लिये चंदा देने वालों के मामले में गोपनीयता बनाये रखने के बारे में परस्पर विरोधी दृष्टिकोण अपनाया था। सरकार चंदा देने वालों के नाम गोपनीय रखना चाहती है जबकि निर्वाचन आयोग पारदर्शिता के लिये इनके नामों का उजागर करने के पक्ष में है। सरकार ने चुनावी बांड योजना लाने से पहले आयकर कानून, जनप्रितिनिधित्व कानून, वित्त कानून और कंपनी कानून सहित अनेक कानूनों में संशोधन किया था। गैर सरकारी संगठन की ओर से अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने इस योजना की खामियों की ओर न्यायालय का ध्यान आकर्षित किया था और कहा था कि यह स्वतंत्र तथा पारदर्शी तरीके से चुनाव कराने की अवधारणा के खिलाफ है। (भाषा)

राहुल के पास अमेठी के लिए समय नहीं : योगी

अमेठी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस अध्यक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी के पास अमेठी के लिए समय नहीं है और उन्होंने अमेठी के विकास के लिए कभी प्रस्ताव नहीं दिया। योगी ने कहा कि मैंने कई बार उनसे (राहुल से) अमेठी के विकास का प्रस्ताव मांगा, लेकिन नहीं दिया गया... राहुल गांधी के पास अमेठी के लिए समय नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्मृति ईरानी जब भी मेरे पास आती थीं, अमेठी के विकास के लिए ही बात करती थीं। मुझे पूरा भरोसा है कि इस बार हमारी बहन स्मृति ईरानी अमेठी से जीतकर संसद में बैठेंगी और अमेठी का चहुंमुखी विकास होगा। मुख्यमंत्री ने अमेठी में स्मृति के रोडशो के दौरान नुक्कड सभा में कहा कि चुनाव हारने के बाद भी स्मृति हमेशा अमेठी आती रहीं। यहां के विकास के लिए प्रयासरत रहीं लेकिन अमेठी के जीते हुए सांसद यहां दिखाई नहीं पड़ते थे। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी ने टवीट कर कहा कि रोशनी बिखेरने, अमेठी पर छाया अंधेरा मिटाने और वंशवाद का सूरज अस्त करने के लिए मुझे विश्वास है कि अमेठी की जनता स्मृति ईरानी को चुनकर विकास की नयी गाथा लिखेगी। (वार्ता)

लंदन में इक्वाडोर के दूतावास से जूलियन असांजे गिरफ्तार

लंदन। दुनिया भर के गोपनीय दस्तावेजों का खुलासा करने वाले संगठन विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे को इक्वाडोर के लंदन स्थित दूतावास से गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया। श्री असांजे की गिरफ्तारी से पहले इक्वाडोर ने उनका शरणार्थी का दर्जा वापस ले लिया था। वह यौन उत्पीड़न के एक मामले में स्वीडन प्रत्यर्पित किए जाने से बचने के लिए सात वर्ष से इक्वाडोर के दूतावास में शरण लिए हुए थे। द गार्जियन के अनुसार 47 वर्षीय श्री असांजे ने जब अदालत में आत्मसमर्पण नहीं, किया तब 29 जून 2012 को अदालत द्वारा जारी वारंट के आधार पर गुरुवार को उन्हें गिरफ्तार किया गया। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने कहा कि श्री असांजे को लंदन के पुलिस स्टेशन में हिरासत में रखा गया है, जहां वह अदालत के समक्ष पेश किए जाने तक रहेंगे। वीडियो फुटेज में दिखाई दिया कि जब श्री असांजे को हथकड़ी लगाकर पुलिस वैन में बिठाने के लिए दूतावास के बाहर लाया जा रहा था तब वह चिल्ला रहे थे। (वार्ता)

सोनिया ने रायबरेली सीट से नामांकन भरा मोदी पर साधा निशाना, कहा- वे अजेय नहीं

रायबरेली। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बृहस्पतिवार को रायबरेली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के बाद सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह *अजेय* नहीं हैं। संवाददाताओं द्वारा पूछे गए सवाल, कि क्या नरेंद्र मोदी अजेय हैं, पर सोनिया ने कहा कि नहीं। बिल्कुल भी नहीं ... आपको 2004 के नतीजे नहीं भूलने चाहिए ... (अटल बिहारी) वाजपेयी जी भी अजेय थे, लेकिन चुनाव हम जीते। सोनिया के बाद कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने मीडिया से बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी को फिर से खुली बहस की चुनौती दी। उन्होंने कहा कि भारतीय इतिहास में ऐसे कई लोग रहे हैं, जो यह सोचते थे कि वे अजेय हैं और भारत के लोगों से बड़े हैं (लेकिन) भारत के लोगों से बड़ा कोई नहीं है ... । उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने पांच साल में भारत के लोगों के लिए कुछ नहीं किया। गांधी ने तंज करते हुए कहा कि उनका (मोदी का) अजेय होना चुनाव नतीजों के बाद स्पष्ट दिख जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जिस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुझसे बहस करने की चुनौती स्वीकार लेंगे, उस दिन दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जस दिन बहस हुई, उस दिन देश को पता चल जाएगा कि चौकीदार चोर है।

रायबरेली लोस क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल करने के पूर्व पूजा करतीं यूपीए की चेयरपर्सन सोनिया गांधी। साथ में कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी व महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा व राबर्ट वाड्रा।

राहुल के ऊपर दिखी लेजर लाइट, गृह मंत्रालय ने कहा, सुरक्षा को कोई खतरा नहीं

नई दिल्ली। अमेठी में रोड शो के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के शरीर पर हरी लेज़र लाइट दिखने को लेकर सुरक्षा संबंधी चिंताएं हुई थी लेकिन गृह मंत्रालय ने कहा कि इससे उनको कोई खतरा पैदा नहीं हुआ है। सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा में चूक की कथित घटना तब की है जब रोड शो के दौरान गांधी के सिर पर हरे रंग की लेज़र लाइट दिखी थी। इससे पार्टी के अंदर उनकी सुरक्षा को लेकर फिक्र हुई थी, लेकिन बाद में पाया गया कि यह लाइट असल में एक कैमरे की थी। संपर्क करने पर गृह मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि घटना की रिपोर्ट पर मंत्रालय का जैसे ही ध्यान आकर्षित कराया गया, वैसे ही निदेशक (विशेष सुरक्षा समूह) को तथ्यात्मक स्थिति की जांच करने को कहा गया। प्रवक्ता ने बताया कि निदेशक (एसपीजी) ने मंत्रालय को बताया कि उन्होंने घटना की वीडियो की जांच काफी बारीकी से की है। वीडियो में जो हरी लाइट दिख रही है वो एक मोबाइल फोन की है जो अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का फोटोग्राफर चला रहा था।

खालसा स्थापना दिवस मनाने 839 श्रद्धालु जाएंगे पाकिस्तान

अमृतसर। पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारा श्री पंजा साहब में खालसा स्थापना दिवस मनाने के लिए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की ओर से 839 सिख श्रद्धालुओं का जत्था 12 अप्रैल को पाकिस्तान के लिए रवाना होगा। इसके अतिरिक्त यह जत्था गुरुद्वारा श्री पंजा साहब के अलावा पाकिस्तान के दूसरे गुरुधामों के भी दर्शन करेगा। शिरोमणि समिति के मुख्य सचिव डॉ. रूप सिंह ने गुरुवार को बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी पाकिस्तान स्थित गुरुधामों के दर्शनों के लिए खालसा स्थापना दिवस (बैसाखी) के अवसर पर सिख श्रद्धालुओं का जत्था पाकिस्तान भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह जत्था शिरोमणि समिति के सदस्य रवींद्र सिंह खालसा के नेतृत्व में जायेगा। उन्होंने बताया कि 12 अप्रैल को अमृतसर से जत्था गुरुद्वारा श्री पंजा साहब में पहुँचेगा, जहां 14 अप्रैल को खालसा स्थापना दिवस (बैसाखी) के अवसर पर होने वाले समागम में श्रद्धालु शिरकत करेंगे। पन्द्रह अप्रैल को जत्था गुरुद्वारा श्री ननकाना साहब जायेगा, जहाँ से 17 अप्रैल को गुरुद्वारा सच्चा सौदा (शेखूपुरा) के दर्शन करने के बाद गुरुद्वारा श्री ननकाना साहब में लौट आएगा।

भारत की जनसंख्या 2010-19 के बीच हर साल 1.2 फीसदी बढ़ी

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की रिपोर्ट के अनुसार, 2010 से 2019 के बीच भारत की जनसंख्या 1.2 की औसत वार्षिक दर से बढ़कर 1.36 अरब हो गई है, जो चीन की वार्षिक वृद्धि दर के मुकाबले दोगुनी से ज्यादा है। 2019 में भारत की जनसंख्या 1.36 अरब पहुंच गई है, जो 1994 में 94.22 करोड़ और 1969 में 54.15 करोड़ थी। विश्व की जनसंख्या 2019 में बढ़कर 771.5 करोड़ हो गई है, जो पिछले साल 763.3 करोड़ थी। संयुक्त राष्ट्र की सेक्सुअल एंड प्रोडक्टिव हेल्थ एजेंसी ने स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन 2019, रिपोर्ट में कहा कि 2010 और 2019 के बीच भारत की जनसंख्या औसतन 1.2 प्रतिशत बढ़ी है। इसकी तुलना में, 2019 में चीन की आबादी 1.42 अरब पहुंच गई है, जो 1994 में 1.23 अरब और 1969 में 80.36 करोड़ थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2010 और 2019 के बीच चीन की आबादी 0.5 प्रतिशत की औसत वार्षिक दर से बढ़ी है। उसके अनुसार, भारत में 1969 में प्रति महिला कुल प्रजनन दर 5.6 थी, जो 1994 में 3.7 रह गई। भारत ने जन्म के समय जीवन प्रत्याशा में सुधार दर्ज किया है। 1969 में जन्म के समय जीवन प्रत्याशा 47 वर्ष थी, जो 1994 में 60 वर्ष और 2019 में 69 वर्ष हो गई है। विश्व की औसत जीवन प्रत्याशा दर 72 साल है। रिपोर्ट में 2019 में भारत की जनसंख्या के विवरण का एक ग्राफ दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि देश की 27-27 प्रतिशत आबादी 0-14 वर्ष और 10-24 वर्ष की आयु वर्ग में है, जबकि देश की 67 प्रतिशत जनसंख्या 15-64 आयु वर्ग की है। देश की छह प्रतिशत आबादी 65 वर्ष और उससे अधिक आयु की है। भारत की स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली की गुणवत्ता में सुधार के संकेत देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) 1994 में प्रति 1,00,000 जन्मों में 488 मौतों से घटकर 2015 में प्रति 1,00,000 जन्मों में 174 मृत्यु तक आ गई। यूएनएफपीए की निदेशक जेनेवा मोनिका फेरो ने कहा कि आंकड़े 'चिंताजनक' है और दुनिया भर में करोड़ों महिलाओं के लिए सहमति और महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच के स्तर को बढ़ाना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मत भूलना कि इन संख्याओं में से प्रत्येक एक व्यक्ति है। (भाषा)

दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा होती है नवरात्रि में

रमेश सर्राफ 'धमोरा'

भारतीय जन-जीवन में धर्म की महत्ता अपरम्पार है। यह भारत की गंगा-जमुना तहजीब का ही नतीजा है कि सब धर्मों को मानने वाले लोग अपने-अपने धर्म को मानते हुए इस देश में भाईचारे की भावना के साथ सदियों से एक साथ रहते चले आ रहे हैं। यही कारण है की पूरे विश्व में भारत की धर्म व संस्कृति सर्वोतम मानी गई है। विभिन्न धर्मों के साथ जुड़े कई पर्व भी है जिसे भारत के कोने कोने में श्रद्धा, भक्ति और धूमधाम से मनाया जाता है, उन्हीं में से एक है नवरात्रि।

नवरात्रि पर्व के नौ दिनों के दौरान आदिशक्ति जगदम्बा के नौ विभिन्न रूपों की आराधना की जाती है। ये नौ दिन वर्ष के सर्वाधिक पवित्र दिवस माने गए हैं। इन नो दिनों का भारतीय धर्म एवं दर्शन में ऐतिहासिक महत्व है और इन्हीं दिनों में बहुत सी दिव्य घटनाओं के घटने की जानकारी हिंदू पौराणिक ग्रंथों में मिलती है। माता के इन नौ रूपों को नवदुर्गा के नाम से भी जाना जाता है जो इस प्रकार हैं -शैलपुत्री, ब्रह्माचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्माण्डा, स्कंद माता, कात्यायिनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री। नवरात्रि से हमें अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई के जीत की सीख मिलती हैं। यह हमें बताती है की इंसान अपने अंदर की मूलभूत अच्छाइयों से नकारात्मकता पर विजय प्राप्ती और स्वयं के अलौकिक स्वरूप से साक्षात्कार कैसे कर सकता है।

नवरात्रि एक संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ होता है नौ रातें। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान, शक्ति- देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। दसवां दिन दशहरा के नाम से प्रसिद्ध है। नवरात्रि एक हिंदू पर्व है। नवरात्रि वर्ष में चार बार आता है। चैत्र, आषाढ़, आश्विन, पौष प्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाता है। नवरात्रि के नौ रातों में तीन देवियों - महालक्ष्मी, सरस्वती और दुर्गा के नौ स्वरुपों की पूजा होती है जिन्हें नवदुर्गा कहते हैं। दुर्गा का मतलब जीवन के दुख को हटानेवाली होता है। नवरात्रि एक महत्वपूर्ण प्रमुख त्योहार है जिसे पूरे भारत में पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है।

वसंत की शुरुआत और शरद ऋतु की शुरुआत, जलवायु और सूरज के प्रभावों का महत्वपूर्ण संगम माना जाता है। इन दो समय मां दुर्गा की पूजा के लिए पवित्र अवसर माने जाते है। त्योहार की तिथियां चंद्र कैलेंडर के अनुसार निर्धारित होती हैं। यह पूजा वैदिक युग से पहले, प्रागैतिहासिक काल से है। नवरात्रि के पहले तीन दिन देवी दुर्गा की पूजा करने के लिए समर्पित किए गए हैं। यह पूजा उनकी ऊर्जा और शक्ति की की जाती है। प्रत्येक दिन दुर्गा के एक अलग रूप को समर्पित है। त्योहार के पहले दिन बालिकाओं की पूजा की जाती है। दूसरे दिन युवती की पूजा की जाती है। तीसरे दिन जो महिला परिपक्वता के चरण में पहुंच गई है, उसकि पूजा की जाती है। नवरात्रि के चौथे, पांचवें और छठे दिन लक्ष्मी- समृद्धि और शांति की देवी की पूजा करने के लिए समर्पित है। आठवे दिन पर एक यज्ञ किया जाता है। नौवा दिन नवरात्रि समारोह का अंतिम दिन है। यह महानवमी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन उन नौ जवान लड़कियों की पूजा होती है जो अभी तक यौवन की अवस्था तक नहीं पहुंची है। इन नौ लड़कियों को देवी दुर्गा के नौ रूपों का प्रतीक माना जाता है। लड़कियों का सम्मान तथा स्वागत करने के लिए उनके पैर धोए जाते हैं। पूजा के अंत में लड़कियों को उपहार के रूप में नए कपड़े, वस्तुएं, फल प्रदान किए जाते हैं।

शक्ति की उपासना का पर्व शारदीय नवरात्र प्रतिपदा से नवमी तक निश्चित नौ तिथि, नौ नक्षत्र, नौ शक्तियों की नवधा भक्ति के साथ सनातन काल से मनाया जा रहा है। आदिशक्ति के हर रूप की नवरात्र के नौ दिनों में क्रमश: अलग-अलग पूजा की जाती है। मां दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री है। ये सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली हैं। इनका वाहन सिंह है और कमल पुष्प पर ही आसीन होती हैं। नवरात्रि के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है।

इस पर्व से जुड़ी एक कथा अनुसार देवी दुर्गा ने एक भैंस रूपी असुर अर्थात महिषासुर का वध किया था। पौराणिक कथाओं के अनुसार महिषासुर के एकाग्र ध्यान से बाध्य होकर देवताओं ने उसे अजय होने का वरदान दे दिया। उसको वरदान देने के बाद देवताओं को चिंता हुई कि वह अब अपनी शक्ति का गलत प्रयोग करेगा। महिषासुर ने अपने साम्राज्य का विस्तार स्वर्ग के द्वार तक कर दिया और उसके इस कृत्य को देख देवता विस्मय की स्थिति में आ गए। महिषासुर ने सूर्य, इंद्र, अग्नि, वायु, चंद्रमा, यम, वरुण और अन्य देवताओं के सभी अधिकार छीन लिए और स्वयं स्वर्गलोक का मालिक बन बैठा। देवताओं को महिषासुर के प्रकोप से पृथ्वी पर विचरण करना पड़ रहा था तब महिषासुर के इस दुस्साहस से क्रोधित होकर देवताओं ने देवी दुर्गा की रचना की।

ऐसा माना जाता है कि देवी दुर्गा के निर्माण में सारे देवताओं का एक समान बल लगाया गया था। महिषासुर का नाश करने के लिए सभी देवताओं ने अपने-अपने अस्त्र देवी दुर्गा को दिए थे और कहा जाता है कि इन देवताओं के सम्मिलित प्रयास से देवी दुर्गा और बलवान हो गईं थी। इन नौ दिन देवी-महिषासुर संग्राम हुआ और अंतत: महिषासुर-वध कर महिषासुर मर्दिनी कहलाईं। नवदुर्गा और दस महाविद्याओं में काली ही प्रथम प्रमुख हैं। भगवान शिव की शक्तियों में उग्र और सौम्य, दो रूपों में अनेक रूप धारण करने वाली दशमहाविद्या अनंत सिद्धियां प्रदान करने में समर्थ हैं। दसवें स्थान पर कमला वैष्णवी शक्ति हैं, जो प्राकृतिक संपत्तियों की अधिष्ठात्री देवी लक्ष्मी हैं। देवता, मानव, दानव सभी इनकी कृपा के बिना पंगु हैं, इसलिए आगम-निगम दोनों में इनकी उपासना समान रूप से वर्णित है। सभी देवता, राक्षस, मनुष्य, गंधर्व इनकी कृपा-प्रसाद के लिए लालायित रहते हैं।

क्यों खराब होता है बच्चों का पाचन तंत्र

बच्चों का पाचन तंत्र बहुत कमजोर और संवेदनशील होता है। यह अभी भी बढ़ रहा है जो इसे संक्रमण और बीमारियों के प्रति अधिक संवेदनशील बनाता है। आपके बच्चे के आहार में एक छोटा सा बदलाव या थोड़ी मात्रा में भी एक गलत तत्व आपके बच्चे के पाचन तंत्र के काम करने क्रिया को अस्त व्यस्त कर सकता है। बहुत सी माताएं विशेषकर पहली बार बनी मां अपने बच्चे के पाचन स्वास्थ्य के लिए हमेशा चिंतित रहती हैं। इतनी कम उम्र में आप अपने बच्चे को हर चीज के लिए दवा नहीं दे सकती हैं। प्राकृतिक उपचार शिशु के लिए सबसे अच्छे होते हैं क्योंकि उनमें कोई दुष्प्रभाव नहीं होता है। आज हम आपको कुछ ऐसे प्राकृतिक उपचार के बारे में बता रहे हैं जो बच्चों के लिए खासकर बहुत फायदेमंद होते हैं।

बच्चों का पाचन तंत्र खराब होने के संकेत

- कब्ज
- पेट फूलना
- डायरिया
- उल्टी होना
- बुखार और संक्रमण
- चिड़चिड़ाहट और अधिक सोना

इन उपायों से सुधारे पाचन क्रिया

- स्तनपान करते समय गलत स्थिति भी बच्चों में पाचन समस्याओं का कारण बन सकती है। इससे गैस या एसिड रिफ्लक्स हो सकता है। बच्चे को अपनी गोद में रखते हैं तो सुनिश्चित करें कि आप अपने पैरों को ऐसी स्थिति में रखें कि शिशु का सिर थोड़ा ऊंचा हो या आप गर्दन को सहारा देने के लिए नरम तकिये का भी उपयोग कर सकें।
- आपके बच्चे के पेट पर कोमल मालिश पाचन संबंधी समस्याओं को कम कर सकती है। धीरे से अपने बच्चे के पेट बटन के आसपास के क्षेत्र की मालिश करें। ज्यादा जोर से न दबाएं। आप एक परिपत्र गति में अपने बच्चे के पेट की मालिश कर सकते हैं। आप अपने बच्चे के पेट में मालिश देने के लिए कुछ बेबी ऑयल या क्रीम का भी उपयोग कर सकते हैं।
- सुनिश्चित करें कि आपका बच्चा हर बार दूध पिलाने के बाद फट जाता है। यह शिशुओं में खिलाते समय यह सुनिश्चित करता है कि बच्चे का सिर उसके पेट से अधिक ऊंचा हो। यह आसन सुनिश्चित करता है कि दूध पेट में चला जाए और हवा ऊपर आ जाए जिसे आसानी से बाहर निकाला जा सकता है। जब आप अपने पाचन समस्याओं को रोकने का एक तरीका भी है। हवा को बाहर निकालने से गैस को रोका जा सकता है और यह आपके बच्चे को दूध थूकने से भी रोकेगा। कुछ मिनट प्रतीक्षा करने के बाद खिलाएं और फिर अपने बच्चे को अपने कंधे पर रखें और धीरे से उसकी पीठ पर थपथपाएं।
- अगर आपके बच्चे को इसके सेवन के बाद पाचन समस्याओं का सामना करना पड़ता है, तो अपने बच्चे को अतिरिक्त खाद्य पदार्थ या पेय न दें। केवल डॉक्टर द्वारा सलाह देने तक स्तन के दूध से चिपके रहें। अपने बच्चे को कुछ और खिलाने से पहले अपने डॉक्टर से सलाह लें। यदि आप ध्यान दें कि आपके शिशु को किसी प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ रहा है तो उसे अपने बच्चे को देना बंद कर दें। इसके अलावा अपने बच्चे के आहार से अचानक स्तन के दूध को न काटें। जब आपका बच्चा इष्टतम विकास के लिए अन्य भोजन का ठीक से उपभोग करने में सक्षम हो तो धीरे-धीरे क्षमता को कम करें।

शिशुओं में पेट से संबंधित सभी समस्याओं के लिए अंगूर का जूस सबसे अच्छा उपाय माना जाता है। क्योंकि इसमें सोडियम बाइकार्बोनेट पानी और कई जड़ी बूटियां होती हैं। यह शिशुओं में गैस के उपचार के सबसे सुरक्षित तरीकों में से एक है। यह सिर्फ पांच मिनट में काम कर सकता है। यह आपके बच्चे को कुछ ही समय में प्रभावी रूप से शांत कर सकता है।

दादी मां के रामबाण घरेलू नुस्खे

1. दो तीन निंबू का रस ठंडे पानी के मिलाकर पिएं ये मासिक धर्म में दर्द से तुरंत आराम देता है।
2. सेब को छिलका पूरा उतार के नमक लगा के सुबह खाली पेट खाएं ये पुराने से पुराना सर दर्द खत्म कर देता है।
3. पेट फूल रहा है तो एक चौथाई चम्मच सोडा पानी में डालकर पिएं।
4. गले में खराश है तो 2 -3 तुलसी के पत्ते लेकर पानी में डालें और हल्की आग पर उबालें, जब तुलसी का सारा रस निकल जाए तो इस पानी से गरारे करें।
5. मुंह में छाले हैं तो केले का पेस्ट बना के शहद मिलाकर खाएं, तुरंत आराम मिलेगा।
6. हाई ब्लड प्रेशर है तो सुबह रोजाना दूध के साथ आमला खायें, ये ब्लड प्रेशर कम करने की अच्छी तरकीब है।
7. दमा (अस्थमा) है तो एक बड़ा चम्मच शहद और आधा चम्मच दालचीनी मिलाकर खाएं।
8. डैन्ड्रफ (रुसी) से परेशान हैं तो नारियल के तेल में थोड़ा कपूर मिला कर सोने से पहले बालों में लगाएं।
9. चेहरे पर काले घेरे हैं तो ऑरेंज जूस में गिलीसरीन मिलाकर लगाएं।
10. मिर्ची पाउडर को डब्बे में भरने से पहले थोड़ी हींग डाल दें कभी कीड़े नहीं पड़ेंगे।
11. निंबू को निचोड़ने के बाद फेंकने की बजाय उसे किसी बरनी में डाल दें, थोड़ा नमक भी डालते जाएं कभी कभी धूप में भी रख दें आपका अचार तैयार हो जाएगा।
12. संतरे के छिलकों को सुखाकर जलाने से मच्छर भाग जाते हैं।
13. पनीर को पानी में डालकर रखने से जल्दी खराब नहीं होता।
14. भिंडी बनाते समय थोड़ा दही डाल दें, भिंडी बर्तन से नहीं चिपकेगी।
15. दही जमाने से पहले दूध में एक नारियल का टुकड़ा डाल दें दही 2-3 दिन तक ताजा रहेगी।
16. आटा गूंथने के बाद थोड़ा सरसों का तेल लगाने ने आटा मुलायम और ताजा बना रहता है।

कंगना रनावत ने आलिया भट्ट पर फिर बोला हमला, कह गई बड़ी बात

कंगना रनावत इन दिनों करण जौहर, रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के पीछे हाथ धोकर पड़ी हैं। इनके बारे में कई बातों पर अपनी राय खुलकर रखने के बाद अब कंगना ने आलिया भट्ट की एक्टिंग को लेकर बड़ा बयान दिया है। कंगना रनावत ने फिल्म गली बॉय में आलिया भट्ट के काम को बेहद साधारण है।

एक इंटरव्यू में कंगना रनावत ने कहा कि मैं बहुत शर्मिंदगी महसूस कर रही हूं। गली बॉय में ऐसा कौन सा अभिनय किया है कि जिसे सराहा जा सके। उसमें एक मुंहफट लड़की ही तो है जो कि बॉलीवुड की अक्सर फिल्मों में दिखाई जाती है। बॉलीवुड की साहसी गर्ल, महिला सशक्तिकरण और अच्छा अभिनय इन शर्मिंदगी से मुझे बचाइए। कंगना ने कहा कि मीडिया को फिल्मी कलाकारों के बच्चों से कुछ ज्यादा ही प्यार हो गया है और वह इसे कुछ ज्यादा ही आगे ले गए हैं। इस प्रकार के के के साधारण काम को सराहना बंद करिए अन्यथा अभिनय का स्तर कभी भी ऊंचा नहीं होगा। गौरतलब है कि फिल्म अभिनेत्री कंगना रनावत आलिया भट्ट को लगातार निशाना बना रही है। वही आलिया भट्ट ने भी उनसे कई बार क्षमा मांगने का प्रयत्न किया है और कई मुद्दों पर अपना स्पष्टीकरण दे चुकी है।

पाठकों से अनुरोध

अपने रचनात्मक लेखन की गतिविधियां बढ़ाएं जैसे संक्षिप्त कहानी, व्यंग्य, कविता, रेसिपी इत्यादि अपने पासपोर्ट साइज फोटो सहित प्रकाशनार्थ भेंजे। भेजने का पता है :

ई-मेल : purvanchalrachna@gmail.com

वाट्सऐप नंबर : +91 69012 41522

इरफान बनेंगे ददुआ, खूंखार डकैत के एनकाउंटर पर तिग्मांशु ला रहे फिल्म

डकैत बॉलीवुड के मेकर्स को बतौर टॉपिक भाते रहे हैं। शोले, बैंडिट क्वीन जैसी फिल्में डाकू समस्या पर बनी हैं। अब पान सिंह तोमर बनाने वाले तिग्मांशु धुलिया बुंदेलखंड के ललितपुर, बांदा, चित्रकूट, जालौन और हमीरपुर समेत सीमावर्ती मप्र के कई इलाकों में कुख्यात रहे डकैत शिवकुमार पटेल उर्फ ददुआ डाकू पर फिल्म बनाने जा रहे हैं।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार तिग्मांशु के जिगरी दोस्त इरफान के इस फिल्म में लीड रोल में दिखने की संभावना है। प्रोजेक्ट से जुड़े लोगों ने बताया कि इसमें राजनीति के अपराधीकरण और अपराधियों के राजनीतिकरण की रैट रेस को दिखाया जाएगा। प्रोजेक्ट से जुड़े लोगों ने बताया कि इसमें राजनीति के अपराधीकरण और अपराधियों के राजनीतिकरण की रैट रेस को दिखाया जाएगा।

इरफान लीड रोल में दिख सकते हैं। ददुआ का किरदार निभाने वाले अभिनेता के बारे में तिग्मांशु ने तो कुछ कंफर्म नहीं किया पर इस प्रोजेक्ट से जुड़े उनके करीबियों ने संकेत दिए कि इरफान ही इस रोल में दिखेंगे। वह इलाज करवाकर लौट चुके हैं। वे इन दिनों उदयपुर में अंग्रेजी मीडियम की शूटिंग कर रहे हैं।

सिनेमा

गुवाहाटी

सिनेमा	फिल्म	समय
गोल्ड (एएसटीसी)	जंगली	रोजाना : 11.15 और 8.15 बजे
	रोमियो अकबर वाल्टर	रोजाना : 11, 2, 5 और 8 बजे
	केसरी	रोजाना : 2.15 बजे
	कानीन (असमिया)	रोजाना : 5.15 बजे
गोल्ड (सालासर)	रोमियो अकबर वाल्टर	रोजाना : 11, 2, 5 और 8 बजे
	केसरी	रोजाना : 11.15 और 5.15 बजे
	जंगली	रोजाना : 2.15 और 8.15 बजे
गोल्ड (नारंगी)	रोमियो अकबर वाल्टर	रोजाना : 11, 2, 5 और 8 बजे
गोल्ड (छयगांव)	रोमियो अकबर वाल्टर	रोजाना : 11, 2, 5 और 8 बजे
कर्निवल (बेलतला) (स्क्रिन-1)	रोमियो अकबर वाल्टर	रोजाना : 9.45, 12.30, 3.15, 6.05 और 8.50 बजे
कर्निवल (बेलतला) (स्क्रिन-2)	जंगली	रोजाना : 8.20, 10 और 12.20 बजे
	केसरी	रोजाना : 2.40 बजे
	रोमियो अकबर वाल्टर	रोजाना : 5.35 बजे
अनुराधा	रोमियो अकबर वाल्टर	रोजाना : 11.15, 5.15 और 8.15 बजे
	शजाम (अंग्रेजी)	रोजाना : 2.15 बजे
अप्सरा	रोमियो अकबर वाल्टर	रोजाना : 11, 5 और 8 बजे
	जंगली	रोजाना : 2 बजे
उर्वशी सिनेमा	जंगली	रोजाना : 11, 2 और 5 बजे

नगांव

सिनेमा	फिल्म	समय
अदिति सिनेमा	रोमियो अकबर वाल्टर	रोजाना : 10.15, 1, 4 और 7 बजे

बंगाईगांव

सिनेमा	फिल्म	समय
मायापुरी	जंगली	रोजाना : 11.45, 2.30 व 5.30 बजे

तेजपुर

सिनेमा	फिल्म	समय
गोल्ड	रोमियो अकबर वाल्टर (रॉ)	रोजाना : 11, 2, 5 व 8 बजे
जोनाकी	जंगली	रोजाना : 11, 2, 5 और 7.30 बजे
अनवर	रॉ	रोजाना : 10.30 व 5.45 बजे
	शाजेम (अंग्रेजी)	रोजाना : 3.15 बजे
	जंगली	रोजाना : 1 बजे
	कानीन (असमिया)	रोजाना : 8.30 बजे

वर्ग पहेली 15

1		2	■	3		4		■
	■		■		■		■	5
6	7		8		■	9		
■		■		■	10	■	■	
11				■	12		13	
	■	■		■		■		■
14		15	■	16		17		18
	■		■		■		■	
■	19				■	20		

बाएं से दाएं -
1. अंगूठी (3), 3. हल्की रजाई (4), 6. एक बंगाली मिठाई (5), 9. अपमानित (3), 11. शोरगुल (4), 12. आलता (4), 14. झगड़ा (3), 16. लगातार (5), 19. फूंक से बजने वाला एक वाद्य (4), 20. बातचीत का बनावटी ढंग (3)

ऊपर से नीचे -
1. बातूनी (3), 2. स्थाई (3), 3. कमाया धन (3), 4. कामदेव (3), 5. बलिष्ठ, योद्धा (4), 7. अश्रुपूरित (3), 8. जिसका इलाज संभव न हो (4), 10. स्वेच्छा से परिश्रम करना (4), 11. पैरवी (4), 13. मंत्री (3), 15. भगवान (3), 16. पृथक (3), 17. उगाही प्राप्ति (3), 18. बघार, छौंक (3)

वर्ग पहेली 14 का सही उत्तर

1 त	था	2 क	थि	3 त	■	4 दु	ला	5 ई
था	■	न	■	6 य	थे	ष्ट	■	ट
7 ग	ड़	ब	ड़	■	■	ता	■	गा
त	■	ति	■	8 छ	9 वि	■	10 रा	ह
■	11 ख	या	12 ल	■	13 प्र	14 भा	स	■
15 शू	ल	■	16 घु	न्ना	■	र	■	17 आ
र	■	18 गूं	■	■	19 प्र	ती	क्षि	त
वी	■	20 ज	ल्ला	21 द	■	य	■	ता
22 र	च	ना	■	23 म	म	ता	म	यी

पूर्वांचल प्रहरी सुडुकू

					5		3	
		1			7			4
6	5		4	9	1		8	
1			6				5	
	8				9			7
	7		9	8	3		1	6
4			5			3		
	9		2					

दिमागी कसरत : इस खेल में तार्किक ढंग से खाली स्थानों की पूर्ति करना है। बॉक्स के प्रत्येक पंक्ति में एक-एक अंक भरने हैं। प्रत्येक कॉलम और बॉक्स 3x3 का है इसमें एक अंक से लेकर 9 अंक तक अंकों का प्रयोग करना है।

पिछले सुडुकू का हल

2	3	5	1	7	8	4	9	6
4	9	1	5	6	2	3	8	7
7	6	8	3	9	4	1	5	2
3	5	9	8	4	6	2	7	1
8	2	4	7	1	5	9	6	3
6	1	7	2	3	9	5	4	8
9	7	2	6	5	3	8	1	4
5	8	6	4	2	1	7	3	9
1	4	3	9	8	7	6	2	5

खाना-खजाना

चॉकलेट बर्फी

सामग्री : कंडेंस्ड मिल्क- 1 कप, मखाने का पाउडर- 1 कप, चॉकलेट पाउडर- 1 कप, काजू-12, बादाम-12, इलायची पाउडर- एक चौथाई टीस्पून, देसी घी- 1 टीस्पून

विधि : चॉकलेटी बर्फी बनाने के लिए सबसे पहले मखाने को एक कढ़ाई में डालकर हल्का सा भून लें।फिर मखाना, काजू और बादाम को पीसकर पाउडर बना लें। पहले कंडेंस्ड मिल्क को पका लें।

अब एक कढ़ाई में कंडेंस्ड मिल्क डालकर एक मिनट तक चलाते हुए पका लें। फिर इसमें पिसे हुए ड्रायफ्रूट्स और चॉकलेट पाउडर डालकर अच्छे से मिक्स कर लें और गाढ़ा होने तक पका लें। फिर एक प्लेट में थोड़ा सा घी लगाकर चिकना कर लें और मिक्सचर को उसमें अच्छे से दबाकर फैला दें। उसके बाद इसे सेट होने के लिए 10 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर उसे चाकू की हेल्प से बर्फी के आकार में काट लें और ऊपर से ड्रायफ्रूट्स डालकर आधे घंटे तक फ्रिज में रख दें जिससे बर्फी अच्छे से सेट हो जाए। आधे घंटे बाद निकालें और सर्व करें।

अचारी ढोकला

सामग्री : चना दाल- 1 कप, चावल- 2 बड़े चम्मच, धुली उड़द दाल- 3 बड़े चम्मच, खट्टा दही- 1 कप, अदरक, हरी मिर्च पेस्ट- 3 बड़े चम्मच, सायट्रिक एसिड- 1 छोटा चम्मच, नमक- 2 छोटे चम्मच, हींग व हल्दी- चुटकी भर, बटर- 3 बड़े चम्मच, अचार मसाला रेडीमेड- 3 बड़े चम्मच, नारियल तेल- (ढोकला के ऊपर लगाने के लिए) व ईनो फ्रूट सॉल्ट- 2-2 छोटे चम्मच।

विधि : चना दाल, चावल, उड़द दाल को धोकर रातभर के लिए भिगो दें। सुबह हरी मिर्च, अदरक पेस्ट, सायट्रिक एसिड और दही डालकर पीस लें और 6 घंटे खमीर उठने के लिए रख दें। स्टीमर तैयार करें पानी डालकर ढोकला मोल्ड ग्रीस करें। दाल में हल्दी, हींग, नमक, तेल व ईनो डालकर ढोकले का मिश्रण पकने रखें। कुछ देर बाद ढोकले में चाकू डालकर देख लें। यदि ढोकला चाकू में चिपके तो कुछ देर और पका लें। सर्व करने से पहले ढोकले पर अचार मसाला व नारियल तेल डालें। हरी चटनी या टमाटर सॉस के साथ सर्व करें।

हंसी के गुब्बारे

एक गर्लफ्रेंड ने अपनी होली की फोटो अपने बॉयफ्रेंड को भेजी।
और लिखा - कितनी गंदी लग रही हूं ना मैं...!
बॉयफ्रेंड ने जवाब दिया- वैसे भी तू कौन-सी अच्छी लगती है...।
बुरा न मानो होली है- ब्रेकअप। ■

लड़की- सुन जानु, गूगल मेल होता है कि फिमेल...
लड़का- बेबी फिमेल होता है...
लड़की- क्यों..
लड़का- क्योंकि अपना सेंटेन्स पूरा होने से पहले ही वो उसका सजेशन देना शुरू कर देता है... ■

अध्यापक ने कक्षा में पूछा :
सीनियर और जूनियर में क्या अंतर है?
केवल हमारे एडमिन ने हाथ खड़ा किया..
शिक्षक ने कहा : शाब्बास बेटा, बताओ?
एडमिन : सर, जो समुद्र के पास रहता हो वो सीनियर (see-near) और जो चिड़ियाघर के पास रहता हो वो जूनियर (zoo-near)! ■

तुरा : मतदान के लिए कतार में लगे मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा। नगालैंड के तुओफेमा में अपना मतदाता पहचान पत्र दिखाते नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो। गंगटोक : मतदान देने के बाद स्याही लगी उंगली दिखाते भारत के पूर्व फुटबॉलर बाइचुंग भूटिया। तेजपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशी क्रमश: पल्लब लोचन दास व एमजीवीके भानु एक-दूसरे को बधाई देते। जोरहाट संसदीय क्षेत्र में मतदान करने के बाद असम विधानसभा के अध्यक्ष हितेंद्रनाथ गोस्वामी

पृष्ठ एक का शेष

लोस चुनाव/पहला चरण : असम में..

लोकसभा चुनाव में तेजपुर में 78.06, कलियाबर में 80.17, जोरहाट में 78.37, डिब्रूगढ़ में 79.37 एवं लखीमपुर में 78.75 मतदान हुआ था। निर्धारित समयानुसार बृहस्पतिवार की सुबह सात बजे सभी मतदान केंद्रों में मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई। पहले चरण में कई दिग्गज प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। उनमें तीन वर्तमान सांसद, एक पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा दो वर्तमान राज्यमंत्री शामिल हैं। तेजपुर संसदीय क्षेत्र से अवकाशप्राप्त आईएएस अधिकारी एमजीवीके भानु का मुकाबला भाजपा प्रत्याशी तथा राज्यमंत्री पल्लव लोचन दास से हो रहा है। कलियाबर में कांग्रेस के वर्तमान सांसद गौरव गोगोई का मुकाबला अगप प्रत्याशी मणिमाधव से हो रहा है। जोरहाट में भाजपा प्रत्याशी व राज्यमंत्री तपन गोगोई का मुकाबला कांग्रेस के सुशांत बरगोहाईं से हो रहा है। डिब्रूगढ़ में वर्तमान सांसद रामेश्वर तेली का मुकाबला पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पवनसिंह घटवार से हो रहा है। लखीमपुर में कांग्रेस के अनिल बरगोहाईं के साथ भाजपा प्रत्याशी एवं वर्तमान सांसद प्रदान बरुवा की सीधी टक्कर है। पहले चरण के चुनाव में 41 प्रत्याशी अपने भाग्य आजमा रहे हैं। इनमें तेजपुर संसदीय क्षेत्र में सात, कलियाबर में सात, जोरहाट में आठ, डिब्रूगढ़ में आठ व लखीमपुर में ग्यारह प्रत्याशी शामिल हैं। पहले चरण के चुनाव में अपना भाग्य आजमा रहे 41 प्रत्याशियों में दो महिलाएं तथा 12 निर्दलीय शामिल हैं। पांच संसदीय क्षेत्रों में कुल 76,03,458 मतदाताओं में 38,65,334 पुरुष तथा 37,37,970 महिला मतदाता हैं। पांच संसदीय क्षेत्रों में तृतीय लिंग के मतदाताओं की संख्या 154 हैं। पहले चरण के चुनाव में 9574 मतदान केंद्रों में 42,126 अधिकारियों व कर्मचारियों को चुनाव कार्य में लगाया गया था। अर्द्ध सैनिक बलों की 180 टुकड़ियां तैनात की गईं थीं। हर मतदान केंद्र में कम से कम एक पुलिस कांस्टेबल तैनात किया गया था। (प्रसं/कासं/निसं)

चोरी के एक घंटे के भीतर ही..

करने में सफल रही, जिसके लिए असम पुलिस की जमकर प्रशंसा हो रही है। मिली जानकारी के अनुसार मेघालय की राजधानी शिलांग से दो लोगों ने शिलांग से मंगलदै के लिए एक कार को भाड़े पर लिया। कार को भाड़े पर लेने वाले व्यक्तियों की पहचान रुपक डेका (40) और जाकिर हुसैन (28) के रूप में की गयी। उन लोगों ने जिस मारूति कार को बुक कराया, उसका नंबर एमएल-05-क्यू-8634 है। उल्लेखनीय है कि जब यह कार बाईहाटा पहुंच गयी तो रुपक और जाकिर ने त्रिपुरा निवासी चालक विजय जमातिया के साथ मारपीट शुरू कर दी और उसे गाड़ी से बाहर कर गाड़ी को तेजी के साथ लेकर भागने लगे तभी ड्राइवर ने इसकी तुरंत जानकारी गाड़ी मालिक मेघालय निवासी भजनलाल बाजोरिया को दी। ऐसे में उन्होंने इसकी जानकारी असम पुलिस को देने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग किया और ट्वीट के माध्यम से पूरी घटना की जानकारी असम पुलिस को दी। पुलिस ने इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पूरी घटना की जानकारी बाईहाटा पुलिस स्टेशन के प्रभारी को दी। ऐसे में बाईहाटा पुलिस फिल्मी स्टाइल में 57 मिनट के भीतर कार और दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गाड़ी चोरी की घटना आज दोपहर 12.08 मिनट पर घटी थी, परंतु गाड़ी को 1.06 पर वाहन चोरों के कब्जे छुड़ा लिया गया। उन्हें बोरागांव में गिरफ्तार किया गया। पुलिस को उनके पास से कुछ आपत्तिजनक चीजें भी मिली हैं। फिलहाल पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। ऐसे में सभी सोशल मीडिया और असम पुलिस की सराहना कर रहे हैं।

सीएबी का विरोध कर रहे भाजपा प्रत्याशी ने..

के विधायक और 17वीं लोकसभा के लिए हो रहे आम चुनाव में शिलांग संसदीय सीट के पार्टी के प्रत्याशी शानबर सुलाई ने इस विधेयक को पारित कराए जाने पर खुदकशी कर लेंगे। लाबान मतदान केंद्र पर मतदान करने के बाद नागरिकता संशोधन विधेयक पर पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए सुलाई उत्तेजित हो गए। देखते ही देखते मामले ने एक हाइ वोल्टेज ड्रामा का रूप ले लिया और विधायक व पार्टी प्रत्याशी श्री सुलाई की चुनाव अधिकारी के साथ धक्का मुक्की भी हो गई। मतदान केंद्र के बाहर पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए श्री सुलाई भाउक भी हो गए और चेतावनी दे डाली कि अगर भाजपा पूर्वोत्तर में नागरिकता संशोधन विधेयक लाएगी तो वह खुदखुशी कर लेंगे। मालूम हो कि मेघालय में भाजपा के दो विधायकों में से एक शानबर सुलाई ने इससे पहले भी विवादित नागरिकता (संशोधन) विधेयक को राज्यसभा द्वारा पारित किए जाने पर पार्टी छोड़ने की धमकी दी थी। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र में भाजपा विधायक शानबर सुलाई ने कहा था कि अगर राज्यसभा में विवादास्पद विधेयक पारित किया जाता है तो वे एक महीने के भीतर पार्टी छोड़ देंगे। (कासं)

गुवाहाटी और कोलकाता से जेट..

में रह गए हैं। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब एयरलाइन का अंतर्राष्ट्रीय परिचालन के जारी रहने पर भी संदेह के बादल मंडरा रहे हैं। यात्रा उद्योग से जुड़े सूत्रों ने बताया कि पूर्वी क्षेत्र में जेट एयरवेज के सभी परिचालन निलंबित हैं। आज से कोलकाता, पटना, गुवाहाटी और क्षेत्र के अन्य हवाई अड्डों के लिए और वहां से अन्य जगहों के लिए किसी उड़ान सेवा का परिचालन नहीं किया जा रहा है। जेट एयरवेज ने संपर्क किए जाने पर कहा कि मुंबई-कोलकाता, कोलकाता-गुवाहाटी और कोलकाता के रास्ते देहरादून से गुवाहाटी के बीच की शुक्रवार की उड़ान को परिचालन संबंधी कारणों से रद्द कर दिया गया। एयरलाइन ने कहा कि यात्रियों को रिफंड का काम किया जा रहा है। गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रही निजी क्षेत्र की इस विमानन कंपनी के बेड़े में बृहस्पतिवार को विमानों की संख्या घटकर मात्र 14 पर आ गई। जेट का परिचालन जब अपने चरम दौर में था तब उसके विमानों की संख्या 123 थी। इससे पहले बृहस्पतिवार को नागर विमानन सचिव प्रदीप सिंह खारोला ने फोन पर कहा कि हमने जेट से ब्योरा मांगा है। डीजीसीए ने यह जानकारी मांगी है। ब्योरा मिलने के बाद हम इस पर गौर करेंगे। उनसे पूछा गया था कि क्या मंत्रालय जेट की अंतर्राष्ट्रीय परिचालन को जारी रखने की पात्रता की समीक्षा करने जा रहा है। फिलहाल जेट एयरवेज का नियंत्रण एसबीआई की अगुवाई वाले बैंकों के गठजोड़ के पास है। भुगतान संकट की वजह से एयरलाइन अपने परिचालन को जारी रखने के लिए कड़े संघर्ष से गुजर रही है। पट्टा किराये का भुगतान नहीं होने की वजह से उसके ज्यादातर विमान खड़े हो चुके हैं। (भाषा)

82 फीसदी वोटिंग के साथ त्रिपुरा देश..

के मतदान के आंकडे मिले हैं। ताजा जानकारी के अनुसार अभी भी कुछ मतदान केंद्रों में मत डाले जा रहे थे। त्रिपुरा की एक सीट के लिए 81.8 फीसदी, पश्चिम बंगाल की दो सीटों के लिए 81, जम्मू कश्मीर की दो सीटों के लिए 54.49, आंध्र प्रदेश की 25 सीटों के लिए 70.67, छत्तीसगढ की एक सीट के लिए 56, अंडमान निकोबार की एक सीट के लिए 70.67, तेलंगाना की 17 सीटों के लिए 60, उत्तराखंड की पांच सीटों के लिए 57.85, सिक्किम की एक सीट के लिए 69, मिजोरम की एक सीट के लिए 60, नगालैंड की एक सीट के लिए 78.2, असम की पांच सीटों के लिए 68, उत्तर प्रदेश की 8 सीटों के लिए 63.69, ओडिशा की चार सीटों के लिए 68, महाराष्ट्र की सात सीटों लिए 56, मेघालय की दो सीटों के लिए 67.16 लक्षद्वीप की एक सीट के लिए 66 और बिहार की चार सीटों के लिए 50 फीसदी मत डाले गए। उन्होंने कहा कि पहले चरण के चुनाव में अब तक आचार संहिता उल्लंघन के 570 मामले सामने आए। आंध्र प्रदेश में 6, अरूणाचल प्रदेश में 5, बिहार में 1, मणिपुर में 1 और पश्चिम बंगाल में 1 इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन में खराबी की शिकायत मिली। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव 2019 के पहले चरण के मतदान में कई केंद्रीय मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री ऐसे हैं जिनकी किस्मत आज ईवीएम में कैद हो गई। पहले चरण में 20 राज्यों की 91 लोकसभा सीटों पर वोटिंग हुई। पहले चरण के मतदान में कुल सात केंद्रीय मंत्रियों की साख दांव पर है इनमें नितिन गडकरी, वीके सिंह और किरण रिजीजू जैसे दिग्गज शामिल हैं। भाजपा के कद्दावर नेता नितिन गडकरी, मोदी सरकार में सड़क और परिवहन मंत्री है। पिछली बार की तरह इस बार भी वह नागपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। इस बार उनके सामने कांग्रेस ने भाजपा के ही पूर्व नेता नाना पटोले को मैदान में उतारा है। नितिन गडकरी की गिनती मोदी सरकार के सबसे बेहतरीन प्रदर्शन वाले मंत्रियों में होती है। लोकसभा चुनाव 2014 में नितिन गडकरी ने इसी सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार विलासराव मुत्तेमवार को 2.84 लाख वोटों से हराया था। पूर्व सेना प्रमुख और मोदी सरकार में विदेश राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह एकबार फिर से अपनी किस्मत गाजियाबाद सीट से आजमा रहे हैं। वीके सिंह ने 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के राज बब्बर को हरा कर बड़ी जीत दर्ज की थी इस बार उनका मुकाबला एसपी-बीएसपी के सुरेश कुमार बंसल और कांग्रेस की डॉली शर्मा से है। भाजपा नेता महेश शर्मा केंद्र सरकार में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री हैं। पार्टी ने उन्हें एक बार फिर गौतमबुद्ध नगर सीट से ही चुनाव मैदान में उतारा है। साल 2014 के लोकसभा चुनाव में महेश शर्मा ने समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार नरेंद्र भाटी को ढाई लाख से ज्यादा वोटों से हराया था, इस बार उनका मुकाबला समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के गठबंधन उम्मीदवार सतबीर नागर और कांग्रेस के अरविंद चौहान से है अरुणाचल के रिजीजू मोदी सरकार में गृह राज्य मंत्री है और इस बार उनकी प्रतिष्ठा दांव पर है। पार्टी ने उन्हें अरुणाचल पश्चिम सीट से उम्मीदवार बनाया है। 2014 में उन्होंने कांग्रेस के ताकम संजॉय को हराया था। नॉर्थ-ईस्ट में किरण रिजीजू भाजपा का बड़ा चेहरा हैं। मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त और भाजपा नेता सत्यपाल सिंह नरेंद्र मोदी सरकार में केंद्रीय मानव संसाधन विकास राज्यमंत्री हैं। वह एक बार फिर बागपत से उम्मीदवार हैं। 2014 में रालोद प्रमुख अजित सिंह को उन्होंने करारी शिकस्त दी थी। इस बार उनका मुकाबला अजित के बेटे जयंत चौधरी से है, जिन्हें इस बार सपा-बसपा का समर्थन प्राप्त है। भाजपा नेता हंसराज अहीर, नरेंद्र मोदी सरकार में गृह राज्य मंत्री हैं। हंसराज अहीर चंद्रपुर सीट से भाजपा के उम्मीदवार हैं। वह 3 बार लगातार इस सीट से चुनाव जीत चुके हैं। इस बार उनका मुकाबला कांग्रेस के सुरेश धानोरकर से है। अजय टम्टा केंद्र सरकार में केंद्रीय कपड़ा राज्य मंत्री हैं। एक बार फिर उत्तराखण्ड की अल्मोड़ा सीट से उनकी किस्मत ईवीएम में कैद हो चुकी है। लोकसभा चुनाव 2014 में अजय टम्टा ने कांग्रेस के प्रदीप टम्टा को एक लाख से ज्यादा वोटों से हराया था इस बार भी उनका मुकाबला कांग्रेस के प्रदीप टम्टा से ही है। कांग्रेस नेता और उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत इस बार नैनीताल-उधमसिंह नगर सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अजय भट्ट से है। भाजपा नेता रमेश पोखरियाल निशंक भी उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हैं। पार्टी ने उन्हें उत्तराखंड की हरिद्वार लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है। उनका सामना कांग्रेस के अंबरीश कुमार से है। कांग्रेस नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे शोलापुर सीट से मैदान में हैं। शिंदे मनमोहन सरकार में गृह मंत्री भी रहे हैं। इसके अलावा वो 2003 से 2004 के बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री भी रहे हैं। शिंदे के खिलाफ भाजपा के सिद्धेश्वर स्वामी और वंचित बहुजन अगाड़ी के प्रकाश अंबेडकर भी मैदान में हैं। (एजेंसियां)

भाजपा सीएबी को पारित कराने को..

भाजपा नागरिकता (संशोधन) विधेयक पारित करने के लिए संकल्पबद्ध है। बराक घाटी के अंतर्गत सिलचर के रामपुर में दूसरे चरण के मतदान के प्रचार के लिए आयोजित दिन की अपनी दूसरी रैली मोदी ने कहा कि समाज में सभी वर्गों से विचार-वमर्श तथा असमिया समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने के बाद विधेयक में संशोधन किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि विधेयक पर विचार करते हुए असमिया भाषा, संस्कृति एवं पहचान को बरकरार रखना सुनिश्चित किया जाएगा। मोदी सरकार द्वारा पेश किया गया यह विधेयक लोकसभा में आठ जनवरी को पारित हो गया था किंतु इसे राज्य सभा में चर्चा के लिए नहीं लाया जा सका। यह विधेयक अब तीन जून को निष्प्रभावी हो जाएगा। उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि आजादी के दौरान देश का बंटवारा करते हुए उन्होंने पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के बारे में नहीं सोचा। मोदी ने कहा कि कट्टरपंथियों ने पाकिस्तान में हमारे भाइयों एवं बहनों पर अत्याचार किया। क्या कांग्रेस इसके लिए दोषी नहीं है? पाकिस्तान एवं बांग्लादेश में मंदिर एवं गुरुद्वारा जाने वाले लोग भारत आए थे। कांग्रेस के पापों ने उन्हें अपनी भूमि पर देशी बना दिया। उन्होंने दावा किया कि हमारी बेटियों पर पाकिस्तान में आज भी अत्याचार किया जाता है। तीन तलाक विधेयक पर मोदी ने कहा कि उनकी सरकार केन्द्र में सरकार में आने के बाद इस प्रस्तावित कानून को पारित करवाने के लिए मजबूती से प्रयास करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि यदि कांग्रेस, एआईयूडीएफ एवं महामिलावट (अन्य विपक्षी दल) ने प्रयास भी किया तो भी वे कुछ हीं कर पाएंगे (तीन तलाक विधेयक को नहीं रोक पाएंगे)। हमारी बेटियों को न्याय मिलेगा। लोकसभा के वर्तमान प्रथम चरण के मतदान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जहां तक मुझे मिली सूचना के अनुसार आज हुए मतदान में हमारे पक्ष में बड़ी लहर देखने को मिली है। उन्होंने कहा कि लोगों ने तय कर दिया है तथा विपक्ष के लिए अस्तित्व बचा पाना मुश्किल होगा...असम में सभी पांच सीटों (जहां प्रथम चरण में मतदान हो रहा है) पर भाजपा एवं राजग जीतेगी। इससे पहले मंगलदै की चुनावी सभा में प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह पार्टी गरीबों के मुंह से निवाला छीनकर चुनाव लड़ रही है। श्री मोदी ने हाल ही में भोपाल समेत देश के और हिस्सों में आयकर विभाग के छापों का उल्लेख करते हुए कहा कि आजकल देश में 'तुगलक रोड चुनावी घोटाले' की बहुत चर्चा है। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए कहा कि तुगलक रोड पर कांग्रेस के एक बहुत बड़े नेता का बंगला है। यहां से पिछले कुछ दिनों में करोड़ों रुपए का घालमेल हुआ। उन्होंने आयकर विभाग के छापों का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी गरीबों के मुंह से निवाला छीनकर चुनाव लड़ रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक तरफ कांग्रेस के नेता चौकीदार को चोर कह रहे हैं, दूसरी तरफ इनकी लूट बेनकाब हो रही है। उन्होंने कहा कि जो पैसा गरीब बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए उनकी सरकार ने भेजा था, उसे नामदारों की पार्टी छीनकर चुनाव लड़ रही है। श्री मोदी ने कहा कि झूठ और छल के हथियार से यह लोग चौकीदार को रास्ते से हटाने का प्रयास कर रहे हैं जो सफल नहीं होगा। असम आने को एक तरह से घर जैसा आना बताते हुए श्री मोदी ने कहा, मेरे लिए असम आना एक तरह से घर आने जैसा हो गया। पिछले पांच साल में अनेक बार मेरा आप लोगों के बीच में आना हुआ है। यह असम की जनता का प्यार ही है जो मुझे बार-बार खींच लाता है। विपक्ष पर देश के सुरक्षा बलों के मनोबल को तोड़ने का आरोप लगाते हुए श्री मोदी ने कहा कि जवान अपने श्रेय का प्रदर्शन कर रहे हैं जबकि कांग्रेस साक्ष्य मांग रही है। रैली में आए लोगों से भाजपा को जिताने की अपील करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आपका वोट देश की दशा और दिशा तय करेगा। इस बार आपका वोट, असम के हर किसान को पीएम किसान सम्मान योजना से जोड़ेगा। किसानों को पेंशन दिलाने का भी काम करेगा। यह भी तय करेगा कि भारत की सुरक्षा नीति क्या हो। उन्होंने कहा कि 1971 के युद्ध के बाद अगर कांग्रेस चाहती तो असम से कश्मीर तक की समस्याओं का समाधान कर सकती थी, लेकिन कश्मीर भी जलता रहा और असम की स्थिति भी गंभीर होती रही। (निसं)

फिर बनी भाजपा की सरकार तो हटेगी..

पर अपना रुख स्पष्ट करने को भी कहा, जैसा की उनके सहयोगी नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला चाहते हैं। दार्जिलिंग से उम्मीदवार राजू सिंह बिष्ट के लिए प्रचार करते समय उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी और विपक्षी नेता हवाई हमले से नाखुश हैं। वे सिर्फ अल्पसंख्यक समुदाय को खुश करने के लिए ऐसा कर रहे हैं। लेकिन मैं स्पष्ट तौर पर यह कहना चाहूंगा कि हम ऐसी ताकतों को जीतने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा की अगली सरकार बनाने के बाद हम कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटा देंगे। शाह ने बनर्जी पर राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) पर लोगों को भ्रमित करने का आरोप भी लगाया। ममता विवादस्पद राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) सख्ती से विरोध करती रही हैं, जो सिर्फ असम में लागू है। शाह ने कहा कि हमारा आपसे वादा है कि हर एक घुसपैठिए को बाहर निकालने के लिए देशभर में एनआरसी लाएंगे। हम ममता बनर्जी की तरह घुसपैठियों को वोट बैंक की तरह इस्तेमाल नहीं करते। हमारे लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि देश के हर एक हिन्दू एंव बौद्ध शरणार्थी को नागरिकता मिले। बनर्जी लगातार यह दावा करती रही हैं कि एनआरसी भारतीय नागरिकों को भी शरणार्थी बना देगा। एनआरसी उस समय विवादों में घिर गया था, जब पिछले साल जारी किए गए पूर्ण मसौदे से असम में दशकों से रह रहे लगभग 40 लाख लोगों के नाम गायब थे। (भाषा)

चुनाव प्रचार अभियान के सिरमौर बने..

पक्ष में मोड़ने की कोशिश की। इतना ही नहीं उन्होंने राज्य में द्वितीय और तृतीय चरण में होने वाले चुनाव के लिए नामांकन के समय मौके पर उपस्थित होकर भाजपा गठबंधन के उम्मीदवारों का नैतिक समर्थन भी किया। राज्य में प्रथम चरण के लिए होने वाले मतदान का चुनाव प्रचार नौ अप्रैल की शाम थम गया तो डॉ. शर्मा द्वितीय चरण में होने वाले मतदान से संबंधी सीटों के चुनाव प्रचार में लग गए। पिछले दो दिनों में वे नलबाड़ी और नगांव में लंबी पदयात्राएं कर चुके हैं। साथ ही कई जनसभाओं को भी संबोधित किया है। गुरुवार को उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में भाग लिया। बताते चलें कि द्वितीय चरण में 18 अप्रैल को मंगलदै, नगांव, सिलचर, करीमगंज और डिफू में चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में द्वितीय चरण के चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित कराने के लिए हिमंत ने अपनी पूरी ताकत झोक दी है। इसके पूर्व संबंधित क्षेत्रों में मुख्यमंत्री सर्वानंद सोनोवाल सहित भाजपा के अन्य कई वक्ता चुनाव प्रचार कर चुके हैं, परंतु नगांव और मगलदै संसदीय सीट पर हिमंत के प्रचार अभियान से यकायक गरमाहट आ गयी है, जबकि इसके पूर्व इन दोनों सीटों पर प्रचार के मामले कांग्रेस आगे मानी जा रही थी। तेजपुर संसदीय चुनाव के प्रचार के दौरान भाजपा उम्मीदवार पल्लवलोचन दास की ओर से कांग्रेस उम्मीदवार एमजीवीके भानु को बूढ़ा बैल और चालानी माछ कहे जाने पर उनकी काफी आलोचना हुई थी। दूसरी ओर यहां के वर्तमान सांसद आरपी शर्मा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से खुद का टिकट कटने के लिए हिमंत को दोषी ठहराया था। बावजूद इसके हिमंत पल्लव के समर्थन में धुआंधार प्रचार अभियान चलाया। हिमंत की खासियत है कि जो उनके साथ हैं, वे उनका सदैव साथ देते हैं। उन्हें पार्टी और सरकार में समुचित स्थान दिलाने की पूरी कोशिश करते हैं। जब वे कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए थे तो 10 विधायकों ने उनके साथ थे, जिनमें कइयों को उन्होंने विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा का टिकट दिलवाया और उन्हें जीत दिलवाने में भी उनकी मदद की। किसी कारणवश जिन्हें टिकट नहीं मिला, उन्हें उन्होंने पार्टी और सरकार के विभिन्न विभागों में चेयरमेन वगैरह का पद दिलवाया। दिसपुर की राजनीति में दादा बिग्रेड शब्द खूब चल रहा है। इसका सीधे मतलब हिमंत और उनके सहयोगियों से है। अंग्रेजी साहित्य के मूर्धन्य साहित्यकार शेक्सपीयर के नाटक जुलियस सीजर के पात्र एंटोनी की पात्रता को खुद में समेटे हिमंत ने बीते विधानसभा चुनाव में भी भाजपा के लिए चुनाव प्रचार की कमान संभाली थी और उन्हें 2011 के विधानसभा चुनाव में पांच सीटें पाने वाली भाजपा को 60 सीटों तक पहुंचा दिया। साथ ही भाजपा गठबंधन की सीटें 80 से भी ज्यादा थीं। जब वे कांग्रेस में थे तो भी गोगोई मंत्रिमंडल के सबसे सक्रिय और शक्तिशाली मंत्री के रूप में उनकी चर्चा होती है। सोनोवाल मंत्रीमंडल में भी उनका कद दूसरे शक्तिशाली मंत्री के रूप में है। ऐसे में कुला मिलाकर कहा जा सकता है कि हिमंत इस बार भी भाजपा के उम्मीदवारों को जिताने के लिए काफी मेहनत रहे हैं, परंतु मेहनत कितना रंग लाएगी, इसकी वास्तविकता जानने के लिए हमें 23 मई को होने वाली मतगणना का भी इंतजार करना चाहिए।

सोनोवाल का दावा, मोदी फिर बनेंगे..

अपना वोट डालने के बाद दिया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने असम में विकास के नए युग की शुरुआत की है। मुझे यकीन है कि 2019के लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत होगी। आपको बता दें कि असम में तीन चरणों में लोकसभा चुनाव संपन्न होंगे। पहले चरण में बृहस्पतिवार को राज्य की पांच लोकसभा सीटों के लिए वोट डाले गए। जिन सीटों के लिए मतदान हुआ उनमें तेजपुर, जोरहाट, डिब्रूगढ़ और लखीमपुर और कलियाबर शामिल है। इन सीटों पर मुकाबला मुख्य पार्टियां बीजेपी, कांग्रेस और एआईयूडीएफ बीच हैं। असम में लोकसभा की कुल 14 सीटें हैं। पिछले चुनाव में भाजपा ने सात सीटों पर जीत दर्ज की थी जबकि कांग्रेस और एआईयूडीएफ के खाते में 3-3सीटें आई थी। 23 मई 2019 को चुनावों के परिणाम घोषित किए जाएंगे। (प्रहरी डेस्क)

असम सरकार बांट रही गाय, चुनाव..

की गई है और आचार संहिता के दौरान किसी भी योजना को लांच करने से पहले चुनाव आयोग की मंजूरी जरूरी होती है। आज असम की पांच लोकसभा सीटों पर वोट डाले जा रहे हैं। असम के मुख्य चुनाव अधिकारी मुकेश साहू से जब सरकार की इस योजना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। असम के डेरी विकास निदेशालय ने पशुपालन विभाग के साथ मिलकर अब तक करीब 322 गाय वितरित की हैं। इस योजना के लिए फंड मुख्यमंत्री समग्र ग्राम उन्नयन योजना से जारी किया गया है। राज्य के चुनाव अधिकारी को भले ही इस बारे में जानकारी ना हो, लेकिन अधिकारियों का दावा है कि उन्होंने राज्य चुनाव अधिकारी की मंजूरी से ही इस योजना को लागू किया है। हालांकि अधिकारियों के मुताबिक, यह राज्य चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र के बाहर का मामला है क्योंकि उसके अधिकार क्षेत्र में सिर्फ पंचायत और स्थानीय निकायों के चुनाव आते हैं और लोकसभा या विधानसभा चुनाव की आचार संहिता केंद्रीय चुनाव आयोग लागू करता है। अधिकारियों ने बताया कि गायों के वितरण की इस योजना को पिछले साल आचार संहिता लगने से बहुत पहले जुलाई में ही मंजूरी मिल गई थी। (एजेंसियां)

ऑयल पाइपलाइन से बम बरामद, सेना ने..

है। मथला चाय बागान के बीच स्थित मथला तिनाली के पास एक नाली में ऑयल इंडिया के तेल पाइप लाइन में यह बम लगाया गया था। स्थानीय लोगों ने देखा कि पेड़ के पत्ते से कोई चीज ढंकी हुई है। संदेह होने पर लोगों ने इसकी सूचना ग्रामरक्षी वाहिनी को दी। ग्रामरक्षी वाहिनी की ओर से स्थानीय लंकासी पुलिस को दी गई सूचना के आधार पर तिनसुकिया पुलिस तथा सेना ने घटनास्थल पर पहुंचकर वहां बम होने की पुष्टि की। उधर दोपहर लगभग 12 बजे दिनजान स्थित सेना के छावनी से हेलिकॉप्टर द्वारा बम विशेषज्ञ की एक टीम ने घटनास्थल पर पहुंच कर बम को सुरक्षित विस्फोट करा दिया। यह बम किसी उग्रवादी संगठन ने लगाया था या कोई शरारती तत्व का कार्य हो सकता है, इसकी पुष्टि समाचार लिखे जाने तक नहीं हो पाई थी। (निसं)

मोदी फुसबुक पर दुनिया के सबसे..

फेसबुक अकाउंट पंसद किया है जबकि एक करोड़ 37 लाख लोगों ने उनके संस्थागत फेसबुक अकाउंट 'प्राइममिनिस्टर ऑफ इंडिया' को लाइक किया। फेसबुक के सर्वे में अमरीकी श्री ट्रम्प दूसरे स्थान पर रहे हैं और दो करोड़ 30 लाख लोगों ने उनके निजी फेसबुक अकाउंट को पसंद किया है जबकि तीसरे स्थान पर रही जॉर्डन की रानी रानिया के फेसबुक अकाउंट को एक करोड़ 69 लाख लोगों ने पसंद किया है। एक जनवरी 2019 को ब्राजील के राष्ट्रपति का पद संभालने वाले जैर बोलसोनारो की रैंकिंग में भी उछाल आया है और वह गत 12 महीनों के दौरान दुनियाभर के नेताओं से आगे रहे हैं। फेसबुक पर उनके 14.5 करोड़ दोस्त हैं, जो श्री ट्रम्प के आठ करोड़ चार लाख फेसबुक दोस्त के मुकाबले लगभग दोगुनी संख्या है। यह सर्वे वैश्विक संचार एजेंसी बर्सन कोहन एंड वोल्फ (बीसीडब्ल्यू) द्वारा शुरू की गई 'टि्वप्लोनमेसी सीरीज' का हिस्सा है। एजेंसी ने 2017 में राष्ट्रीय एवं सरकारी प्रमुखों तथा 50 से अधिक विदेश मंत्रियों के 962 फेसबुक के 'क्राउडटंगल टूल' की गतिविधियों पर डाटा जारी करने की शुरुआत की थी। एजेंसी के अध्यन के अनुसार केन्या के उहुरू केन्याटा 36 लाख लाइक्स के साथ उप-सहारा अफ्रीका में सबसे लोकप्रिय बने हैं। उन्होंने यह उपलब्धि घाना के राष्ट्रपति नाना अकुफो-एडो से को पछाड़ कर हासिल की है, जिनके फेसबुक पर 16 लाख लोग फालोवर्स हैं। (वार्ता)

एपीएससी घोटाले के आरोपी राकेश गुप्ता..

सभी सरकारी अधिकारियों के खिलाफ जांच व गिरफ्तारी शुरू करने से पहले ही राकेश गुप्ता फरार था, जिसने आज आत्मसमर्पण कर दिया। जानकारी के अनुसार राकेश गुप्ता धन के बल पर नौकरी प्राप्त की थी, उस पर आरोप है कि उसने एपीएससी के तत्कालीन चेयरमेन को रिश्वत देकर नौकरी प्राप्त की थी। उसे डीएसपी के रूप में नियुक्ति दी गयी थी।

रिपुन ने वोट दिया कांग्रेस को..

के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) से की। दूसरी ओर राज्य के वित्त व स्वास्थ्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्वशर्मा ने चुनाव की पूर्व संध्या पर एक न्यूज चैनल को साक्षात्कार दिया, जिसका लाइव प्रसारण दिखा गया। इस मौके पर उन्होंने वे सारी बातें कहीं, जिनसे प्रथम चरण के मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश की। प्रदेश कांग्रेस ने इसकी भी शिकायत चुनाव आयोग से की, परंतु आयोग ने भाजपा और इसके नेताओं के खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं की। इससे स्पष्ट हो जाता है कि चुनाव आयोग स्वतंत्र और निष्पक्ष भूमिका निभाने में असफल है। ऐसे में उसकी विश्वसनीयता संदिग्ध हो गयी है। उन्होंने कहा कि आज राज्य में प्रथम चरण का चुनाव था। बावजूद इसके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कमलपुर में अपना चुनाव प्रचार अभियान चलाकर प्रथम चरण के मतदाताओं को प्रभावित करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि चुनाव आचार संहिता के खिलाफ जाकर प्रधानमंत्री की ओर से मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश हो रही है। ऐसे में भाजपा के अन्य नेता कैसे पीछे रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसकी भी शिकायत चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव अधिकारी (सीइओ) से की गयी, परंतु आयोग इस शिकायत पर विचार करेगा, इसकी कम संभावना है। उन्होंने कहा कि मेरे अपने विधानसभा क्षेत्र गोहपुर, कलियाबर और अन्य कई स्थानों से सूचना मिली है कि वोट किसी भी पार्टी को देने की स्थिति वह क्रमश: भाजपा या अगप के चुनाव चिंह पर पड़ रहा था। उन्होंने कहा कि मैंने भी जो वोट दिया, वह कमल चिंह पर जा पड़ा। ऐसे में मैंने शिकायत की तो चुनाव आयोग के वरीय अधिकारी ने ईवीएम की जांच पड़ताल कर उसे बदला तब सही ढ़ंग से वोट पड़ना शुरू हुआ। बोरा ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस और पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी के संबंध में कई आपतिजनक बातें कही। साथ ही उन्होंने राज्य में घुसपैठ के लिए पूर्व की कांग्रेस सरकार को जिम्मेवार ठहराया, जबकि सच्चाई तो यह है कि मनमोहन सरकार ने भारी संख्या में विदेशियों की पहचान कर बांग्लादेश वापस भेज दिया था, जबकि मोदी सरकार के दौरान पांच सालों में बहुत ही कम लोग वापस भेजे गए। उन्होंने कहा कि मोदी ने राज्य के छह समुदायों के जनजातिकरण का वादा किया था, परंतु उस वादे को पूरा नहीं कर सकी और एक बार फिर उस वादे को दोहरा रही है।

लखीमपुर : वोटरों की कतार में चला चाकू

लखीमपुर। लखीमपुर शहर के बांटो गांव स्थित सुमदरी एलपी स्कूल में चल रहे लोकसभा चुनाव की कतार में खड़ी अंजुमा बेगम पर नुकीला अस्त्र से हमला किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 नंबर लखीमपुर लोकसभा चुनाव में अपना मतदान करने आई लखीमपुर के पश्चिम चांदमारी के 14 नंबर वार्ड निवासी अंजुमा बेगम (25) पर उसके पहले पति मोहम्मद नबीर हुसैन (30) ने नुकीले अस्त्र से जानलेवा हमला किया, जिसको उपस्थित लोगों के सहयोग से पुलिस ने दबोच कर सलाखों के पीछे भेज दिया। उल्लेखनीय है कि अंजुमा बेगम कि उसके पहले पति मोहम्मद नबीर हुसैन के साथ विगत कुछ वर्षों से अनबन चल रही थी जिसके कारण अंजुमा बेगम ने अपने पड़ोसी मोजू अली के साथ दूसरा विवाह कर लिया था तथा अंजुमा बेगम के पहले पति मोहम्मद नबीर हुसैन ने भी दूसरा विवाह कर लिया था। गिरफ्तार मोहम्मद नबीर हुसैन ने संवाददाताओं को बताया कि अंजुमा बेगम के दूसरे पति मौजू अली के परिवार वालों ने उसके ऊपर झूठा बलात्कार का मुकदमा किया था जिसके कारण वह 3 महीने तक कारावास की सजा भी काट चुका है। इस संबंध में कल मोहम्मद नबीर हुसैन और मोजू अली के परिवार के साथ तू -तू मैं -मैं हुई थी जिसके कारण अंजुमा बेगम के पहले पति मोहम्मद नबीर हुसैन ने अंजुमा बेगम पर आज सुबह लगभग 10.30 बजे नुकीले अस्त्र से जानलेवा हमला कर दिया। घायल अंजुमा बेगम को लखीमपुर के सरकारी चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया है।

कोलकाता का सामना आज दिल्ली से

कोलकाता। विस्फोटक आंद्रे रसेल की लंबे शॉट खेलने की काबिलियत और कैगिसो रबाडा की सटीक यॉर्कर के बीच शुक्रवार को यहां कोलकाता नाइटराइडर्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होने वाले आईपीएल मैच में फिर से रोचक जंग देखने को मिल सकती है। लेकिन मैच से इतर केकेआर और भारत के पूर्व कप्तान सौरभ गांगुली भी आकर्षण का केंद्र होंगे। यह देखने में सभी की दिलचस्पी रहेगी कि बंगाल क्रिकेट संघ का अध्यक्ष मैच के दौरान कहां बैठता है। गांगुली अपने घरेलू मैदान ईडन गार्डन्स पर मेहमान होंगे, क्योंकि अभी वह दिल्ली टीम के सलाहकार है, जिसके कारण उन पर हितों के टकराव के आरोप भी लगे। आईपीएल तालिका में छह मैचों में आठ अंक लेकर दूसरे स्थान पर काबिज केकेआर की तरफ से अभी तक का सत्र रसेल के नाम रहा है जिन्होंने पांच पारियों में 257 रन बनाए हैं। इनमें से 150 रन उन्होंने केवल छक्कों से बनाए हैं। उनका औसत 128.50 और स्ट्राइक रेट 212.39 है। इससे विरोधी टीमों को समझ में नहीं आ रहा है कि उन्हें कैसे रोका जाए। चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने पिछले मैच में उनके खिलाफ स्पिनरों का प्रभावी उपयोग किया। केकेआर ने चेन्नई में खेला गया यह मैच सात विकेट से गंवाया था। केकेआर को इस सत्र में अपनी पहली हार दिल्ली कैपिटल्स के हाथों मिली थी। दिल्ली ने सुपरओवर में जीत दर्ज की थी तथा रसेल के खिलाफ जंग में रबाडा ने बाजी मारी थी। रबाडा को सुपर ओवर में 11 रन बचाने थे। रसेल ने उनकी पहली गेंद पर चौका लगाया, लेकिन रबाडा ने अपनी सटीक यॉर्कर पर उन्हें बोल्ड कर दिया जिसे गांगुली ने 'टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ गेंद करार दिया था। केकेआर अब उस हार का बदला चुकता करने के लिए आतुर है, जबकि दिल्ली फिर से जीत दर्ज करके शीर्ष पांच में जगह बनाने की कोशिश करेगा। उसके अभी छह मैचों में छह अंक हैं। केकेआर के प्रशंसक रसेल से एक और धमाकेदार पारी की उम्मीद कर रहे होंगे लेकिन पिच भी मैच में अहम भूमिका निभा सकती है। दिल्ली कैपिटल्स के पास विश्वस्तरीय तेज गेंदबाज हैं और कैब के कुछ लोगों का मानना है कि गांगुली पिच के बारे में अपनी राय रख सकते हैं जो कि तेज गेंदबाजों के अनुकूल हो। गांगुली ने इन आरोपों पर कहा कि आप को पिच की प्रकृति के बारे में मैच के दिन ही पता चलेगा। पिच कैसी भी हो जो टीम अच्छी खेलेगी वह जीत दर्ज करेगी। (भाषा)

गांगुली की दो भूमिकाओं से कोई परेशानी नहीं : मैसूर

कोलकाता। सौरभ गांगुली की बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) अध्यक्ष और दिल्ली कैपिटल्स के सलाहकार के रूप में दो भूमिकाएं निभाने के लिए भले ही आलोचना हो रही हो, लेकिन कोलकाता नाइटराइडर्स के सीईओ वेंकी मैसूर ने कहा कि टीम को इससे कोई परेशानी नहीं है। (भाषा)

जोगीरा सर्र र र

लाल बत्ती हटाने का जिक्र...नोटबंदी पर भी बोल लेते!!!?

आईपीएल में आज

VIVO IPL 2019

दिल्ली कैपिटल्स
बनाम
कोलकाता नाइट राइडर्स
समय : रात-8 से

सिंधु, सायना, श्रीकांत और समीर क्वार्टर फाइनल में

सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट

सिंगापुर। चौथी सीड पीवी सिंधु, छठी सीड सायना नेहवाल, छठी सीड किदाम्बी श्रीकांत और समीर वर्मा ने बृहस्पतिवार को अपने-अपने मुकाबले जीतकर सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि क्वालिफायर पारुपल्ली कश्यप और एच एस प्रणय दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गए। सिंधु ने दूसरे दौर में डेनमार्क की मिया ब्लीचफेल्ट को 40 मिनट में 21-13, 21-19 से पराजित किया। सिंधु पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन के दूसरे दौर में पराजित हो गई थीं लेकिन सिंगापुर ओपन में उन्होंने अंतिम आठ में जगह बना ली जहां उनका मुकाबला चीन की केई यानयान से होगा। पेट की परेशानी के कारण पिछले कुछ समय से कोर्ट से बाहर रहने वाली सायना ने दूसरे दौर में थाईलैंड की पोर्नपावी चोकूवांग को एक घंटे सात मिनट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 21-16, 18-21, 21-19 से शिकस्त दी। सायना के सामने अंतिम आठ में अपनी कट्टर प्रतिद्वंद्वी और दूसरी सीड जापान की नोजोमी ओकुहारा की कड़ी चुनौती होगी। इंडिया ओपन के फाइनलिस्ट श्रीकांत ने डेनमार्क के हेंस-क्रिस्टियन विटिंगुस को दूसरे दौर में 37 मिनट में 21-12, 23-21 से हराया। श्रीकांत सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए शीर्ष वरीय जापान के केंतो मोमोता से भिड़ेंगे जिन्होंने भारत के एच एस प्रणय को 37 मिनट में 21-11, 21-11 से हराया। श्रीकांत ने मोमोता से अपने पिछले आठ मुकाबले लगातार गंवाए हैं। श्रीकांत ने मोमोता को आखिरी बार 2015 में इंडिया ओपन में हराया था। समीर वर्मा ने चीन के लू गुआंगजू को 44 मिनट में 21-15, 21-18 से हराकर अंतिम आठ में जगह बना ली जहां उनका मुकाबला दूसरी सीड ताइपे के चोउ तिएन चेन से होगा। विश्व रैंकिंग में 16वें नंबर के खिलाड़ी समीर चौथी रैंकिंग के चेन से दूसरी बार भिड़ेंगे। समीर पिछले साल एशियाई चैंपियनशिप में चेन से हारे थे। मिश्रित युगल में प्रणव जैरी चोपड़ा और एन सिक्की रेड्डी ने पांचवीं सीड हांगकांग की जोड़ी तांग चुन मान और से यिंग सुएत को 50 मिनट में 21-17, 6-21 21-19 से पराजित किया। महिला युगल में पूजा डांडा और संजना संतोष को राउंड-16 में हार का सामना करना पड़ा। (वार्ता)

भारतीय महिला हॉकी टीम ने 4-0 से जीती सीरीज

कुआलालंपुर। नवजोत कौर के शानदार गोल से भारत ने मलेशिया को पांचवें और अंतिम मैच में बृहस्पतिवार को 1-0 से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 4-0 से जीत ली। भारत ने पहले दो मैच 3-0 और 5-0 से आसानी से जीतने के बाद तीसरा मैच 4-4 से ड्रॉ खेला था। चौथे मैच में भारत ने 1-0 से और पांचवें मैच में भी 1-0 से जीत हासिल की। पांचवें मैच का एकमात्र मैच विजयी गोल नवजोत कौर ने 35वें मिनट में किया और इस बढ़त को अंत तक कायम रखा। भारतीय महिला टीम शुक्रवार को स्वदेश लौटेगी। (वार्ता)

कुआलालंपुर : मलेशिया के खिलाफ गोल दागने के बाद खुशी का इजहार करतीं भारतीय महिला हॉकी खिलाड़ी

पेशेवर नियुक्त करेगा कुश्ती महासंघ

नई दिल्ली। 2020 के तोक्यो ओलंपिक में बेहतर प्रदर्शन करने के उद्देश्य के साथ पहलवानों को प्रभावशाली प्रशिक्षण देने की दिशा में भारतीय कुश्ती महासंघ ने बड़ा कदम उठाते हुए पेशेवरों की नियुक्ति करने का फैसला किया है। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने सभी वर्गों पुरुष फ्रीस्टाइल, ग्रीको रोमन और महिला टीम में खेलने वाली राष्ट्रीय टीमों के लिए पेशेवर सपोर्ट स्टाफ नियुक्त करने का फैसला किया है। डब्ल्यूएफआई ने इसके लिए आवेदन मांगे हैं। महासंघ की ओर से फिजियो, मालिशिये, न्यूट्रीशियन तथा डाइटिशियन, मेंटल कंडीशनिंग प्रशिक्षकों के लिए आवेदन मांगे हैं। साथ ही राष्ट्रीय टीमों (सभी वर्ग) के लिए प्रोफेशनल मैनेजर की भी नियुक्ति की जाएगी जिसके लिए आवेदन मांगे गए हैं। अपने साझेदारों टाटा मोटर्स तथा स्पोर्टी साल्यूशंस से गठजोड़ के साथ डब्ल्यूएफआई पहले ही देश के सभी आयु वर्ग में सभी प्रमुख पहलवानों को वार्षिक अनुबंध देने वाला देश का पहला ओलंपिक महासंघ बन गया था।

पोलार्ड ने पत्नी को दिया शानदार बर्थडे गिफ्ट

मुंबई। किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में तूफानी पारी खेलने वाले मुंबई इंडियंस के कार्यवाहक कप्तान कीरोन पोलार्ड ने अपनी पत्नी को मैच विजयी पारी का बर्थडे गिफ्ट दिया है। कल हुए इस मुकाबले में 31 गेंदों पर 10 छक्के और तीन चौकों की मदद से ताबड़तोड़ 83 रन बनाने के बाद पोलार्ड ने कहा कि मैं भगवान का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं जिन्होंने मुझे वह करने की हिम्मत दी जो मैं करता हूं। मैं अपनी पत्नी को भी शुक्रिया करना चाहता हूं। उनका आज जन्मदिन है और मैं यह पारी उन्हें समर्पित करता हूं। मुझे वानखेड़े में बल्लेबाजी करना पंसद है, इसलिए मैं ऊपरी क्रम पर खेलने गया। हमारी योजना रविचद्रंन अश्विन पर शॉटस लगाने की थी क्योंकि स्पिनर्स को पिच से ज्यादा मदद नहीं मिल रही थी। दुर्भाग्यवश ऐसा नहीं हो सका लेकिन मैं शांत रहा। यह पिच गेंदबाजी करने के लिए मुश्किल थी और बल्लेबाजी करने के लिए आसान। (वार्ता)

क्षेत्ररक्षण बेहतर होता तो हम जीत जाते : अश्विन

मुंबई। मुंबई के वानखेड़े मैदान पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ आखिरी गेंद पर हार का सामना करने से निराश किंग्स इलेवन पंजाब के कप्तान रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि यदि टीम ने क्षेत्ररक्षण में ओर अधिक मेहनत की होती तो शायद मुकाबले का नतीजा उनके पक्ष में होता। अश्विन ने कहा कि हमने क्षेत्ररक्षण में भी कुछ गलतियां की। अगर हमने अधिक मुस्तैदी से क्षेत्ररक्षण किया होता तो शायद परिणाम हमारे पक्ष में भी हो सकता था। इस स्कोर का बचाव किया जा सकता था। उन्होंने कहा कि इस मैदान पर स्कोर का बचाव करना बेहद मुश्किल है। हम 12वें ओवर तक अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे, लेकिन उसके बाद हमने थोड़ी लय खो दी जबकि उस समय अच्छी बल्लेबाजी करना बेहद महत्वपूर्ण था। आखिरी ओवर डालने वाले अंकित राजपूत के लिए अश्विन ने कहा कि अंकित राजपूत को पहले ही ओवर में उंगली पर चोट लग गई थी लेकिन अच्छा रहा कि उन्होंने पावरप्ले में तीन ओवर डाले। मोहम्मद शमी ने शानदार गेंदबाजी की और हमने मध्य ओवरों में अच्छी गेंदबाजी की। सैम करेन के लिए अश्विन ने कहा कि करेन दवाब में थे और जब मैदान पर ओस हो तब गेंद फेंकने में अक्सर परेशानी आती है और आप यॉर्कर से चूक जाते हैं और सैम के साथ ऐसा ही हुआ। लेकिन मुझे लगता है कि सैम अनुभव के साथ और बेहतर हो जाएंगे। पंजाब से मैच छीनने वाले कीरोन पोलार्ड के लिए अश्विन ने कहा कि पोलार्ड ने कमाल की बल्लेबाजी की और हमसे जीत छीन ली। अपनी टीम के शतकधारी लोकेश राहुल के लिए अश्विन ने कहा कि लोकेश राहुल ने पूरी पारी में शानदार बल्लेबाजी की लेकिन हमें अपनी योजनाओं को लागू करने में और स्मार्ट होना होगा। उन्होंने बताया कि क्रिस गेल की कमर में खिंचाव आ गया है और उनकी फिटनेस पर लगातार नजर रखी जाएगी। (वार्ता)

टर्न लेती गेंद रसेल की कमजोरी : कुलदीप

कोलकाता। भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव का मानना है कि आंद्रे रसेल ने टर्न लेती गेंदों के सामने अपनी कमजोरी के संकेत दिए हैं और कहा कि विश्व कप में वेस्टइंडीज के इस विस्फोटक बल्लेबाज को कुंद करने के लिए उनके पास पर्याप्त अस्त्र हैं। रसेल ने कोलकाता नाइटराइडर्स की तरफ से आईपीएल में अब तक बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उन्होंने केवल 121 गेंदों पर 257 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 212.39 है। लेकिन केकेआर के उनके साथी कुलदीप ने कहा कि उन्होंने रसेल की कमजोरी ढूंढ ली है जिसका वह 30 मई से 14 जुलाई के बीच होने वाले विश्व कप के दौरान फायदा उठाना चाहते हैं। कुलदीप ने साक्षात्कार में कहा कि उसे टर्न लेती गेंदों का सामना करने में कुछ परेशानी होती है। अगर गेंद टर्न ले रही हो तो यह उसकी कमजोरी है। केवल यही नहीं, मैंने विश्व कप में उसके लिए अलग-अलग तरह की योजनाएं बनायी हैं। मैं जानता हूं कि उसे कैसे रोकना है और इस बारे में मेरी सोच स्पष्ट है। वह रसेल के साथ एक ही ड्रेसिंग रूम में रहते हैं, लेकिन कुलदीप ने स्वीकार किया कि वह नेट्स पर कभी रसेल के लिए गेंदबाजी नहीं करते। उन्होंने कहा कि वह स्पिनरों के सामने कोई मौका नहीं चूकता। वह तेज गेंदबाजों के लिए आतंक है। और मैं उसके लिए कभी नेट्स पर गेंदबाजी नहीं करता। जब आपकी गेंदों पर लगातार दो छक्के लगते हैं तो आप दबाव में आ जाते हैं। कुलदीप ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि आप कैसे वापसी करते हैं। बल्लेबाज को आउट करने के लिए केवल एक गेंद की जरूरत पड़ती है। आप इससे किसी खिलाड़ी के खेल के स्वभाव का आकलन कर सकते हैं। कुलदीप ने अभी तक छह मैचों में केवल तीन विकेट लिए हैं, लेकिन भारत के इस चाइनामैन गेंदबाज ने कहा कि वह अपने प्रदर्शन से खुश हैं और वह परिपक्व क्रिकेटर बन गए हैं। मैं विकेट नहीं ले रहा हूं इसका मतलब यह नहीं है कि मैं अच्छी गेंदबाजी नहीं कर रहा हूं। अब मैं एक परिपक्व क्रिकेटर की तरह खेल रहा हूं और मैं टीम के बारे में अधिक सोचता हूं। भले ही मैं विकेट नहीं ले रहा हूं, लेकिन इकोनोमी रेट अच्छा है।

कोलकाता के सितारों को जल्दी निपटाएंगे : पोंटिंग

कोलकाता। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा है कि उनकी टीम आईपीएल मुकाबले में कोलकाता के स्टार खिलाड़ियों को सस्ते में आउट करने की कोशिश करेगी। पोंटिंग ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ ईडन गार्डन में होने वाले मुकाबले की पूर्वसंध्या पर कहा कि उनकी टीम सकारात्मक सोच के साथ आगामी मैचों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तैयार है और उसने कोलकाता के स्टार खिलाड़ियों को जल्द निपटाने के लिए रणनीति तैयार कर ली है। इससे पहले दिल्ली और कोलकाता के बीच दिल्ली में हुए मुकाबले में दिल्ली ने सुपर ओवर में जीत हासिल की थी जिसे लेकर पोंटिंग ने कहा कि यह जीत कल होने वाले मैच मे टीम को फायदा देगी। (वार्ता)

गुवाहाटी : मैन ऑफ द मैच विजेता कामरूप के खिलाड़ी मुकुट कलिता को ट्रॉफी देते वेटरन क्रिकेट संस्था के महासचिव नासिर गुल खान। कामरूप ने गुवाहाटी को 45 रन से हराया

पैरालंपिक की पदक विजेता दीपा को सर एडमंड हिलेरी फेलोशिप

नई दिल्ली। रियो पैराओलंपिक की रजत पदक विजेता दीपा मलिक को बृहस्पतिवार को उनकी 'प्रेरणादायी उपलब्धि' के लिए न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री की तरफ से सर एडमंड हिलेरी फैलोशिप 2019 के लिए चुना गया। रियो पैराओलंपिक 2016 में गोला फेंक की एफ53 स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाली 48 वर्षीय दीपा भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेल, सांस्कृतिक और लोगों के बीच आपसी संबंध प्रगाढ़ करने के लिए काम करेंगी। न्यूजीलैंड उच्चायोग ने विज्ञप्ति में कहा कि हमें यह घोषणा करते हुए अपार खुशी हो रही है कि 2019 के लिए न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री की तरफ से सर एडमंड हिलेरी फेलोशिप से भारतीय पैरालंपिक एथलीट दीपा मलिक को सम्मानित किया गया है। प्रधानमंत्री जेसिंडा ऑर्डर्न द्वारा दी गई इस फैलोशिप का उद्देश्य भारत और न्यूजीलैंड के बीच संबंधों को मजबूत करना है। दीपा न्यूजीलैंड दौरे पर जाकर प्रधानमंत्री जेसिंडा ऑर्डर्न से मिलेंगी तथा न्यूजीलैंड के एथलीटों, विद्यार्थियों और मीडिया के अलावा भारतीय समुदाय के लोगों से भी मिलेगी। दीपा 2016 में पैरालंपिक खेलों में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनी थी। वह लगातार तीन एशियाई पैरा खेलों 2010, 2014 और 2018 में पदक जीतने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी है। वह पदमश्री और अर्जुन पुरस्कार विजेता भी हैं। (भाषा)

सुपर कप फाइनल में भिड़ेंगे चेन्नईयन और गोवा

भुवनेश्वर। चेन्नईयन एफसी ने दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी एटलेटिको डी कोलकाता (एटीके) को 2-0 से हराकर हीरो सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया जहां खिताब के लिए उसका सामना गोवा से होगा। कलिंगा स्टेडियम में बुधवार रात खेले गए हाई वोल्टेज सेमीफइनल मुकाबले में दोनों टीमें हाफ टाइम तक एक भी गोल करने में कामयाब नहीं हो सकी। लेकिन दूसरे हाफ के 50वें मिनट में चेन्नईयन के सीके विनीत ने मुकाबले का पहला गोल ठोक टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी। इसके आठ मिनट बाद 58वें मिनट में चेन्नईयन के अनिरुद्ध थापा ने गोल दाग कर टीम को 2-0 की मजबूत स्थिति में ला खड़ा किया। मुकाबले में वापसी करने के लिए कोलकाता के मुख्य कोच स्टीव कोपेल ने आखिरी 20 मिनट में दो बदलाव किए लेकिन चेन्नईयन के मजबूत डिफेंस ने उन्हें एक भी गोल करने का मौका नहीं दिया। मुकाबले को 2-0 से जीतने के बाद चेन्नईयन के मुख्य कोच जॉन ग्रेगरी ने कहा कि सुपर कप के अब तक के सीजन में यह टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। खिताब के साथ सीजन को अंत करने का हमारे पास सुनहरा मौका है। थापा को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। चेन्नईयन फाइनल मुकाबले में खिताब के लिए गोवा से भिड़ेगी जिसने आई लीग विजेता चेन्नई सिटी एफसी को पहले सेमीफाइनल मुकाबले में 3-0 से करारी शिकस्त दी थी। चेन्नईयन और गोवा के बीच फाइनल मुकाबला 13 अप्रैल को खेला जाएगा। (वार्ता)